दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, मंगलवार, 27 मई 2025 कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 104 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

भारतीय सांसदों के सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल की विदेश यात्रा की खिल्ली उड़ाने वाले नॉटी बॉय संजय राउत सहित अन्य विपक्षी नेताओं की अब बोलती बंद हो गई है। भारतीय सांसदों ने पाकिस्तान की बखियां उधेड़ कर रख दी हैं। इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल भाजपा सांसदों से ज्यादा मुखर तो विपक्षी सांसद हैं। शशि थरूर, सलमान खुर्शीद, असदुद्दीन ओवैसी, कनिमोझी दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जिस बेबाकी से भारत का पक्ष रख रहे हैं और पाकिस्तान को बेनकाब कर रहे हैं उससे भारत को विश्व समुदाय का समर्थन मिलना तय है। इसे कहते हैं दिल से देश के साथ खड़ा होना।

देश के सबसे उन्नत ट्रांसफॉर्मर अब बनेंगे रायपुर में

■ **छत्तीसगढ़ से होगा अब पूरे देश को ट्रांसफॉर्मर सप्लाई**

रायपुर/नवप्रदेश। विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में छत्तीसगढ़ एक और बड़ी छलांग लगाने जा रहा है। देश की प्रतिष्ठित कंपनी करमवीर इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने रायपुर में अत्याधुनिक ट्रांसफॉर्मर निर्माण इकाई स्थापित करने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष प्रस्तुत किया। इस इकाई में 300 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा, जिससे छत्तीसगढ़ का नाम देश के सबसे बड़े ट्रांसफॉर्मर निर्माण केंद्रों में शामिल हो जाएगा। इस अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशक विवेक जैन ने मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ सदन, नई दिल्ली में मुलाकात की। बैठक में प्रस्तावित परियोजना की रूपरेखा, निवेश संभावनाएं और रोजगार सृजन के आयामों पर विस्तार से चर्चा हुई। जैन ने बताया कि यह यूनिट तकनीकी दृष्टि से देश की सबसे उन्नत ट्रांसफॉर्मर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रायपुर में जल्द स्थापित होगा देश का प्रमुख आईटी डेटा सेंटर

छत्तीसगढ़ देश के डिजिटल परिदृश्य में बड़ा कदम रखने जा रहा है। रायपुर में अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए टेक्नोलॉजी कंपनी ESDS Software Solution Ltd ने 600 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का प्रस्ताव मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री से नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में मुलाकात के दौरान कंपनी के चेयरमैन पीयूष सोमानी और उपाध्यक्ष लोकेश शर्मा ने कहा कि यह सेंटर न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे भारत के डिजिटल भविष्य को गति देगा। इस प्रस्ताव के माध्यम से छत्तीसगढ़ को एआई, क्लाउड टेक्नोलॉजी, साइबर सिक्योरिटी और डिजिटल स्टोरेज के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में ठोस पहल होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा, डिजिटल इंडिया की भावना को छत्तीसगढ़ में धरातल पर उतारने के लिए यह निवेश मील का पत्थर साबित होगा। सरकार हरसंभव सहायता देगी ताकि यह परियोजना जल्द से जल्द मूर्तरूप ले। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश के कई हिस्सों में पहुंचा मानसून

नयी दिल्ली (वार्ता) । दक्षिण-पश्चिम मानसून मुंबई, बेंगलुरु और पूर्वोत्तर राज्यों सहित देश के कई हिस्सों में सक्रिय हो गया है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को बताया कि मानसून मध्य अरब सागर, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है। इसके अलावा, त्रिपुरा, मणिपुर, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम में भी मानसून पहुंच गया है। असम और मेघालय के कुछ हिस्सों में भी सोमवार को मानसून की बारिश हुई। दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए स्थितियां अनुकूल बनी हुयी हैं और यह जल्द ही अरब सागर के मध्य भाग, महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में सक्रिय हो जायेगा।

निकुसोर डैन ने रोमानियाई राष्ट्रपति के रूप में ली शपथ

बुखारेस्ट (वार्ता)। निकुसोर डैन ने सोमवार को रोमानिया की संसद में शपथ ग्रहण समारोह के बाद रोमानिया के राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण किया। श्री डैन ने अपने उद्घाटन भाषण में कानून के शासन के अनुरूप मौलिक परिवर्तन÷ की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने नागरिकों से सुधार लाने के लिये राज्य संस्थानों पर सकारात्मक दबाव बनाये रखने का आह्वान किया और जनता की आवाज़ों के प्रति ग्रहणशील बने रहने का संकल्प लिया।

कांग्रेस ने गौरव गोगोई को सौंपी असम की कमान

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने लोकसभा में पार्टी के उपनेता गौरव गोगोई को असम प्रदेश कांग्रेस का नया अध्यक्ष नियुक्त कर उनके सहयोग के लिए तीन प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष भी नियुक्त किये हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इन नियुक्तियों को मंजूरी दी है और सभी पदाधिकारी को तत्काल काम शुरू करने के लिए कहा है।

सुको ने न्यायमूर्ति वर्मा की आरटीआई याचिका की खारिज

नयी दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास पर नकदी मिलने के आरोपों के मामले में की गई आंतरिक (इन-हाउस) जांच समिति की रिपोर्ट की प्रति राइट टू इनफार्मेशन (आरटीआई) अधिनियम के तहत देने से इनकार कर दिया है। शीर्ष अदालत ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता, आनुपातिकता परीक्षण, निजता के अधिकार का हनन और गोपनीयता के कर्तव्य का उल्लंघन आदि का हवाला देते हुए रिपोर्ट साझा करने से इनकार किया।

विक्रम मिस्री आज अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे

नयी दिल्ली (वार्ता)। विदेश सचिव विक्रम मिस्री मंगलवार से अमेरिका की तीन दिन की यात्रा पर वाशिंगटन जाएंगे।विदेश मंत्रालय ने आज यहां बताया कि विदेश सचिव मिस्री 27 से 29 मई तक वाशिंगटन का दौरा करेंगे, जहाँ वे अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलेंगे।

पीएम मोदी का पाकिस्तान को संदेश...

चैन की जिंदगी जियो, रोटी खाओ वरना मेरी गोली तो है ही : मोदी

दाहोद / भुज (ए.)। प्रधानमंत्री मोदी ने आज गुजरात का दौरा किया। उन्होंने कच्छ के भुज में रोड के बाद एक जनसभा को भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 53,400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने भारतीय सेना, भारत के ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ की और पाकिस्तान की कायराना हरकत को लेकर हमला बोला। पीएम मोदी ने पाकिस्तान के नागरिक और वहां के बच्चे, मोदी की बात कान खोलकर सुन लो। आपकी सरकार और सेना आतंकवाद को समर्थन दे रही है। आतंकवाद पाकिस्तान की सरकार और सेना के लिए पैसा कमाने का जरिया बन गई है। पाकिस्तान के युवकों और बच्चों को तय करना होगा, क्या ये रास्ता ठीक? क्या इससे उनका भला हो रहा है। सत्ता के लिए जो खेल खेले जा रहे हैं। क्या उससे पाकिस्तान के बच्चों की जिंदगी बनेगी?

पीएम मोदी ने दी 53 हजार करोड़ की सौगात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भुज में आयोजित विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान पीएम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सेना सक्षम और अनुशासित है

22 मई के बाद मैंने कभी छुपाया नहीं सीना तानकर बिहार की जनसभा में घोषणा की थी, कि मैं आतंकवाद के ठिकानों को मिट्टी में मिला दूंगा। हमने 15 दिन तक इंतजार किया, जब पाकिस्तान ने कुछ नहीं तो मैंने देश की सेना को खुली छूट दे दी। भारत के निशाने पर आतंकवादियों के ठिकाने थे। सैकड़ों किमी अंदर जाकर सटीक वार किया। ये साबित हुआ हमारी सेना कितनी सक्षम और कितनी अनुशासित है। हमने दुनिया को दिखाया आतंकवाद के अड्डे और ठिकानों को यहां बैठे-बैठे मिट्टी में मिला सकते है। भारत की कार्रवाई से पाकिस्तान कितना बौखला गया ये सबने देखा।

हमारी लड़ाई सीमापार पल रहे आतंकवाद से है

हमने आतंकियों के ठिकानों पर हमला किया था, पाकिस्तान ने हमारे निर्दोष नागरिकों पर हमले किए। उनके ड्रोन पलक झपकते ढेर हो गए, इसके बाद भारत ने दोगुनी ताकत से हमला किया। भारत ने उनके एयरबेस और सैन्य ठिकानों को तबाह कर दिया। पाकिस्तान का हमले का जवाब हमने इतनी ताकत से दिया कि उनके सारे एयरबेस आज भी आईसीयू में पड़े हैं। तब जाकर पाकिस्तान शरणागति के लिए मजबूर हुआ, पाकिस्तान को लगा वो बच नहीं सकता क्योंकि भारत ने रौद्र रूप दिखा दिया है। ये हमारी सेना का साहस था कि पाकिस्तान ने कुछ ही घंटों में सफेद झंडे दिखा दिए। हमारी लड़ाई सीमापार पल रहे आतंकवाद से है।

आपत्तियों को पलटा जा सकता है: पीएम मोदी

यहां पानी नहीं था, लेकिन यहां के किसान पानीदार थे। और कच्छ ने दिखा दिया है उम्मीद और अवसर से आपत्तियों को पलटा जा सकता है। जब भूकंप आया तो कच्छ मौत की चादर ओढ़कर सोया था। लेकिन मैंने विश्वास नहीं खोया। मुझे विश्वास था मेरा कच्छ इस संकट को परास्त करेगा और भूकंप को कंपा करके विकास की राह पर आएगा। मैं सभी कच्छवासियों को इन सभी विकास कार्यों के लिए ढेर सारी बधाई देता हूं।

कच्छ की फसलें दुनिया भर के बाजारों में पहुंच रही है

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा- हम अपनी जरूरत और दुनिया की जरूरत के लिए भारत में ही जहाज बनाएंगे। बीते दो-ढाई दशक में टेक्सटाइल, फूड प्रोसिसिंग समेत कई उद्योगों का विस्तार हुआ है। इस बार के बजट में केंद्र ने चमड़ा और कपड़ा के उद्योग के लिए कई घोषणाएं की है। मैं आप लोगों के परिश्रम को नमन करता हूं, गुजरात में पानी कई फीट नीचे पहुंच गया है। नर्मदा मां की कृपा और सरकार के प्रयासों से हालात बदल गए हैं। यहां की अनेक फसलें दुनिया भर के बाजारों में पहुंच रही है। एक समय था कच्छ पलायन के लिए मजबूर था।

मुंबई में बारिश का कहर

■ **अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन में भरा पानी, वर्ली जाने वाली सेवाएं बंद**

मुंबई (ए.)। महाराष्ट्र में मानसून की दस्तक के बाद मुंबई पानी-पानी हो गई है। लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित है। हालात यह हैं कि मुंबई में सड़कों पर जलभराव है। वहीं अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन में भी पानी भर गया है। इसके बाद मुंबई मेट्रो लाइन 3 पर आचार्य अत्रे चौक और वर्ली के बीच परिचालन स्थगित कर दिया गया। मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एमएमआरसी) ने कहा कि अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन आचार्य अत्रे चौक में पानी भरने के बाद सेवाओं का संचालन बंद किया गया है।

इसके अलावा मेट्रो स्टेशन में जलभराव होने के चलते 33 किमी लंबे कोलाबा-बीकेसी-आरेजेवीएलआर अंडरग्राउंड मेट्रो कॉरिडोर पर भूमिगत मेट्रो स्टेशन के निर्माण की गुणवत्ता और मानसून की तैयारियों को लेकर चिंताएं पैदा कर दी हैं। एमएमआरसी ने कहा कि अचानक तेज बारिश के कारण डॉ. एनी बेसेंट रोड पर आचार्य अत्रे चौक स्टेशन के निर्माणाधीन प्रवेश/निकास द्वार से जलभराव हो गया। यहां बनी आरसीसी दीवार अचानक पानी के प्रवेश के कारण ढह गई। एहतियाती उपाय के तौर पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए वर्ली और आचार्य अत्रे चौक के बीच ट्रेन सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई हैं। एक वायरल वीडियो में स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, टिकट काउंटर और आसपास के क्षेत्रों में जलभराव दिखाया गया है। वहीं एस्केलेटर पर बारिश का पानी रिसता हुआ दिखाई दे रहा है, जबकि स्टेशन के अंदर छत ढही हुई है और कुछ मशीनें बिखरी हुई दिखाई दे रही हैं। नौ मई को एमएमआरसी ने बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स और आचार्य अत्रे चौक स्टेशन के बीच भूमिगत मेट्रो सेवा को बढ़ाया था। मेट्रो लाइन 3 मुंबई की पहली भूमिगत मेट्रो लाइन है और वर्तमान में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पाक में आतंकवाद खुला व्यापार

■ **परमाणु युद्ध की आशंका पर जयशंकर की अहम टिप्पणी**

नई दिल्ली(ए.)। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पाकिस्तान पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि वहां आतंकवाद एक खुला व्यापार बन चुका है, जिसे वहां की सरकार और सेना का समर्थन मिलता है। उन्होंने ये बातें जर्मनी के एक अखबार को दिए एक इंटरव्यू में कही है। जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के शहरों और कस्बों में आतंकवादी संगठन खुलेआम काम कर रहे हैं और यह बात किसी से छिपी नहीं है। उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र की आतंकी सूची में दर्जनों पाकिस्तानी नाम और स्थान हैं, और इन्हीं जगहों को भारत ने अपने जवाबी हमलों में निशाना बनाया।

परमाणु युद्ध की आशंका को किया खारिज

इस दौरान जब जयशंकर से पूछा गया कि भारत-पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव के दौरान दुनिया एक परमाणु युद्ध से कितनी दूर थी, तो उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा, बहुत, बहुत दूर। मुझे तो आपके इस सवाल पर ही हैरानी है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्य सभा की 8 सीटों के द्विवार्षिक चुनाव 19 जून को

नयी दिल्ली (वार्ता) । चुनाव आयोग ने राज्य सभा के लिए असम से उन दो तथा तमिलनाडु से उन छह सीटों के लिए 19 जून को चुनाव कराने की सोमवार को घोषणा की जिनके लिए निर्वाचित वर्तमान सदस्यों का कार्यकाल जून-जुलाई में पूरा हो रहा है। इन सीटों के चुनाव के लिए अधिसूचना दो जून को जारी की जायेगी आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस सीटों के लिए निर्वाचित सदस्यों का वर्तमान कार्यकाल आगामी 14 जून और 24 जुलाई को पूरा होने जा रहा है। चुनाव आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार इन सीटों के लिए नामांकन पत्र सोमवार नौ जून तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 10 जून को की जायेगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 12 जून रखी गयी है। इन सीटों के लिये मतदान 19 जून को पूर्वाह्न नौ बजे से अपराह्न चार बजे तक कराया जायेगा। मतों की गिनती मतदान पूरा होने के एक घंटे बाद उसी दिन शाम पांच बजे की जायेगी।

एनआईए ने जवान को जासूसी के आरोप में किया गिरफ्तार

■ **2023 से दे रहा था पाकिस्तान को खुफिया जानकारी**

नई दिल्ली (ए.)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सीआरपीएफ के एक एएसआई को जासूसी के आरोप में दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसे 6 जून तक हिरासत में भेज दिया गया। केंद्रीय अर्धसैनिक बल ने इस मामले में अपने एएसआई मोतीराम जाट को बर्खास्त कर दिया है। सीआरपीएफ नियमों के साथ

भारत के संविधान के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत आरोपी को 21 मई से बर्खास्त किया गया है।

सीआरपीएफ के मुताबिक, प्रोटोकॉल के उल्लंघन के बाद सीआरपीएफ कर्मी को बर्खास्त किया गया है। यह मामला एनआईए को भेजा गया था। केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय में सीआरपीएफ कर्मियों की सोशल मीडिया गतिविधियों की निरंतर निगरानी के दौरान, एएसआई/जीडी रैंक के एक कर्मी से जुड़े स्थापित मानदंडों और प्रोटोकॉल के उल्लंघन का मामला सामने आया था। इस मामले की प्रारंभिक जांच पड़ताल की गई। सीआरपीएफ ने इस मामले को गंभीर माना और आगे की जांच के लिए इसे राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को भेज दिया। साथ ही, आरोपी को सीआरपीएफ नियमों के तहत सेवा से बर्खास्त कर दिया है। बता दें कि सीआरपीएफ के सहायक उप-निरीक्षक मोतीराम जाट पर आरोप लगा है ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

पापा टेंशन मत लो... *ज्योति के पिता ने एसपी से ज्योति से मिलने की गुहार लगाई, कुछ मिनटों की मुलाकात में कहा मैं पूरी तरह बेकसूर हूं*

ज्योति ने पिता से कहा- मेरे खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला

हिसार(ए.)। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार हिसार की ज्योति मल्होत्रा रिमांड पर है। ज्योति के पिता हरीश ने रविवार को बेटी से बातचीत की। कुछ मिनटों की मुलाकात में ज्योति ने कहा कि पापा टेंशन मत लेना। मैं पूरी तरह बेकसूर हूं। जल्द ही बाहर आऊंगी। ज्योति के पिता हरीश मल्होत्रा ने रविवार को एसपी से ज्योति से मिलने की गुहार लगाई थी। इस पर एसपी ने उन्हें लघु सचिवालय बुलाया। करीब डेढ़ बजे वह लघु सचिवालय पहुंचे। यहां उनकी बातचीत ज्योति से करवाई गई। इस दौरान ज्योति ने अपने पिता से कहा कि, मेरे खिलाफ पुलिस को कोई

सबूत नहीं मिला है। आप वकील मत करना। जज साहब ने मेरे लिए वकील की व्यवस्था कर दी है। इस पर पिता ने भी हामी भर दी। हालांकि सूत्रों के अनुसार, पुलिस ज्योति के पिता पर निजी वकील न करने का दबाव बना रही है।

सूत्रों के अनुसार, ज्योति से बातचीत के दौरान जांच अधिकारी ने ज्योति के पिता से कहा कि आपकी बेटी का ध्यान रखने के चक्कर में मैं अपने बच्चों का भी ध्यान नहीं रख पा रही हूं। मेरे बच्चे की तबीयत भी ठीक नहीं है।

दूसरे टूर के समय ही रडार पर आई: जासूसी के शक में गिरफ्तार ज्योति मल्होत्रा पाकिस्तान के दूसरे टूर के समय ही सुरक्षा जांच एजेंसियों की रडार पर आ गई थी। करीब एक साल से ज्योति इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) की निगरानी में थी। उसकी सभी तरह की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑपरेटिव (पीआईओ) के संपर्क में रहने पर ज्योति पर शिकंजा कस दिया गया।

दानिश के दोस्त के कमरे में चार घंटे ठहरी थी ज्योति

सूत्रों के अनुसार, पहली बार ज्योति मल्होत्रा 2023 में पाकिस्तान गई तो उसे सामान्य तौर पर लिया गया। इसके बाद वह 2024 में दूसरी बार पाकिस्तान गई तो वह पाकिस्तानी एंबेसी से जुड़े दानिश के संपर्क में रहने वाले व्यक्ति से मिली। वहां पर दानिश के परिचित के साथ कमरे में चार घंटे तक रही। इसके बाद जांच एजेंसियों ने ज्योति मल्होत्रा को रडार पर लिया था। तीसरी बार ज्योति करतारपुर साहिब गुरुद्वारे में पहुंची थी। वहां उसने पाकिस्तान के पंजाब राज्य की सीएम मरियम शरीफ का इंटरव्यू लिया था, जहां ज्योति को वीआईपी ट्रीटमेंट मिला था। इस इंटरव्यू और वीआईपी ट्रीटमेंट के बाद एजेंसियों ने उसकी निगरानी बढ़ा दी थी। इसके बाद उसकी हिस्ट्री को खंगाला जाने लगा। पहलगाम की घटना के बाद भारत ने पाकिस्तानी दूतावास से जुड़े दानिश को अवांछित व्यक्ति घोषित किया। दानिश के संपर्क के लोगों की भी पड़ताल की जाने लगी। इसमें ज्योति की उससे कई बार बातचीत का रिकॉर्ड मिला। ज्योति ने पहलगाम की घटना के बाद भी एक वीडियो अपलोड किया, जिसमें उसने पाकिस्तान की आलोचना के बजाय भारतीय सुरक्षा एजेंसियों और सैलानियों पर ही सवाल उठाए।

देश में बढ़ रहा कोरोना का खतरा...



नई दिल्ली। देश में कोरोना के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। बीते एक हफ्ते में देश में कोरोना के 752 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 305 लोगों ने कोरोना संक्रमण को मात दी। चिंता की बात यह है कि बीते सात दिनों में कोरोना से जान गंवाने वालों का आंकड़ा सात दर्ज किया गया है। मरने वालों महाराष्ट्र के चार, केरल के दो और कर्नाटक का एक शख्स शामिल है। नए मामलों की बात करें तो बीते एक हफ्ते में (19 मई के बाद) सबसे ज्यादा 335 मामले केरल, 153 महाराष्ट्र, 99 दिल्ली, 76 गुजरात और 34 कर्नाटक में आए हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक, 26 मई को सुबह 8:00 बजे देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 1009 है। कुल केसों की बात करें तो केरल में कोरोना के सबसे ज्यादा 403 मामले दर्ज किए गए हैं। मुंबई में 209 और दिल्ली में अब तक 104 मामले दर्ज किए गए हैं। इन शहरों के बाद गुजरात का नंबर आता है, जहां 83 मामले दर्ज किए गए हैं। कर्नाटक में 47, उत्तर प्रदेश में 15 और पश्चिम बंगाल में 12 मामले दर्ज किए गए हैं। केंद्र सरकार की एजेंसी इंडियन SARS-CoV-w जीनोमिक्स कंसोर्टियम के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, नए कोरोना संक्रमणों में वृद्धि के बीच दो नए वेरिएंट के मामले सामने आए हैं।

बंगाल में 11 व पटना में दो मरीज

पश्चिम बंगाल में चार और लोगों में कोरोना वायरस की पुष्टि हुई है। अब यहां सक्रिय मामलों की संख्या 11 हो गई है। पटना में बेली रोड स्थित एक निजी अस्पताल में कोरोनावायरस के दो संदिग्ध मामले सामने आए है।

'ऑपरेशन सिंदूर के बाद ही दी गई पाकिस्तान को जानकारी', राहुल के आरोपों पर जयशंकर का जवाब

नई दिल्ली। सीमापार आतंकवाद के मुद्दे पर आज संसदीय समिति की बैठक हुई। इस बैठक में सरकार ने सीमापार आतंकवाद को लेकर अपनी रणनीति साझा की, जिसमें कूटनीतिक पहल और अन्य कोशिशों की पूरी जानकारी दी। सरकार ने संसद की सलाहकार समिति के साथ बैठक में बताया कि पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जो आतंकवाद का केंद्र थे। इससे पाकिस्तानी सेना के मनोबल पर चोट लगी है क्योंकि वह आतंकी शिविरों की रक्षा नहीं कर सकी। सरकार ने बताया कि आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में भारत को वैश्विक स्तर पर समर्थन मिला है। वहीं पाकिस्तान को तीन देशों को छोड़कर- तुर्किये, अजरबैजान और चीन को छोड़कर किसी का समर्थन नहीं मिला। बैठक में कांग्रेस ने विदेश मंत्री द्वारा पाकिस्तान को कथित तौर पर हमले की सूचना दिए जाने के विवाद को उठाया। जिस पर सरकार ने स्पष्ट किया कि 'भारत और पाकिस्तान के बीच डीजीएमओ स्तर के अलावा किसी भी तरह की कोई बातचीत नहीं हुई, और वह भी हमलों के बाद ही हुई थी।

पहले आतंकी ठिकानों पर हमला हुआ, फिर ब्यूरो ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की। इसके बाद भारत के डीजीएमओ ने पाकिस्तानी डीजीएमओ से संपर्क किया। विदेश मंत्री ने कांग्रेस द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों को बेईमानी और घटनाओं का गलत चित्रण बताया।'

ट्रंप के दावे पर क्या बोली सरकार

विदेश मंत्रालय ने संसदीय समिति से राष्ट्रीय एकता बनाए रखने की अपील की और बताया कि इसी के तहत सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों के दौरे पर भेजे गए हैं। बैठक में सांसदों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे को लेकर सवाल किया, जिस पर सरकार ने बताया कि अमेरिका और अन्य देशों ने भारत को पाकिस्तान के साथ बातचीत की सलाह दी थी।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम नैन रावटे | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202505100400251/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका नैन रावटे आ./पति कोमल सिंह निवासी बंधियापारा डौण्डी द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग	503/5	0.0147 हें 1580 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम जे. पद्मावती अन्य | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202505100400266/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका जे. पदमावती अन्य आ./पति ए. नारायण राव निवासी मरोदा सेक्टर भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 52 तह. व जिला दुर्ग	271/16	0.020 हें 2204 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम ए.मोहन राव अन्य | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202505100400264/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका ए. मोहन राव अन्य आ./पति ए. नारायण राव निवासी प्रगति नगर रिसाली तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 52 तह. व जिला दुर्ग	271/9	0.030 हें 3480 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम अनूप लकड़ा अन्य | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202505100400265/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका अनूप लकड़ा अन्य आ./पति जोलजै लकड़ा निवासी रेलवे कालोनी दुर्ग तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 52 तह. व जिला दुर्ग	271/14	0.020 हें 2204 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांक:312/प्रस्तुतकार/वि.अधि./2024-25

फार्म-अ

सार्वजनिक सूचना (विषय-6 देखिये)

सर्वसाधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक अरूण भारद्वाज पिता राम इकबाल सिंह निवासी वार्ड नं. 06 रेल्वे कालोनी डोंगरगढ़ राजनंदगांव (छ. ग.) पिन नं. 491445 आवेदिका यू. आकांक्षा वर्मा पिता आर. यू. वेंकट राजू निवासी स्थाई पता हाउस नं. 196/2 न्यू रेलवे कॉलोनी वार्ड नं 04 डोंगरगढ़ जिला राजनंदगांव (छ.ग.) पिन नं. 491445 वर्तमान पता प्लाट नं 10 एस. बी. आई. कालोनी के पास वार्ड नं 01 जुनवानी भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन नं. 490020 द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 30/05/2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि. के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 30/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

मुहर — अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै शपथकर्ता रामू पटेल पिता श्री मेघनाथ पटेल, उम्र 53 वर्ष, निवासी-सिंधीया नगर, तितुरडीह दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ0ग0) का निवासी हूं जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूं कि :- यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्त बताये अनुसार सही व सत्य हैं। यह कि, मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम रामप्रसाद पटेल दर्ज हैं किन्तु मेरे बैंक पासबुक, मतदाता परिचय पत्र एवं पेन कार्ड में मेरा नाम रामू पटेल दर्ज हैं। यह कि, मै अपने आधार कार्ड एवं भविष्य में जारी होने वाले समस्त शासकीय, अर्धशासकीय दस्तावेजों में अपना नाम रामू पटेल दर्ज करवाना चाहता हूं जो मेरे बैंक पासबुक, मतदाता परिचय पत्र एवं पेन कार्ड में दर्ज हैं। यह की, शपथपत्र छत्तीसगढ़ राजपत्र मे प्रकाशन हेतु प्रस्तुत करना हैं। अत: यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
रामू पटेल
पिता श्री मेघनाथ पटेल
निवासी-सिंधीया नगर तितुरडीह
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं अभिषेक कुमार साहू पिता श्री सुदर्शन सिह साहू उम्र 45 वर्ष वर्तमान पता बिम्लेश्वरी कालोनी अम्बे स्ट्रीट आर.के. फिटनेश के पास, वार्ड 52 बोरसी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूं जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक पेश करता हूं :-यह कि मैं उपरोक्त पते पर ही निवास करता हूं। यह कि मैं छ.ग. राज्य विद्युत वितरण कम्पनी मर्यादित दुर्ग में परीक्षण सहायक 2 के पद पर कार्यरत हूं। यह कि मेरे सर्विस रिकार्ड तथा शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम अभिषेक कुमार पिता सुदर्शन सिंह साहू (ABHISHEK KUMAR S/O SUDARSHAN SINGH SAHU) लिखा हुआ है। यह कि मेरे नाम पर मेरा आधार कार्ड क.2793 9555 9119 एवं पेन कार्ड क्रमांक BOYPS3653G बना हुआ है जिसमें मेरा नाम अभिषेक कुमार साहू पिता श्री सुदर्शन सिंह साहू (ABHISHEK KUMAR SAHU S/O SUDARSHAN SINGH SAHU) लिखा हुआ है। जो की मेरा सही एवं पूरा नाम है। यह कि मैं अपने सर्विस रिकार्ड में अपना नाम अभिषेक कुमार के स्थान पर अपना सही एवं पूरा नाम अभिषेक कुमार साहू सुधार कराना चाहता हूं। यह कि अभिषेक कुमार साहू एवं अभिषेक कुमार (ABHISHEK KUMAR SAHU S/o SUDARSHAN SINGH, SAHU) & (ABHISHEK KUMAR S/O SUDARSHAN SINGH SAHU) दोनों नाम मेरे स्वयं के ही है तथा उक्त दोनों नामों से मेरे ही नाम का संबोधन होता है तथा मैं एक ही व्यक्ति हूं। अत: यह शपथपत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष अपना सही एवं पूरा नाम अभिषेक कुमार साहू सुधार कराने छत्तीसगढ. राजपत्र में प्रकाशन कराने हेतु प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
अभिषेक कुमार साहू
वर्तमान पता बिम्लेश्वरी कालोनी
अम्बे स्ट्रीट आरके फिटनेश के पास,
वार्ड 52 बोरसी दुर्ग
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202505101500077
विषय: अ-6अ/ सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

तेलीगुडरा प.ह.न. 00038 (हे.)

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- नटवर देव पटेल पिता चतुर्भुज, /अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम तेलीगुण्डरा ह.नं. 38 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक नटवर देव पटेल पिता चतुर्भुज निवासी तेलीगुण्डरा द्वारा ग्राम तेलीगुण्डरा ह.नं. 38 स्थित भूमि खसरा न. 300, 383/1 स्वाचा कमशः 0.14 0.92 हे वर्ष 2015 18 के पूर्व के बी-01, नक्शा खसरा, खसरा पांचशाला तथा ऋष्टा पुस्तिका में नविन पिता स्व, मखनू, प्रियंका पिता स्व. मखनू, तरूण पिता स्व. मखनू दर्ज है तथा वर्ष 2015-16 के पश्चात् एवं वर्तमान ऑनलाईन कम्प्यूटर रिकार्ड बी-1, पी 02. नक्शा खसरा में त्रुटिवश नबिन पिता थानूराम, प्रियंका पिता थानूराम तरूण पिता धानूराम वर्ज हो गया लेकिन तीनो का वास्तविक पिता मखनू है। जिसे सुधार करवाकर नन्बिन पिता धानूराम के स्थान पर नबिन पिता मखनू, प्रियंका पिता धानूराम के स्थान पर प्रियंका पिता मखनू, तरूण पिता थानूराम के स्थान पर तरूण पिता मखनू दर्ज किये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक नटवर देव पटेल पिता चतुर्भुज के राजस्व अभिलेख दुरुस्ती की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण मे सुनवाई तिथि 12.06.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202505101000078
/विषयः अ-6अ/ सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

कुरुद प.ह.न. 00046 (हे.)

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार - अनुरंजिता अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनुरंजिता पिता/पति/विभाग-शिवसागर पता-कुरूद द्वारा ग्राम - कुरूद प.ह.न. 46 रा.नि.म. कोहका, तहसील व जिला - दुर्ग की भूमि ख.न. 183/17 रकबा 0.011 हे. भूमि को आवेदक द्वारा क्रय कर नामान्तरण कराकर ऋष्टा पुस्तिका प्राप्त कर लिया गया है। उक्त भूमि वर्तमान पटवारी अभिलेख में विक्रेता का नाम दर्ज है। आवेदक का नाम प्रदर्शित नही हो रहा है। जिसे त्रुटी सुधार किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि का नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति-संस्था को उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनाक 30.05.12025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202505101000079
/विषयः अ-6अ/ सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

कुरुद प.ह.न. 00046 (हे.)

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार - सुंदरीदेवी अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुंदरी देवी पिता/पति/विभाग रामसुहावन प्रसाद पता-भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.न. 46 रा.नि.म. कोहका, तहसील व् जिला दुर्ग की भूमि ख.न. 183/9 रकबा 0.01 हे. भूमि को आवेदक द्वारा क्रय कर नामान्तरण कराकर ऋष्टा पुस्तिका प्राप्त कर लिया गया है। उक्त भूमि वर्तमान पटवारी अभिलेख में विक्रेता का नाम दर्ज है। आवेदक का नाम प्रदर्शित नही हो रहा है। जिसे त्रुटी सुधार किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि का नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति-संस्था को उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनाक 30.05.12025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

समक्ष न्यायालय माननीय द्वितीय अ. जिला न्यायाधीश महोद्य दुर्ग (छ.ग.)

1. हरीश बैतुले उम्र 51 वर्ष पिता स्व. मनोहर राव बैतुले उर्फ एम. एन. बैतुले पता- फ्लैट नं. 543, आर्किड बिल्डिंग नं. 11, तालपुरी भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)
2. रविन्द्र मनोहर राव बैतुले उम्र 52 वर्ष पिता स्व. मनोहर राव बैतुले उर्फ एम. एन. बैतुले /पता - गुडविल आयकॉन फ्लैट नं. 02, सर्वे नं. 3342, रोड नं. 14, हनुमान मार्केट जबल, विदया नगर, पूर्व शहर, आय. ए. एफ स्टेशन, पूणे 32 (महाराष्ट्र) 411032
3. मिनाक्षी अरूण पिंजरकर उम्र 47 वर्ष पति अरूण पिंजरकर पिता स्व. मनोहर राव बैतुले उर्फ एम. एन. बैतुले पता- नियर ओल्ड तहसील आफिस, तालुका- दर्यापुर, जिला- अमरावती (महाराष्ट्र) 444803

// विरुद्ध // अपीलीर्थीगण

1. महेश बैतुले उम्र 49 वर्ष पिता स्व. मनोहर राव बैतुले उर्फ एम. एन. बैतुले पता- मकान नं. 241, राणा अवंती बाई चौक, पेट्रोल पम्प के बगल में, कोहका भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) 490026
2. प्रबंधक- यूको बैंक, बैंक कोड ब्ठ 10001227 शाखा कोहका भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
3. पोस्ट मास्टर, पोस्ट आफिस कोहका भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
4. आम जनता उत्तरवादीगण

अपील अंतर्गत धारा 384 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 अपीलार्थीगण विद्वान निम्न न्यायालय तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी दुर्ग द्वारा उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक- 77/2022, पक्षकारन- हरिश बैतुले वगैरह वि. महेश बैतुले वगैरह में पारित आदेश दिनांक- 26/11/2024 से दुखित

मुहर — जिला न्यायाधीश, दुर्ग (छ.ग)

मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स

(आदेश 5 नियम1 और 5)

प्रकरण क्रमांक आरसीए 25/सन् 2025

न्यायालय प्रशांत पत्ताशर द्वितीय जिला न्यायाधीश दुर्ग (छ.ग.)

हरीश बैतुले वगै. बनाम महेश बैतुले वगै.

प्रति,

आम जनता जो कि आवेदकगण 1. हरीश बैतुले पिता स्व. मनोहर राव बैतुले उर्फ एम. एन. बैतुले, 2. रविन्द्र मनोहर राव बैतुले पिता स्व. मनोहर राव बैतुले उर्फ एम. एन. बैतुले, 3. मिनाक्षी अरूण पिंजरकर पति अरूण पिंजरकर पिता स्व. मनोहर राव बैतुले उर्फ एम.एन. बैतुले द्वारा अपने मृतक माता पिता स्व. मनोहर राव बैतुले उर्फ एम.एन. बैतुले व मालती बैतुले के संयुक्त खाते में फिक्स डिपॉजित व एम.आई.एस के जमा राशि को प्राप्त किये जाने जाने हेतु उत्तराधिकार प्रमीण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में धारा 384 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसके कारण आपको इस न्यायालय में पेशी दिनांक 03.07.2025 को प्रातः 11 बजे उक्त आवेदन का उत्तर देने के लिए उपस्थित होने के लिए समंस जारी किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपस्थित हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस आवेदन से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें, जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है। यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो आवेदन एवं दावे का निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। नोट- यदि किसी कारणवश दी गई तारीख को किसी कारणवश अवकाश घोषित होता है या कार्य स्थगित होता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर चले जातें हैं तब प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि पर की जावेगी। यह सूचना आज दिनांक 22.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुद्रा लगाकर जारी किया गया ।

मुहर — प्रशांत पत्ताशर, द्वितीय जिला न्यायाधीश, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430104800159

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी विमल कुमार साहू पिता आर.बी. साहू पिता भगवती साहू ध.प. विमल कुमार साहू पता 12 डी एवेन्यु सी सेक्टर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 102510(0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता तरुण कुमार साहू पिता/पति स्व. विमल कुमार साहू पता इस्पात नगर रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग, गायत्री साहू पिता/पति स्व. विमल कुमार साहू पता इस्पात नगर रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग, पूजा साहू पिता/पति स्व. विमल कुमार साहू पता इस्पात नगर रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग, भगवती साहू पिता/पति स्व. विमल कुमार साहू पता इस्पात नगर रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.06.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील पाटन प.ह.न. 00023 महकाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430303900005

तहसील पाटन के प.ह.न. 00023 के अंतर्गत ग्राम महकाकला के वर्तमान भूमिस्वामी शिवकुमार पिता/पति गणेशराम पता महकाखुर्द, रेखा बाई पिता/पति गणेशराम पता महकाखुर्द, गीतेश्वरी देवांगन पिता/पति गणेशराम पता महकाखुर्द, उमाबाई देवांगन पिता/पति गणेशराम पता महकाखुर्द, कामेश्वरी देवांगन पिता/पति गणेशराम पता महकाखुर्द, कमलनारायण पिता/पति गणेशराम पता महकाखुर्द, झब्बूलाल पिता/पति गणेशराम पता महकाखुर्द के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 186 (0.1100), 192/2(0.1000), 287/1 (0.4100), 287/3 (0.1200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता उमाबाई देवांगन पिता/पति गणेशराम पता महकाखुर्द, कामेश्वरी देवांगन पिता/पति गणेशराम पता महकाखुर्द, कमलनारायण पिता/पति गणेशराम पता महकाखुर्द, झब्बूलाल पिता/पति गणेशराम पता महकाखुर्द, शिवकुमार पिता/पति गणेशराम पता महकाखुर्द, रेखा बाई पिता/पति गणेशराम पता महकाखुर्द, गीतेश्वरी देवांगन पिता/पति गणेशराम पता महकाखुर्द के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 02.06.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार पाटन पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202505103000026
/अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दुष्यन्त कुमार चन्द्राकर पिता स्व. पंचराम उम्र 50 वर्ष पता- ग्राम व पोष्ट खोपली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदक के पित्ता पंचराम पिता दुलार के नाम से मौजा खोपली प.ह.नं. 56 रा.नि.मं. उत्तई तह. व जिला दुर्ग में भूमिस्वामी हक कि जमीन स्थित है जिसका खसरा नंबर 221, 335, 637, 1396, 1410, 1420, 1446, 1483, 1984, 1987, 1990, 1991, 2007 रकबा कमशः- 0.2200, 0.9400. 0.6600, 0.0300, 0.0900, 0.0900, 0.2000, 0.7600, 0.1000, 0.1900, 0.1700, 0.2200, 0.5700 हेक्टेयर भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त संपत्ति को आवेदक के पिता ने पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर पंजीयन कार्यालय दुर्ग से दिनांक 26/10/2023 को विलेख कमांक 130 ग्रंथ कमांक 60 ई.पंजीयन आई.नं. सी.जी. 5124926102023020 के माध्यम से आवेदक के नाम पर वसीयत किया है। आवेदक के पिता पंचराम पिता दुलार कि मृत्यु दिनांक 31.03.2025 को हो चुकी है। जिससे उक्त वसीयतनामा के आधार पर आवेदक के नाम पर नामांतरण किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.05.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202505101000085
/अ-6/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ केता श्रीमती गीता सिंह पति शिवशंकर सिंह निवासी भिलाई द्वारा ग्राम कोहका, प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 4593/3 रकबा 0.040 हे. भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विकेता ईसराइल कसमा पिता नन्दईहा से कय किया है कि उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 05.06.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./अ-5/ सन्- 2024-25

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक सतनाम सिंह आ. स्व. सोहन सिंह साकिन रामनगर भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि बंदोबस्त पूर्व खसरा नं. 497/1 रकबा 0.117 हे. था जो बंदोबस्त पश्चात खसरा नं. 8929 रकबा 0.02 हे. दर्ज हो गया है एवं नक्शा में त्रुटि हो गई है के सुधार किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः बंदोबस्त पूर्व अभिलेख के अनुसार नक्शा में सुधार किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 20.06.2025 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 19.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202505100700037
/अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती अनिता रजक पिता/पति स्व. जगदीश निर्मलकर निवासी खैरागढ़ तहसील व जिला खैरागढ़ के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1088/25 रकबा 0.0300 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/वसीयतकर्ता जगदीश निर्मलकर के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 20.06.2022 को पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत/ अपंजीकृत वसीयतनामा के अधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 02.06.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.05.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग 01-जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202504104700016
/अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती माया देवी पति-नोहर सिंह साहू उम्र-52 वर्ष निवासी - मकान नंबर- 219, भटगावं, दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा स्थित भूमि मौजा - भटगांव प.ह.नं. -06 रा.नि.मं.- जेवरा सिरसा स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 436 / 1 रकबा 0.6600 हेक्टेयर मे से 0.4048 हेक्टेयर बराबर 4045.32 वर्गमीटर भूमि को दानकर्ता श्री नोहर सिंह पिता तेजराम से रजिष्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक 23/10/2024 को दान किया उक्त आवेदित भूमि को दानग्रहिता श्रीमती माया देवी साहू के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.05.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग-01 (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री दिनेश जैन एचयूएफ | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202505100400299/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री दिनेश जैन एचयूएफ आ. स्व. भोजराज जैन निवासी गुरुनानक नगर दुर्ग तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम करहीडीह प.ह.न. 15 तह. व जिला दुर्ग	102/35	0.0109 हें 1175 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

संक्षिप्त खबरें

नेता प्रतिपक्ष महंत ने प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, बच्चों के प्यारे चाचा पंडित जवाहर लाल नेहरू देश को प्रगति के पर ले जाने वाले पथप्रदर्शक रहे हैं। विशाल भारत, समृद्ध भारत, प्रगतिशील भारत, सक्षम भारत की नींव रखी जो 21वीं सदी में विश्व स्तर पर दिखाई दे रहा है। नेहरू जी ने अपना राजनीतिक जीवन एक स्वाधीनता सेनानी के रूप में शुरू किया था, वह अपनी किशोरावस्था में ही महात्मा गांधी के आंदोलन से जुड़े रहे, कई बार जेल गए और अनेकों बार स्वाधीनता सेनानियों के कोर्ट में वकालत भी की थी । नेता प्रतिपक्ष डॉ. ने कहा कि, 15 अगस्त 1947 को भारत के आजाद होने तथा भारत-पाकिस्तान त्रासदीपूर्ण बंटवारे के समय उन्होंने देश की बागडोर संभाली और देश को विकास की राह पर ले जाने का कार्य किया। उन्होंने आजादी के बाद देश के विकास के लिए कई पंचवर्षीय योजनाएं आरंभ की और देश को गुलामी के अंधकार से निकालकर विकास के मार्ग की राह दिखाई, उन्होंने विश्व को पंचशील का सिद्धांत दिया।

मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय रामजीलाल अग्रवाल को दी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर के मौलश्री विहार स्थित सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल के निवास पहुंचकर उनके पिता और वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय श्री रामजीलाल अग्रवाल को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वर्गीय श्री रामजीलाल अग्रवाल के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें व उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें।मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. श्री रामजीलाल अग्रवाल का सम्पूर्ण जीवन समाजसेवा, गौसेवा और जनकल्याण के कार्यों के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने अपने सेवा प्रकल्पों से समाज में एक आदर्श स्थापित किया है। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिवारजनों से मुलाकात की और उन्हें ढाँढस बंधाया। इस अवसर पर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल व उनके परिवारजन तथा अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

पोल्ट्री फार्म से गांव में फैली डायरिया, महामारी से कम नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। के तिल्दा-नेवरा के ग्राम पंचायत सिंनोधा में वेंकटरमा पोल्ट्री फार्म और मानपुर स्थित फोनेक्स पोल्ट्री फार्म से निकलने वाली बदबू से ग्रामीण परेशान हैं। फार्म से फैल रही दुर्गंध इतनी तेज है कि लोग सिर्फ अनुकूल हवा की दिशा में ही भोजन कर पाते हैं। स्थानीय निवासियों को बदबू के कारण उल्टी और दस्त जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मुर्गियों के मल को खुले में फेंकने से आसपास के क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। ग्राम पंचायत सिंनोधा के पूर्व सरपंच लक्ष्मणगिरी और सोहन कुमार ने चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि बरसात के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो सकती है। बारिश का पानी अपशिष्ट को बहाकर सड़कों और नालियों के माध्यम से गांव में ला सकता है।

समाधान शिविर में एमएमयू में 70 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और रायपुर जिला प्रशासन के निर्देश के परिपालन में देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयन्ती दिनांक 31 मई 2025 के परिपेक्ष्य में नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चैबे, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, जोन 6 जोन अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, आयुक्त विश्वदीप के निर्देशानुसार और जोन 6 जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव और कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा के मार्गदर्शन में नगर निगम जोन 6 की टीम द्वारा मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) के माध्यम से आज जोन 6 के अंतर्गत शहीद संजय यादव उच्चतर माध्यमिक शाला संजय नगर टिकरापारा में सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जोन 6 के समाधान शिविर स्थल पर 70 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनको चिकित्सकों से आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिलवाकर आवश्यकता के अनुसार दवाईयाँ प्रदत्त करवाई गयीं।

पुनर्निर्मित सखी निवास व सेनेटरी पैड मशीन का उद्घाटन 28 को

रायपुर/नवप्रदेश। स्वातंर्त्य वीर विनायक दामोदर सावरकर की 142वीं जयंती पर 28 मई को शाम 5.30 बजे महाराष्ट्र मंडल के पुनर्निर्मित सखी निवास (कामकाजी महिला वसति गृह) व सेनेटरी पैड मशीन का उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे होंगी। महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने बताया कि महाराष्ट्र मंडल के महिला केंद्र, साहित्यिक समिति व युवा समिति की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल की दसवीं बोर्ड परीक्षा में प्रवीण्य सूची में आठवां स्थान हासिल करने वाली पूर्वी साहू, नौवां स्थान प्राप्त वर्षा परिडा और 12वीं बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में सातवां स्थान पर महाराष्ट्र मंडल का परचम लहराने वाली रुचिका साहू को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर दो विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित वीर सावरकर निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया जाएगा।युवा समिति के समन्वयक विनोद राखुंडे ने बताया कि इसके साथ %वर्तमान पीढ़ी को स्वातंर्त्य वीर विनायक दामोदर सावरकर के व्यक्तित्व से सीखने योग्य बातें विषय पर मूर्धन्य इतिहासकारों के विचार सुनने को मिलेंगे। सखी निवास प्रभारी नमिता शेष के अनुसार कार्यक्रम में विशेष अतिथि बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा और समाजसेवी व मंडल की आजीवन सभासद शुभांगी आप्टे होंगी।

संघर्ष करने वालों को सफलता जरूर मिलती है

मेहनत कर जिले का नाम रौशन करे विद्यार्थी: मंत्री देवांगन

■ **जिले के 150 मेधावी विद्यार्थियों को नीट जेईई की तैयारी के लिए किया गया बस से रायपुर रवाना**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष कोरबा में जिले के मेधावी विद्यार्थियों हेतु जेईई, नीट की निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु बस से रवाना किया गया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर कड़ी मेहनत कर लक्ष्य प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी। मंत्री देवांगन ने कहा कि जो व्यक्ति संघर्ष करता है, उन्हें सफलता जरूर मिलती है। हम सभी मन लगाकर अच्छे से पढ़ाई करें और सफल होकर मुकाम हासिल करते हुए अपने माता-पिता, जिले का नाम रौशन करें। उत्कृष्ट अंक हासिल करने वाले दसवीं के 100 तथा बारहवीं बोर्ड के 50 विद्यार्थियों को राजधानी रायपुर में कोंचिग के लिए भेजा गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उद्योग मंत्री देवांगन ने कहा कि कलेक्टर के दिशा निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा सराहनीय पहल करते हुए यहां के प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए राजधानी में जेईई, नीट कोचिंग की व्यवस्था की गई है। विगत वर्ष भी 100 विद्यार्थियों को रायपुर भेजा गया है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रशासन द्वारा निरंतर विकास कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा उत्खनन वाले जिले में ही डाएमएफ की राशि को खर्च किए जाने का प्रावधान करने के बाद इस राशि का सदुपयोग जिले के विकास कार्यों और शिक्षा, स्वास्थ्य में हो रहा है। उन्होंने कहा कि खनिज प्रभावित जिलों में शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य क्षेत्रों में विकास हेतु सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जिले के 100 मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडिकल इंजीनियरिंग जैसे उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय स्तर की जेईई, नीट जैसी प्रवेश परीक्षा की निःशुल्क तैयारी हेतु व्यवस्था की गई है। यह आप सभी के लिए सुनहरा अवसर है। इस अवसर का लाभ उठाएं, आप सभी आत्मविश्वास के साथ आगे बड़े, कार्ययोजना बनाकर परीक्षा की तैयारी करें, सफलता जरूर मिलेगी।

हरी झंडी दिखाकर बस को किया रवाना

कलेक्ट्रेट परिसर से उद्योग मंत्री देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर उपस्थित पालक और विद्यार्थियों ने कहा कि यह उनके लिए गौरव का पल है कि उनका चयन ऐलेन जैसे प्रतिष्ठित कोचिंग संस्था में जेईई, नीट परीक्षा की तैयारी के लिए हुआ है। जहां अनुभवी व विषय विशेषज्ञ शिक्षक उनकी परीक्षा की तैयारी कराएंगे। इस हेतु वे सब उत्साहित है एवं परीक्षा में सफलता अर्जित कर प्रशासन द्वारा उन पर किए गए भरोसे को पूरा करेंगे। विद्यार्थियों ने प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन को यह अवसर प्रदान के लिए धन्यवाद दिया। गौरतलब है कि जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज संस्थान मद से कोरबा जिले के शासकीय विद्यालय से शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 10वीं से मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले 100 छात्र-छात्राओं तथा बारहवी उत्तीर्ण 50 विद्यार्थियों को नीट व जेईई प्रवेश परीक्षा की गुणवत्तापूर्ण तैयारी हेतु रायपुर के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्था ऐलेन में प्रवेश दिलाया गया है।

एबीवीपी की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की तीन दिवसीय बैठक

■ **भारत के वैश्विक संबंधों और समसामयिक विषयों पर होगा मंथन**

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक 29 से 31 मई तक राजधानी रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मंडपम सभागार में आयोजित की जाएगी. इससे पूर्व 28 मई को परिषद के विभिन्न आयामों और गतिविधियों से जुड़ी बैठकों का आयोजन होगा, जिसमें 250 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे. तीन दिवसीय इस मुख्य बैठक में देश के सभी राज्यों से 478 से अधिक प्रतिनिधि शामिल होने के लिए पहुचेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान शिक्षा, पर्यावरण, आंतरिक सुरक्षा, भारत के वैश्विक संबंधों और समसामयिक मुद्दों पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा. बैठक का प्रमुख उद्देश्य देशभर में विद्यार्थी परिषद की आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करना और राष्ट्रीय छात्र-युवा नीति में ठोस एवं सार्थक हस्तक्षेप की दिशा को सुनिश्चित करना है।

सांस्कृतिक प्रदर्शनी का उद्घाटन

इस आयोजन की शुरुआत 27 मई की शाम एक भव्य प्रदर्शनी के उद्घाटन से होगी, जिसमें उपमुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे. यह प्रदर्शनी दस प्रमुख विषयों पर केंद्रित रहेगी, जिनमें छत्तीसगढ़ का इतिहास, कला एवं लोक संस्कृति, भारतीय गणतंत्र के 75 वर्ष, ढोकरा आर्ट, मूर्ति कला और बस्तर आर्ट आदि विषयों को चित्रित किया जाएगा।भगवान बिरसा मुंडा शार्ध शती वर्ष-भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में अभाविप उनकी जन्मस्थली उलिहातु से पीतल के पात्र में मिट्टी लेकर इस बैठक में रायपुर ला रही है। यहां से वह मिट्टी देश के सभी प्रांतों में स्मृतिस्वरूप भेजी जायेंगी।28 मई को नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे. इस आयोजन में रायपुर के गणमान्य नागरिक भी शामिल होंगे.

तीन दिवसीय बैठक में पांच प्रस्ताव होंगे पारित

29 से 31 मई के दौरान आयोजित राष्ट्रीय बैठक में पांच प्रमुख प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। इनमें भारतीय सेना के पराक्रम 'ऑपरेशन सिंदूर' व 'ऑपरेशन कगार' के लिए अभिनंदन प्रस्ताव, कोचिंग संस्थानों में अवैध व मनमानी फीस वृद्धि पर नियंत्रण के लिए ठोस नीति निर्माण, केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कुलपतियों के रिक्त पदों की शीघ्र नियुक्ति की मांग, आंतरिक सुरक्षा पर आधारित विमर्श, और भारत के वैश्विक संबंधों पर केंद्रित प्रस्ताव सम्मिलित हैं. इसके साथ ही मार्च महीने में द्वारिका, गुजरात में संपन्न विचार बैठक में आए सुझावों पर भी व्यापक चर्चा होगी।

खरीफ के लिए राज्य में खाद-बीज का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध: मंत्री नेताम

■ **राज्य में किसान तेजी से कर रहे हैं खाद एवं बीज का उठाव**

रायपुर/नवप्रदेश। कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने आज छत्तीसग? बीज एवं कृषि विकास निगम परिसर, तेलीबांधा रायपुर में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में राज्य के 28 जिलों को नवीन बोलेरो वाहन की सौगात देने की साथ ही उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन नवीन वाहनों का उपयोग विभागीय अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं का फील्ड में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के साथ ही किसान हितैषी कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर संचालक कृषि श्री राहुल देव सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों के हित में कई योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसका लाभ किसानों को मिले इसके लिए किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उनको इसका लाभ उठाने के लिए जागरूक किए जाने का काम विशेष रूप से किया जाएगा। किसान जागरूकता शिविरों में इस वाहन के माध्यम से विशेषज्ञ अधिकारियों की टीम गांव-गांव पहुंचेगी और किसानों को उन्नत तकनीक और आधुनिक खेती की जानकारी देगी। जिलों को वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित होने से विभागीय कामकाज में तेजी आएगी।

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज 4 दिवसीय पदयात्रा पर

■ **बस्तर की समृद्धि, संस्कृति, संसाधन और पर्यावरण को बचाने के लिए कांग्रेस की पदयात्रा**

रायपुर/नवप्रदेश । विष्णुदेव साय सरकार की कॉर्पोरेट परस्त नीतियों के विरोध में बस्तर की समृद्धि, संस्कृति संसाधन और पर्यावरण को बचाने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में आज किरंदुल से दंतेवाड़ा तक की न्याय पदयात्रा की शुरुआत हुई। 4 दिनों की इस 40 किलोमीटर की पदयात्रा का समापन 29 मई 2025 को दंतेवाड़ा जिला कार्यालय के घेराव के साथ होगा। भारतीय जनता पार्टी के सरकार आने के बाद से छत्तीसगढ़ के संसाधनों को निजी हाथों में सौंपने का काम बहुत तेजी से चल रहा है। पूरा बस्तर पांचवी अनुसूची का क्षेत्र है जहां ग्रामसभाओ को विशेष अधिकार है, लेकिन भाजपा की सरकार का फोकस है केवल कमीशनखोरी के लालच में पूंजीपतियों के मुनाफे पर केंद्रित है, और इसी के चलते बस्तर की लौह अयस्क खदाने, बहुमूल्य कोरंडम की खदाने और बस्तर के संसाधनों को कॉरपोरेट को सौंपा जा रहा है, जिसके खिलाफ बस्तर के आदिवासियों में भयंकर आक्रोश व्याप्त है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि सवा साल के भीतर ही भाजपा का असल एजेंडा उजागर हो चुका है। जैसे ही छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी, हसदेव अरण्य और तमोर पिंगला क्षेत्र में लाखों की संख्या में पेड़ काट दिए गए। सीआईएल और एसईसीएल के खदानों में खनन का कार्य अडानी की कंपनी को दिया गया। हाल ही में बस्तर के बैलाडीला में चार ब?ी लौह अयस्क की खदानें निजी पूंजीपतियों को 50 साल की लिस्ट पर दिया गया है।

पप्पू बदमाश गिरफ्तार, शराब बेचते पुलिस ने पकड़ा

रायपुर/नवप्रदेश । राजधानी रायपुर के खमतराई थाना क्षेत्र में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। मुखबिर की सूचना पर की गई त्वरित कार्रवाई में पुलिस ने एक युवक को भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से कुल 93 पाव देशी मदिरा प्लेन जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 7440 बताई गई है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है और उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खमतराई थाना पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि गंगानगर रेलवे पटरी के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु संग्रहित कर रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी के निर्देशन में एक पुलिस टीम गठित की गई, जिसने तत्काल बताए गए स्थान पर दबिश दी। मौके पर एक व्यक्ति सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी के साथ संदिग्ध अवस्था में मिला। पूछताछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम पप्पू उर्फ रायफल साहू, पिता बिसाहू राम साहू, उम्र 27 वर्ष, निवासी ब्रह्मदेहीपारा, कबीर आदर्श स्कूल के पीछे, खमतराई रायपुर बताया। जब पुलिस ने बोरी की तलाशी ली, तो उसमें से 93 पाव देशी मदिरा प्लेन बरामद हुई, जो कि बिक्री हेतु अवैध रूप से संग्रहित की गई थी। आरोपी से शराब के वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर पुलिस ने शराब जब्त करते हुए मौके पर ही आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 521/25, धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह यह शराब आसपास के इलाकों में खपाने की तैयारी में था।

डिजीटली साक्षरता — **नैस्कॉम फाउंडेशन की पहल, वंचित समुदायों को डिजिटल कौशल प्रदान करना**

सरपंचों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने दिया गया प्रशिक्षण

रायपुर /नवप्रदेश। भारत सरकार, नीति आयोग नई दिल्ली द्वारा आकांक्षी जिला/ब्लॉक कार्यक्रम के तहत् नैस्कॉम फाउण्डेशन द्वारा जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंचों को डिजिटली साक्षरता कार्यक्रम के तहत् डिजिटल रूप से सशक्त बनाने व उनके दैनिक कार्य को सरल बनाने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन जनपद पंचायत कोरवा के सभाकक्ष में किया गया। यह पहल प्रधानमंत्री डिजिटल साक्षरता अभियान के अंतर्गत आती है. जिसका उद्देश्य ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना है।

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों के सरपंचों को डिजिटल उपकरणों और ई-गवर्नेंस सेवाओं के उपयोग में सक्षम बनाना है, ताकि वे अपने दैनिक कार्यों को अधिक प्रभावी और पारदर्शी तरीके से कर सकें। नैस्कॉम फाउंडेशन की पहल, डिजी-साक्षर विशेष रूप से वंचित समुदायों को डिजिटल कौशल प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई है। इस कार्यक्रम के तहत, सरपंचों को कंप्यूटर कौशल, साइबर सुरक्षा और इंटरनेट के प्रभावी उपयोग जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन कौशाम्बी गबेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोरवा, और महेश्वरी साव, विकास विस्तार अधिकारी जनपद पंचायत कोरबा द्वारा किया गया। संस्था की तरफ से लोकेश तिवारी प्रोजेक्ट फिल्ड ऑफिसर तथा प्रोग्राम के मास्टर ट्रेनर अनुसुईया ने डिजिटल साक्षरता का प्रशिक्षण दिया। इसमें 65 ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने भाग लिया, जो स्थानीय शासन और प्रशासन में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

गवेल के द्वारा आज के युग में डिजिटल साक्षरता के महत्व एवं आवश्यकता को बताया गया। वही लोकेश ने डिजिटल प्लेटफार्म के सुरक्षित उपयोग पर जोर देते हुए, प्रशिक्षण के माध्यम से कई उपयोगी टिप्स साझा किये।

नैस्कॉम फाउंडेशन ने वर्ष 2022 में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य 55 आकांक्षी जिलों में डिजिटल साक्षरता, ई-गवर्नेंस और कौशल विकास के माध्यम से अधिक लोगों को सशक्त बनाना है। इस पहल के तहत, डिजिटल संसाधन केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो समुदायों को आवश्यक डिजिटल उपकरणों और सेवाओं तक पहुंच प्रदान करते हैं।

सुविचार

जिंदगी के सफर में समस्या आती है तो उसका समाधान भी होता है। यह आप पर निर्भर करता है कि आप समस्या से समाधान की ओर कैसे बढ़ते हैं?

भारत की एक और स्वर्णीम उपलब्धि

2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेकर हमारा देश भारत विकास पथ पर तेजी से अग्रसर हो रहा है। उसी का यह सुपरिणाम है कि भारत के स्वर्ण मुकुट में एक और मोर पंख जुड़ गया है। भारत ने जापान को पछाड़ कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का गौरव प्राप्त कर लिया है। भारत अब फोरट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन गया है। निश्चित रूप से यह भारत की एक और स्वर्णीम उपलब्धि है। नीति आयोग की बैठक में यह जानकारी साझा की गई है जो डेटा आईएमएफ ने उपलब्ध कराया है भारत से आगे अब सिर्फ अमेरिका, चीन और जर्मनी है। भारत अगले दो साल के भीतर जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। गौरतलब है कि जब देश में तात्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए की सरकार थी तब भारत की अर्थव्यवस्था ग्यारहवें नंबर पर थी लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने के बाद से भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार हुआ और मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में भारत ने इंग्लैंड को पीछे छोड़कर विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का फक्र हासिल किया। उसी समय पीएम मोदी ने यह घोषणा की थी कि अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल में वे भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे। अपनी इस घोषणा के अनुरूप उन्होंने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले ही साल में भारत को चौथे पायदान पर पहुंचा दिया है इससे स्पष्ट है कि आने वाले दो तीन सालों के भीतर भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में सफल हो जाएगा। भारत ने यह महत्वपूर्ण उपलब्धि विषम परिस्थितियों में हासिल की है। लगभग दो साल तक जान लेवा कोरोना के कहर से दुनिया के तमाम बड़े और विकसित देशो की अर्थव्यवस्था लड़खड़ा गई थी ऐसी प्रतिकूल स्थिति में भी भारत की अर्थव्यवस्था कमजोर नहीं पड़ी। भारत अब सिर्फ कोरोना काल में उत्पन्न हुई चुनौतियों से निपटने में सफल हुआ दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाकर देश के 100 करोड़ लोगों से ज्यादा लोगों को मुफ्त में वैक्सिन उपलब्ध करा कर एक नया कीर्तिमान रच दिया। यही नहीं बल्कि कई देशों को भी भारत ने वैक्सिन उपलब्ध कराकर पीड़ित मानवता की सेवा का अनुपम उदाहरण पेश किया। इसी तरह की और भी कई चुनौतियां भारत के समाने आई इजराइल और फिलिस्तिन के बीच तथा रूस और यूक्रेन के बीच सालों लंबे चले युद्ध के कारण भी कई देशो की अर्थव्यवस्था पटरी से उतर बई लेकिन भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रही। भारत की इस उपलब्धि पर सभी को गर्व होना चाहिए लेकिन अपनी आदत से मजबूर विपक्ष के कई नेता इस उपलब्धि पर भी सवालिया निशान लगा रहे हैं और प्रतिव्यक्ति आय कम होने तथा बेरोजगारी की समस्या को लेकर इस उपलब्धि को कमतर करके दिखाने की हास्यास्पद कोशिश कर रहे हैं। बहरहाल केन्द्र सरकार भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए जिस तरह संकल्पित है उसे देखते हुए बहुत जल्द भारत के तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सपना साकार हो सकता है।

ट्रंप का भारत विरोधी रवैया समझ से परे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जो अपने पहले कार्यकाल में भारत से अपनी दोस्ती का दम भरते थे और भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना सच्चा मित्र बताते थे अब उन्होंने अपने दूसरे कार्यकाल में भारत विरोधी रवैया अपना लिया है जो समझ से परे है। डोनाल्ड ट्रंप लगातार ऐसे निर्णय ले रहे हैं और उटपटांग बयान दे रहे हैं जिससे भारत और अमेरिका के बीच संबंधों में खटास पड़ सकती है। पहले तो उन्होंने अमेरिका में रहने वाले भारतीय घुसपैठिए को बेड़ी और हथकड़ी लगाकर भारत वापस भेजा था उसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम को लेकर डोनाल्ड ट्रंप ने क्रेडिट लेने की नाकाम कोशिश की और अब उन्होंने एपल को धमकी दी है कि यदि उसने भारत में आईफोन बनाना जारी रखा तो अमेरिकी एपल के आईफोन पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा देगा। गौरतलब है कि एप्पल ने पहले चीन में अपनी औद्योगिक इकाई शुरू की थी जो अभी भी चल रही है लेकिन अब एपल भारत में अपना कारोबार बढ़ा रहा है तो डोनाल्ड ट्रंप को इसमें तकलीफ हो रही है। वे चाहते हैं कि एपल अमेरिका में ही अपना उत्पादन शुरू करे लेकिन एपल उनकी इस धमकी के आगे झुकने को तैयार नहीं है। ऐसा लगता है कि भारत की बढ़ती ताकत और मजबूत होती अर्थव्यवस्था से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चिढ़ गये हैं और वे सिर्फ भारत के साथ दिखावे की दोस्ती रख रहे हैं। जबकि भारत के पीठ में छूरा भोकने का कोई मौका वे नहीं छोड़ रहे हैं। ऐसे में भारत को अमेरिका से सावधान रहने की जरूरत है। क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी विश्वसनीयता खोते जा रहे हैं।

'प्रोफेसर के रूप में जेल गए 'आरोपी' होकर बाहर निकले'

राजीव खण्डेलवाल

आप को अभिव्यक्ति का अधिकार है। परन्तु ऐसे शब्दों के इस्तेमाल की क्या जरूरत पड़ गई जो अपमानजनक, मर्यादा के खिलाफऔर दूसरों को असहज करने वाले हों? उनकी भावनाओं का भी ख्याल रखें। शब्द सिंपल और सहज हो, सम्मानजनक हो और तटस्थ हो। आपने जो कहा उसे कानून में ''डॉग व्हिसलिंग'' (द्विअर्थी बातें करना) कहा जाता है।''

लोग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात करते हैं, लेकिन जिम्मेदारियां भी होनी चाहिए। दूसरों की रक्षा करने का कर्तव्य कहां है? सभी लोग अधिकारों की बात करते हैं, मुझे ये करने का अधिकार है, वो करने का अधिकार है। ऐसा लगता है कि जैसे पूरा देश पिछले 75 सालों से लोगों को सिर्फअधिकार बांट रहा है उन्हें ये बताये बिना कि देश के प्रति उनका कर्तव्य क्या है? ''डॉग व्हिसलिंग'' का अर्थ है, ऐसी भाषा या संदेश का उपयोग, जो सतह पर सामान्य प्रतीत हो, लेकिन वास्तव में किसी विशेष समूह को उकसाने या निशाना बनाने का इरादा रखता हो। यह एक ऐसी रणनीति है, जो सामाजिक तनाव को बढ़ा सकती है। इस एक शब्द के द्वारा न्यायालय ने प्रोफेसर अली को ''द्विअर्थी'' शब्दों का उपयोग कर सांप्रदायिक होने की बात कही।

हरियाणा के अशोका विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद द्वारा की गई एक फेसबुक पोस्ट दिनांक 7 मई को लेकर हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया और भाजपा के सरपंच योगेश राठी जो भाजयुमो के महासचिव है, द्वारा शिकायत करने पर दो प्राथमिकियां में धारा 79, 152, 196(1), 197(1) 299 एवं 353 भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध दर्ज की गई। पुलिस द्वारा 24 घंटे के भीतर गिरफ्तारी की जाकर उनका पुलिस व ज्यूडिशियल रिमांड लिया। प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के प्रमुख राजनैतिक व शाही परिवार से आते हैं। उनके नाना पद्म भूषण जगत सिंह मेहता अटल बिहारी वाजपेई के विदेश मंत्री रहते समय भारत सरकार के विदेश सचिव थे। पिताजी मोहम्मद आमिर खान उत्तर प्रदेश से दो बार कांग्रेस पार्टी से विधायक रहे, और जम्मू कश्मीर के पूर्व मंत्री हसीब द्राबु के दामाद हैं। वे स्वयं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता रहे। वे एक लेखक व काफी पढ़े लिखे शिक्षाविद होकर कैंब्रिज यूनिवर्सिटी और दमिश्क यूनिवर्सिटी से डिग्रियां प्राप्त की।

फेसबुक पोस्ट क्या कहती है।

प्रोफेसर अली की फेसबुक पोस्ट को लेकर अपने को ''एक्टिविस्ट'' कहलाने वाले देश के अधिकतर बुद्धिजीवियों की राय एक सी ही है, जो किसी भी रूप में उसे गलत नहीं मानते हैं। इसे आप दो भागों में देख सकते हैं। प्रथम जहां वे ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग की बढ़ाई करते हैं। वहीं दूसरी ओर आगे वे सरकार को ''चेतावनी भरी सलाह'' भी देते हैं। आईये पढ़िए! ''ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह इन दो महिलाओं द्वारा सूचना देने का 'नजरिया' महत्वपूर्ण है। यह प्रेस ब्रीफिंग दिखाती है कि भारत अपनी विविधता में एकजुट है और एक विचार के तौर पर पूरी तरह से मरा नहीं है''। यहां तक की पोस्ट पर किसी को आपत्ति नहीं है। परंतु आगे वे लिखते है ''इस 'नजरिए'' को ''हकीकत'' में बदलना चाहिए, नहीं तो यह सिर्फ ''पाखंड'' है। आम मुसलमानों के लिए ''जमीनी हकीकत'' उससे अलग है, जो सरकार ''दिखाने'' की कोशिश कर रही है। इसमें गलत क्या है? गंदला दीखे तो क्या, है तो गंगाजल ही÷। परंतु इन्ही कथनों पर उच्चतम न्यायालय ने अली जो छात्रों की ÷क्लास÷ लेते है, की ÷क्लास÷ उच्चतम न्यायालय ने ले ली। ''प्रोफेसर अली ने गिरफ्तारी के बाद स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि मेरी पोस्ट को पूरी तरह से गलत समझा गया। मैंने दोनों महिलाओं की प्रशंसा की है। इसका मकसद सामाजिक न्याय और भारत की विविधता को उजागर करना था। महिला आयोग की कार्यवाही को उन्होंने सेंसरशिप और उत्पीड़न का नया तरीका'' बताया।

अली की पोस्ट पाकिस्तानी एजेंडा को ध्वस्त करने में सहायक थी? अथवा अली के विरुद्ध की गई कार्रवाई?

आपको पहले यह समझना होगा कि पाकिस्तानी एजेंडा क्या था? जो आज पूरे विश्व के सामने स्पष्ट रूप से आ चुका है। भारत का 7 सर्वदलीय डेलिगेशन 59 सदस्यों के साथ विश्व के 33 देशों में पाकिस्तान की करतूतों की जानकारी देने गया हैं। निश्चित रूप से ''पाकिस्तान प्रायोजित''

आतंकियों ने धार्मिक आधार पर हिंदू-मुस्लिम कर पहलगाम आतंकी हमले के द्वारा आतंकियों ने धर्म पूछ कर निम्न स्तर पर उतर कर कपड़े उतार कर 25 भारतीयों की जघन्य हत्याएं की, उसके पीछे मात्र एक उद्देश्य भारत की सांप्रदायिक सद्भाव और एकता में मौजूद बारीक सी ''दरार'' को चौड़ा करना था। प्रोफेसर अली की पोस्ट को संपूर्णता में पड़े, तो वह सांप्रदायिकता को बढ़ावा न देकर सांप्रदायिक सदभाव को आगे नीचे धरातल तक उतारने की भावना व चेतावनी युक्त सलाह थी। उच्चतम न्यायालय की 'नजर' से अली को सांप्रदायिक कहते समय शायद पाकिस्तान का उक्त एजेंडा शायद ''नजरअंदाज'' हो गया। यद्यपि पाकिस्तान के इस कुटिल कुत्सित उद्देश्य को देश की ''सांप्रदायिक सदभाव की मजबूत दीवार ने भांप'' लिया। फ्लतः कश्मीर सहित पूरे देश में सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देकर ''सांप्रदायिकता'' को फैलने नहीं दिया। देश के इतिहास में अनुच्छेद 370 के हटाने के बाद कश्मीर में पहलगाम घटना के विरोध की प्रतिक्रिया में ÷खारे समंदर में मीठे कुएं की तरह÷ जिस तरह से स्थानीय मुसलमान खुलकर सामने आए, उससे पहली बार यह लगा कि ''कश्मीरियत भारतीयता में समाविष्ट हो गई है''। यह भारत सरकार की कश्मीर नीति की सफ्लता भी है। प्रोफेसर अली ने अपनी पोस्ट में इसी सांप्रदायिक सद्भाव की बात कही थी। उन्होंने ''जमीनी हकीकत'' की ओर इशारा करते हुए इस सांप्रदायिक सद्भाव को जमीनी स्तर तक उतारने की बात कहीं, जो सांप्रदायिक नहीं है। क्योंकि इससे भी ज्यादा चुभने, अपमानजनक पोस्ट राजनीतिक दलों से लेकर राज सर देसाई जैसे अनेक पत्रकारों बुद्धिजीवियों की पहलगाम में घटना से लेकर ऑपरेशन सिंदूर व उसके बाद की घटनाक्रम में हैं, जिन पर कोई कार्रवाई आज तक नहीं हुई है। तब मोहम्मद अली के वर्ग विशेष के होने से उनकी पोस्ट में जो सांकेतिक रूप से कमी का उल्लेख किया है, उसको ''बल'' मिलता है। उच्चतम न्यायालय के अनुसार यह कहने का यह उचित समय नहीं है। तथापि मौजूदा मौजूद परिस्थितियों के चलते ''पाकिस्तानी एजेंड़ा के जवाब में'' उक्त पोस्ट सामयिक लगती है। हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्षा रेनू भाटिया जिनकी शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज हुई, इंडिया टुडे प्लेटफार्म पर एंकर द्वारा बार-बार पूछे जाने पर यह नहीं बतला पाई कि कौन से ''शब्द'' कर्नल सोफिया के विरुद्ध कहे गए हैं। दूसरी ओर राष्ट्रीय मानवधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए यह कहते हुये कि प्रथमदृष्ट्या गिरफ्तारी मानवाधिकार व स्वतंत्रता का हनन प्रतीत होती है, हरियाणा पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर जवाब मागा है। इन दोनों स्थितियों से प्रोफेसर अली की स्थिति मजबूत होती है।

''जस्टिस सूर्यकांत की टिप्पणियों से उभरते प्रश्न''।

आइये! समझने का प्रयास करते हैं, जस्टिस सूर्यकांत की अंतरिम आदेश पारित करते समय की गई टिप्पणियों से कौन-कौन से बिंदु उभरते हैं?-

1. लेकिन क्या यह समय इतना सांप्रदायिक होने की बात करने का है? देश ने एक बड़ी चुनौती का सामना किया है। दहशतगर्द हर तरफसे आए और हमारे मासूमों पर हमला किया। हम एकजुट रहे। लेकिन इस समय इस अवसर पर सस्ती लोकप्रियता क्यों हासिल की जा रही है?''

2. अली की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा, 'संकट के समय जब पूरा देश एकजुट है, तब सांप्रदायिक बात क्यों?

3. शब्दों का चयन जानबूझकर दूसरों को अपमानित करने, नीचा दिखाने या असुविधा पैदा करने के लिए किया है। प्रोफेसर, जो की विद्वान व्यक्ति हैं, उनके पास शब्दकोश की कमी नहीं हो सकती। वे दूसरों को चोट पहुंचाए, बिना सरल भाषा में उन्हीं भावनाओं को व्यक्त कर सकते थे। उन्हें दूसरों की भावनाओं के प्रति सम्मान दिखाना चाहिए था। उन्हें दूसरों का सम्मान करते हुए सरल और तटस्थ भाषा का इस्तेमाल करना चाहिए था''।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1895 में 27 मई की हो ब्रिटिश आविष्कारक बर्ट एक्रेस ने फिल्म कैमरा/प्रोजेक्टर का पेटेंट कराया था। 1908 में आज ही के दिन मौलाना हकीम नुरूद्दीन अहमदिया मुस्लिम समुदाय के पहले खलीफा बने थे। 1921 में आज ही के दिन ब्रिटेन के नियंत्रण के 84 साल बाद अफगानिस्तान को संप्रभुता मिली थी। 1927 में आज ही के दिन चीन के गृह युद्ध में जापानी सेना का दखल हुआ था। 1941 में आज ही के दिन जर्मन जंगी जहाज बिस्मार्क को ब्रिटिश नौसेना ने डुबोया था।1948 में 27 मई को ही महात्मा गांधी की हत्या का मुकदमा शुरू हुआ था। 1957 में कॉपीराइट विधेयक को मंजूरी दी गई थी और इसे 21 जनवरी 1958 को लागू किया गया था। 1977 में आज ही के दिन पैन एम और केएलएम के 2 विमान टकराने से 582 की मौत हो गई थी। 1991 में आज ही के दिन ऑस्ट्रिया के बोइंग विमान में धमाका हुआ था और 223 लोगों की मौत हो गई थी। 1997 में आज ही के दिन केवल महिलाओं का पहला दल उत्तरी ध्रुव पर पहुंचा था और इसमें 20 ब्रिटिश महिलाएं शामिल थीं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सौंधी मिट्टी की

सौंधी मिट्टी की खुशबू बहुत कम समय तक ही क्यों आती है मुझे बेहद पसंद है महकना सौंधी मिट्टी सा तुम सँग बरसती बारिश में न मालूम क्यों नयनों ने ठान लिया साथ हों लें वो भी चेहरे पर बहती बूंदों के और अनायास ही उन्होंने छलका दिए अनगिनत आँसू सुनो तुम मत बह जाना इस बाढ़ में आज। - **शुचि भवि**

तरसती हैं मेरी

तरसती हैं मेरी आँखें तेरे दीदार को हमदम ज़रा सा देख ले आकर के इस बीमार को हमदम मेरी तपती हथेली पे नरम नाजुक हथेली रख लगा ले तू गले से अपने बिछड़े यार को हमदम कभी सोचा नहीं था फिर से तुझको यूं पुकारेंगे मेरी आवाज़ पे आवाज़ दे एक बार को हमदम!!

- नीरू श्रीवास्तव

खास पाती

अब रोयें भी तो ना बहना तुम

अब रोयें भी तो ना बहना तुम आसूँ सब सहना कुछ ना कहना तुम आसूँ दुःख ज्वर से तपता मेरा कोमल मन ओढ़ चुनरिया मौन रहना तुम आसूँ घाव दर्द के पीड़ा में हरे होकर ही रहेगें वैध से कुछ ना कहना तुम आसूँ जो दिख रहा वो खेल तमाशा इश्क़ का अब खेल-खेल में ना बहना तुम आसूँ - **नीरज वर्मा नीर**

तुम्हारे इश्क़ का वो ज़ायका नहीं जाता

तुम्हारे इश्क़ का वो ज़ायका नहीं जाता। मगर ये ज़ुल्म भी इतना सहा नहीं जाता। लगा दीं बंदिशें तुमने भी सांस लेने पर, क़फ़स में सोने के हमसे रहा नहीं जाता। सियाह रात पे लिख दूं मैं चांदनी महकी, ख़याल आते हैं लेकिन लिखा नहीं जाता। बसा ली हमने गृहस्थी सुकूं भी है लेकिन, मुहब्बतों का वो पहला नशा नहीं जाता। हम इंतज़ार में बैठे बिछाएं हैं पलकें, समझिए आप ये हमसे कहा नहीं जाता। दुरूह रास्ते हों पर क़रीब हो मंजिल, थकान कितनी हो फिर भी रुका नहीं जाता। खसारा इश्क़ का भरपाई कर रहे हैं प्रखर, बगैर इश्क़ के लेकिन रहा नहीं जाता। - **डॉ राजेश प्रखर**

सुरक्षा की भर-भर झोलियाँ गारंटी हैं,

सुरक्षा की भर-भर झोलियाँ गारंटी हैं, घर के बाहर बुलडोजर सटाया गया है बड़े मासूम मियां तुम दिख रहे हो , मसीहा बच्चा -बच्चा भड़काया गया है कहाँ हैं ग्रंथ और शिक्षाएँ बोलो, हर एक निज अस्तित्व पर अटकाया गया है मैं भी अपनी खाल में खामोश था, मुझे भी मौजूदा हालात में धमकाया गया है - **केदारनाथ शब्द मसीहा**

आँखों के ये घेरे, मुझे बदनाम करेंगे रातों

आँखों के ये घेरे, मुझे बदनाम करेंगे रातों के अँधेरे ,मुझे बदनाम करेंगे चेहरे से ही पढ़ लेगी, कमबख्त यह दुनियाँ दुश्मन हैं जो मेरे ,मुझे बदनाम करेंगे ख्वाबों में गुज़र तेरा ,छुपाऊँगी मैं कैसे बाहों के ये घेरे मुझे बदनाम करेंगे बरसात के मौसम में ,बरसेंगी ये आँखें बादल ये घनेरे मुझे बदनाम करेंगे जब तेरे तसव्वुर से महकेंगी ये सांसें खुशबू के ये डेरे मुझे बदनाम करेंगे। - **अनु मित्तल**

जुल्म की लाठी उन्नत है उस मुल्क में

जुल्म की लाठी उन्नत है उस मुल्क में, बदजनों की हुकुमत है उस मुल्क में। हौसलों की निगाहें भी सहमी हुईं, आंसुओं की इबादत उस मुल्क में। झुक चुके हैं सियासत के पैरों पे सर, बुजदिली ही शराफ़त है उस मुल्क में। वक़्ते-भोजन ही खुलते हैं लोगों के मुख, स्वाभिमां इक कहावत है उस मुल्क में। खातिरे मुल्क, कुर्बानी अब कौन दे, सबको गद्दारी की लत है उस मुल्क में। दादा के मुल्क से दानी को प्यार है, मेरे लोगों की तुरबत है उस मुल्क में। - **संजय दानी**

बरसो हो गए है तुमसे गले लग

बरसो हो गए है तुमसे गले लगे हुए महीनों बीत गए तुम्हारी सीने की धड़कने सुने हुए समंदर आंखों का बहता रहा आवारा बन गालों पर पल बीत गए आंखों के बिना मुस्कुराते हुए लम्हा लम्हा साथ रहते तो है मगर युग गुजर गए एक दूसरे से बातें न करते हुए स्वरा कहे श्वाशों कि दावेदारी नही होती अब मुझसे तुमने सुनी ही नही मेरी श्वाशों की सिसकियों को कई बार रुकते हुए गुज़र गए पल,गुजर भी रहा है वक़्त आगे गुजरेंगे भी दिन सुनो,जब विदा होंगे तो बस एक तारीख़ होगी वक़्त की मुक्ति को भी नही देखेंगे हम क़भी फ़िर मिलते हुए स्वरा - **सुरेखा अग्रवाल**

खंड- (1) : राष्ट्र की बात

ट्रैक्टर ट्रॉली का सच

विजय कुमार गुप्ता

परंतु जीत मिलने तक समझना है,
ऐसे बालकों से कितनों की प्रीत है,
अकेले की दमखम की ही रीत है।
बच्चे ही तो देश दुनिया भविष्य हैं,
बालमन को समझने का सहारा
इशारा मंतव्य कहां छिपा बैठा है।
सूरज तो कल फिर रोशनी बिखेरेगा,
रास्ते का जाम कुछ देर ही रहेगा,
बालमन में क्रिकेट खेल की कशिश,
कितनी दूर तक चलेगी।
मन तो आज मन्नत मांगता है,
ऐसे बालकों के लिए भी तो सरजमीं होगी।
ट्रैक्टर की ट्रॉली से क्रिकेट हसरत भी हसीं होगी।
क्या पता कल ऐसे गुमनाम बच्चों की सफ्लता पर,
आनेवाले बच्चों को इन्हीं मिसालों की चर्चा होगी।
सचिन, विराट जैसी मिसालों की चर्चा होगी
अनमोल धरोहर मिसालों की चर्चा होगी।

QUIZ TIME

1) भीमा नायक का संबंध किस रियासत से था?

2) रामचन्द्रिका किसकी प्रसिद्ध रचना है?

3) हाल ही में, कौन सा देश मेनिनजाइटिस के लिए वैक्सीन तैयार करने वाला पहला देश बन गया है?

4) साइबर सुरक्षा में एक फायरवॉल का क्या उद्देश्य है?

5) हाल ही में, कौन सा भारतीय स्टेडियम नई हाइब्रिड पिच वाला पहला बीसीसीआई मान्यता प्राप्त स्थल बन गया है ?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) बड़वानी (2) केशवदास (3) नाइजीरिया (4) एक नेटवर्क की अनाधिकृत पहुँच को अवरुद्ध करना (5) हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:38, सूर्यास्त : 07:09, चन्द्रोदय : 28:57,चन्द्रास्त : 18:35, अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), मास : ज्येष्ठ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : अमावस्या, नक्षत्र : कृत्तिका, योग : अतिगण्ड, प्रथम करण : शकुनि (12:11 तक), द्वितीय करण : चतुष्पाद (22:21 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृष, चंद्र : वृष (13:40 से), मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : वृष (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मिथुन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:46 से 12:42, अमृत काल : 27:25 से 28:50, विजय मुहूर्त : 14:33 से 15:28, गोधूलि मुहूर्त : 19:09 से 19:29, सायाह्न सन्ध्या : 19:10 से 20:11, निशिता मुहूर्त : 23:54 से 24:34, राहुकाल : 15:00 से 16:30, राहुवास : उत्तर-पश्चिम, यमगण्ड : 10:30 से 12:14, दुर्मुहूर्त : 12:42 से 13:37, होमाहुति : केतु, दिशा शूल : पूर्व, अग्निवास : पृथ्वी (12:11 तक), चन्द्र वास : पूर्व (दक्षिण 13:40 से)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आपका आज का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। पारिवारिक वातावरण परिस्थिति अनुसार ढल जाएगा।

वृषः आपके लिए आज का दिन सुख सौभाग्य में वृद्धि करेगा। आज आप अपने विवेक एवं चातुर्य से सर्वत्र प्रशंशा के पात्र बनेंगे।

मिथुनः आज का दिन प्रतिकूल परिस्थितियां लाएगा। सरकारी कार्य मे सफलता निकट आते आते हाथ से निकल सकती है।

कर्कः आज का दिन धन के साथ सम्मान में भी वृद्धि कराएगा लेकिन अनर्गल प्रवृतियों में मान हानि के जिम्मेदार भी आप स्वयं ही रहेंगे।

सिंहः आज का दिन पिछले कुछ दिनों की अपेक्षा अच्छा बीतेगा। धार्मिक गतिविधियों से जुड़ने का लाभ आपको अवश्य मिलेगा।

कन्याः आज का दिन भाग्योदय करने वाला रहेगा। संध्या का समय थकान वाला परन्तु अधिक आनंददायक रहेगा।

तुलाः आज के दिन स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता है खान-पान का विशेष ध्यान रखें ठंडे तरल प्रदार्थो के सेवन से परहेज करें।

वृश्चिकः आज के दिन आप दिन भर दुविधा में रहेंगे पल पल पर प्रतिकूलताएँ मिलने से मानसिक संतुलन बिगड़ेगा।

धनुः आज आप जिस भी कार्य को करने का प्रयत्न करेंगे उसमे आरम्भ में व्यवधान आएंगे लेकिन अंत मे परिणाम संतोषजनक रहेंगे।

मकरः आपका आज का दिन राहत भरा रहेगा आर्थिक रूप से दिन ज्यादा महत्त्वपूर्ण नही रहेगा लेकिन सामाजिक रूप से आज कुछ ना कुछ शुभ होने वाला है।

कुंभः आज के दिन प्रतिकूल परिस्थितयां दिन भर पीछा नही छोड़ेंगी आज आप जिस के भी संपर्क में रहेंगे उसे कुछ ना कुछ दुखद सौगात अवश्य देंगे।

मीनः आर्थिक रूप से दिन बेहतर रहने से आज के दिन आप अपनी इच्छाओं की पूर्ति कर सकेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

ऊपर से नीचे

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 059 का हल

स्मृ	ति		पा	व	क		बे	ल
	र	ज	नी	च	र			दद्द
मु	स्का	न		न	म	की	न	
सा	र		स			ट	ख	ना
फि		अ	जा	य	ब		रा	जा
र	च	ना		था	ल			य
		धि		र्थ		स	मा	ज
उ	प	कृ	त		आ	वा	ज	
ल्लू		त			व	ल	रा	म

■ न्यूज गैलरी

यूनिवर्सल रेल मिल के कर्मचारी हुए शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित

भिलाई। बीएसपी के यूनिवर्सल रेल मिल विभाग में शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में यूनिवर्सल रेल मिल के विशाल श्रीवास्तव, आकाश कुमार गुप्ता, नवीन कुमार, रतन कुमार साहू व अशोक शर्मा को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह में महाप्रबंधक प्रभारी (यूआरएम) विशाल गुप्ता ने चयनित कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, उनके जीवनसाथी हेतु प्रशंसा पत्र व मिठाई का कूपन देकर सम्मानित किया। उन्होंने शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित होने वाले कार्मिकों को बधाई देते हुए उनके कार्य के प्रति कर्मठ योगदान की प्रशंसा की। समारोह में महाप्रबंधक (यूआरएम) शिशिर शुक्ला, रजत मुखर्जी, इलियास अहमद, भास्कर रॉय, डीएन बेहरा, रणबीर पॉल व अन्य विभागीय अधिकारियों सहित मानव संसाधन विभाग मिल जोन-2 से सहायक प्रबंधक शिरीन शेक उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी बहोरन लाल साहू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में भुवन लाल साहू ने विशेष योगदान दिया।

मठपारा में महासफाई अभियान

दुर्ग। अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर निगम ने शहर के तालाबों, नल और बोर की सफाई का अभियान शुरू किया है। शहर के वार्ड 3 मठपारा में सुबह विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। क्षेत्र के सभी जलस्रोत तालाब, कुंआ, नलकूप, हैण्डपंप के आसपास साफसफाई के साथ जीर्णोद्धार के कार्य कराए गए। जनभागीदारी के साथ सामूहिक श्रमदान किया गया। स्वच्छता अभियान के तहत क्षेत्र की सफाई की गई। महापौर अलका बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों को जीवित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह अभियान अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है, जो उनके योगदान और आदर्शों को याद रखने के लिए एक विशेष पहल है। कमिश्नर ने पानी की बर्बादी न करने की अपील की। अपने घर के नलों में टोंटी जरूर लगाने और पानी बेवजह बर्बाद न करने देने की अपील की। इस दौरान वित्त विभाग प्रभारी व पार्षद नरेंद्र बंजारे, स्वास्थ्य प्रभारी नीलेश अग्रवाल, शशि साहू, नोडल स्वास्थ्य अधिकारी मोहेंद्र साहू, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, शोएब अहमद, पंकज चंद्रवंशी, गौतम साहू, भट्ट मौजूद रहे।

बार-बार प्रभावित हो रही पानी सप्लाई व्यवस्था आधे शहर में आज शाम को नहीं खुलेंगे नल

■ **42 एमएलडी फिल्टर प्लांट में होगा मेंटेनेंस का काम**

नवप्रदेश संवाददाता



दुर्ग। 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट के सब स्टेशन में 27 मई को मेन्टेनेस कार्य किया जाएगा। इसके लिये मंगलवार को शट-डाउन लिया जाएगा। शटडाउन के कारण दूसरी पाली यानी शाम के समय आधे शहर में पानी सप्लाई ठप रहेगी। प्रभावित वार्डों में पब्लिक की डिमांड के अनुसार निगम के जल गृह विभाग द्वारा टैंकरों से पानी सप्लाई की जाएगी।

निगम अफसरों ने बताया कि 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट व शिवनाथ नदी इंटकवेल में मोटर पम्प की खराबी को ठीक कर लिया गया है। इससे संबंधित टंकियों में सप्लाई सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है। महापौर अलका बाघमार व जल गृह प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने शहर के नागरिकों से अनुरोध किया है कि पर्याप्त मात्रा में जल संग्रहण कर लें, ताकि मेंटेनेंस कार्य के कारण जलसंकट का सामना न करना पड़े।

इन क्षेत्रों में नहीं खुलेंगे नल

24 एमएलडी टंकी रायपुर नाका, पांच बिल्डिंग सिविल लाईन, बोरसी वार्ड नं. 49 बोरसी पश्चिम, वार्ड नं. 50 बोरसी पूर्व, वार्ड नं. 51 बोरसी उत्तर, वार्ड नं. 52 बोरसी दक्षिण के आंशिक व वार्ड नं. 46 पद्मनाभपुर पूर्व के आंशिक पोटिया टंकी वार्ड नं. 52 बोरसी दक्षिण, वार्ड नं. 53 पोटियाकला उत्तर, वार्ड नं. 54 पोटियाकला दक्षिण, बघेरा वार्ड नं. 1 नयापारा, वार्ड नं. 2 राजीव नगर, वार्ड नं. 03 मठपारा दक्षिण, वार्ड नं. 04 मठपारा उत्तर रामनगर, बघेरा, बटालियन, सिकोला उरला वार्ड नं. 14 सिकोला भाटा, वार्ड नं. 15 सिकोला बस्ती दक्षिण, वार्ड नं. 16 सिकोला बस्ती उत्तर, वार्ड नं. 57 उरला पश्चिम, वार्ड नं. 58 उरला पूर्व, कातुलबोर्ड वार्ड नं. 21 तितुरडीह आंशिक, वार्ड नं. 59 कातुलबोर्ड पूर्व, वार्ड नं. 60 कातुलबोर्ड पश्चिम गंजपारा वार्ड नं. 37 आजाद वार्ड, वार्ड नं. 38 मिलपारा, वार्ड नं. 39 कचहरी वार्ड, वार्ड नं. 40 सुराना कॉलेज, वार्ड नं. 41 केलाबाड़ी, वार्ड नं. 42 कसारीडीह पश्चिम व पुलगांव पानी टंकी वार्ड नं. 55।

फर्जी बीपीएल प्रमाण पत्र से आरटीई के तहत कराया एडमिशन, एफआईआर दर्ज

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। गरीबी रेखा में नाम न होने के बावजूद फर्जी तरीके से दूसरों के बीपीएल सर्वे सूची क्रमांक पर अपना नाम दर्ज कर स्कूलों में एडमिशन लेने वाले पालकों के खिलाफ नगर निगम प्रशासन ने एक्शन ले लिया है। जांच करने पर पता चला कि नगर निगम भिलाई द्वारा बीपीएल प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है। बल्कि गलत ढंग से फर्जी प्रमाण पत्र बनाकर स्कूलों में प्रस्तुत किया गया है। बीपीएल सर्वे सूची सत्यापन लिंक में जाने पर वहां दूसरे व्यक्ति का नाम दर्ज है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन सहायक राजस्व अधिकारी प्रशान्त तिवारी ने सुपेला और स्मृति नगर थाने में जाकर एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर में कहा गया है कि जिस दस्तावेज के आधार पर स्कूल में दाखिला लिया गया है, वह निगम द्वारा जारी नहीं किया गया है। ऐसे पालकों के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिये। ऐसे बिचैलिए भी हैं जो निगम द्वारा जारी पूर्व के दस्तावेजो के आधार पर उसी के समान बीपीएल सर्वे क्रमांक डालकर दूसरे का नाम अंकित कर बीपीएल प्रमाण पत्र बनाकर दे रहे हैं। स्कूलों द्वारा भी निगम से प्रमाण पत्र का सत्यापन नहीं कराया जा रहा है।

बीपीएल प्रमाण पत्र का सत्यापन जरूरी

गौरतलब है कि वर्ष 2007-08 के गरीबी रेखा सत्यापन प्रमाण पत्र के आधार पर पालक अपने बच्चों का एडमिशन नामी प्राइवेट स्कूलों में कराते हैं। शिक्षा के अधिकार के तहत एडमिशन कराने से उन्हें भारी भरकम फीस व अन्य छूट की सुविधा मिल जाती है। बच्चों को नर्सरी से लेकर बारहवीं तक निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत ने जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर सूचित किया गया है कि जिन बच्चों का बीपीएल प्रमाण पत्र के आधार पर प्राईवेट स्कूलो में दाखिला हुआ है, उनका बीपीएल सत्यापन प्रमाण पत्र नगर निगम भिलाई के जोन कार्यालयों से कराया जाना अनिवार्य किया जाए। ताकि, केवल पात्र बच्चों को ही बीपीएल श्रेणी के आधार पर प्राईवेट स्कूलो में दाखिला मिल सके।

डुंडेरा में विधायक ललित चंद्राकर की उपस्थिति में सुशासन शिविर का समापन

समस्याएं सुनने खुद सरकार पहुंच रही आम जनता के बीच

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। प्रदेश की विष्णुदेव सरकार जनता के लिए समर्पित है। यह सरकार जनता की है। सरकार की मंशा है कि हर कार्य पारदर्शिता से हो। जनता की मांग और शिकायत का निराकरण सही समय पर हो। इसीलिए सुशासन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। निगम द्वारा आयोजित सुशासन शिविर में उक्त उद्गार दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने व्यक्त किये। विधायक चंद्राकर ने शिविर में कहा कि वे जनता के सेवक हैं। उन्हें आम नागरिकों ने चुनकर भेजा है। यह उनका दायित्व है कि जनता के लिए समर्पित रहकर कार्य करूं। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि वे जनता के लिए अपना व्यवहार नरम रखे। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद खिलेंद्र चंद्राकर, रोहित धनकर, हरिश्चन्द्र नायक, व मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में आयुक्त मोनिका वर्मा ने शिविर के उद्देश्यों और नागरिकों की समस्याओं व मांगों पर प्रकाश डाला।

शिविर के दौरान दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर व महापौर ने शिविर में लाभान्वित हितग्राहियों से मुलाकात की। गोदभराई रस्म में शामिल हुए। हितग्राही देव कुमारी, रोशनी बाघ, खेमीन, जागृति देवांगन शामिल थे। सुपोषण टोकरी जीयांश, तोषित, तुषार साहू, आदित्य टंडन को देकर परिजनों से मुलाकात की।

सबसे पहले सांसद प्रतिनिधि ने कराया टैक्स का पुनर्निर्धारण

रिसाली। नगर निगम रिसाली के 40 वार्डो में बने मकानों और दुकानों का दोबारा कर निर्धारण किया जाएगा। अधिक क्षेत्रफल में निर्माण कार्य कर टैक्स की राशि बचाने वालों से अंतर की राशि जमा कराई जाएगी। इसकी शुरूआत मैत्रीनगर निवासी सांसद प्रतिनिधि दीपक चंद्राकर ने की है। नापजोख के बाद निगम प्रशासन ने सांसद प्रतिनिधि को अंतर की राशि 1154 रुपए का भुगतान करने कहा है।

तीन माह में कार्य पूर्ण करने निर्देश :- निगम कमिश्नर मोनिका वर्मा ने राजस्व विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि वे निगम के 40 वार्डो में टैक्स पुनः निर्धारण कार्य तीन माह में पूरा करें। मकान व दुकान मालिकों को अंतर की राशि के बारे में विस्तार से बताएं। टैक्स पुनर्निर्धारण में रोड़े अटकाने वालों से सख्ती की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि कई लोगों ने अपने घर में दुकान का निर्माण कर व्यवसाय शुरू कर दिया है। कई लोगों ने घर को किराये पर दे दिया है। घर में हॉस्टल भी संचालित किया जा रहा है। इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए टैक्स का निर्धारण नए सिरे से किया जाएगा। जानकारी छिपाने पर एक्ट के तहत कार्यवाही की जाएगी।

झीरम के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। शहादत दिवस पर झीरम घाटी के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कारगिल में शहीद रजनीकांत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद झीरम घाटी के शहीद कांग्रेस नेताओं व वीर जवानों को पुष्प अर्पित किया गया। ताम्रध्वज साहू ने शहीद नेताओं को याद करते हुए कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का शहीद होना हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के लिए बहुत बड़ी क्षति है। उस समय राज्य में भाजपा सरकार थी। केंद्र और छत्तीसगढ़ में भी अब भाजपा सरकार है, लेकिन झीरम घाटी की घटना की जांच कर न्याय आज तक नहीं दिया गया। भाजपा सरकार को ध्यान देकर जांच कर न्याय दिलाना चाहिये। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री जितेंद्र साहू, विनोद गुप्ता, सरिता परगनिहा, दिनेश पटेल, भिलाई कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मुकुंद भाऊ, चंद्रकांत कोर, हेमीन चतुर्वेदी, सुरेंद्र बाघमारे, पंकज सिंह, महापौर शशि सिन्हा आदि उपस्थित थे।

बीएसपी कर्मी यशवंत साहू 'कोंगनिहा' के छत्तीसगढ़ी उपन्यास 'दाई' का विमोचन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। बीएसपी के कर्मचारी व साहित्यकार यशवंत साहू 'कोंगनिहा' द्वारा रचित छत्तीसगढ़ी उपन्यास 'दाई' का भव्य विमोचन 24 मई को अभनपुर के मंडी प्रांगण में हुआ। यशवंत साहू वर्तमान में संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग में प्रवर्तन अनुभाग में सहायक महाप्रबंधक के रूप में पदस्थ है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री (छत्तीसगढ़ शासन) श्याम बिहारी जायसवाल थे। जायसवाल ने यशवंत साहू के उपन्यास का विमोचन करते हुए इसकी सफलता के लिये लेखक को बधाई दी। उपन्यास विमोचन कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष (छत्तीसगढ़ कलार समाज) युवराज सिन्हा, अध्यक्ष (योग आयोग, छत्तीसगढ़) रूप नारायण सिन्हा, विधायक (बालोद) संगीता सिन्हा, विधायक (महासमुंद) योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक (अभनपुर) इन्द्र कुमार साहू और रिसाली की महापौर शशि सिन्हा छत्तीसगढ़ कलार समाज के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी व नागरिकगण भी मौजूद रहे।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री (छत्तीसगढ़ शासन) श्याम बिहारी जायसवाल ने उपन्यास की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की महान विभूतियों पर आधारित ऐसे साहित्य से युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। मां बहादुर कलारिन का चरित्र समाज के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने यशवंत साहू 'कोंगनिहा' को इस अनछुए विषय पर उपन्यास लेखन के लिए बधाई दी।

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग ने यशवंत साहू को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। उपन्यास 'दाई' छत्तीसगढ़ के कलार समाज की कुलदेवी मां बहादुर कलारिन की जीवनगाथा पर आधारित है, जिनका जीवन त्याग, संघर्ष और न्यायप्रियता का अद्वितीय उदाहरण है। उपन्यास में वर्णित है कि किस प्रकार मां बहादुर कलारिन ने एकल संघर्ष के माध्यम से अपने पुत्र छछानछाडू को सोररगढ़ का राजा बनाया, परंतु स्त्रियों के अपमान पर उसे मृत्युदंड देने से भी पीछे नहीं हटीं। लगभग 200 पृष्ठों में समाहित यह कृति छत्तीसगढ़ के बारहवीं शताब्दी के सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक जीवन का जीवंत चित्रण करती है। लेखक यशवंत साहू 'कोंगनिहा' इससे पहले 'दसमत' जैसे महत्वपूर्ण उपन्यास की रचना कर चुके हैं, जो विश्वविद्यालय स्तर पर संदर्भ ग्रंथ के रूप में सम्मिलित है। अन्य साहित्यिक कृतियों में 'मैं बस्तर स्वर्णिम अतीत', 'वह धरा जहां पर सुर गूंजा', 'संगम', 'राजिम' तथा 'पलायन' प्रमुख हैं।

आज स्वीमिंग पूल का शिलान्यास

भिलाई/नवप्रदेश। खेलगांव पुरई में तैराकों का भविष्य गढ़ने सर्वसुविधायुक्त नए प्रस्तावित स्वीमिंग पूल का शिलान्यास 27 मई 2025 को बाजार चौक पुरई में दोपहर 1 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे। अध्यक्षता दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर करेंगे। विशिष्ट अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, जिपं अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ उपाध्यक्ष रमेश कुमार श्रीवास्तव, जिपं सभापति श्रद्धा पुरेंद्र साहू, महापौर शशि सिन्हा, जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, श्रम कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, नपं उतई अध्यक्ष सरस्वती साहू, अधिवक्ता व भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा उपाध्यक्ष तुलसी साहू, जनपद सदस्य झमित गायकवाड, पुरई के सरपंच डोमार सिंह साहू, उपसरपंच पुरई और भाजपा मंडल अध्यक्ष होंगे।

देवी की पूजा और आराधना का सशक्त माध्यम है जसगीत : गजेन्द्र

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। श्री शिवशंकर आदर्श सेवा समिति नयापारा में दो दिवसीय जसगीत प्रतियोगिता में विधायक गजेंद्र यादव शामिल हुए। इसके अलावा श्री नव हिंद आजाद सांस्कृतिक सेवा समिति बांसपारा में भी तीन दिवसीय सेवा जसगीत प्रतियोगिता में विधायक शामिल हुए। इस दौरान जसगीत मंडलियों द्वारा जीवंत झांकी का प्रदर्शन किया गया। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि जसगीत, देवी की पूजा और आराधना का सशक्त माध्यम है। इससे हमारी भक्ति और आस्था को बढ़ावा मिलता है। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा भी है। देवी जसगीत एक पारंपरिक लोक कला है, जो देवी-देवताओं की स्तुति में गाया जाता है। इनका महत्व सांस्कृतिक और धार्मिक दोनों स्तरों पर है, क्योंकि ये देवी-देवताओं की शक्ति और महिमा का प्रदर्शन करते हैं। समुदाय को एकजुट भी करते हैं। छत्तीसगढ़ में देवी जसगीत एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक परंपरा है। जस गीतों के माध्यम से लोककला को बढ़ावा मिलता है और स्थानीय कलाकारों को अपनी कला को प्रदर्शित करने का मौका मिलता है। इस अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी सदस्य मनीष साहू, लीलाधर पाल, पार्षद गोविन्द देवांगन, मनीष कोठारी, पार्षद ममता सेन, संतोष शर्मा, रामलोचन तिवारी, जागेश्वर साहू, मंजीत कुम्भकार, अशोक राठी, जयराम यादव व आयोजन समिति के सदस्यगण सहित वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

बीएसपी अफसरों से बोले विधायक देवेंद्र - शीघ्र सुलझाएं टाउनशिप एरिया की जनसमस्याएं

■ **बार-बार बिजली गुल, आवारा पशु, लीज नवीनीकरण, कार्मिकों के आवास मेंटेनेंस सहित कई मुद्दों पर चर्चा**

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र यादव ने आज बीएसपी के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक में क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाएं न मिलने पर नाराजगी जताई। बार बार बिजली गुल होने की समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए समस्या का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिये।

विधायक ने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। लगातार बिजली कटौती से आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ट्रांसफॉर्मर की स्थिति, ओवरलोडिंग और लाइन फॉल्ट की नियमित निगरानी करें और समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाएं।

विधायक देवेंद्र यादव ने बारिश के मद्देनजर नालों की सफाई कार्य में तेजी लाने कहा। उन्होंने कहा कि हर साल बारिश से पहले नालों की सफाई न होने के कारण जलभराव की स्थिति होती है। इसके कारण स्थानीय लोगों को दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं। उन्होंने अधिकारियों से नालों की सफाई का काम जल्द से जल्द पूरा करने कहा। विकास कार्यों को लेकर विधायक ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि कई जरूरी विकास योजनाएं अनापत्ति प्रमाण पत्र न मिलने के कारण अधर में लटकी हैं। उन्होंने अधिकारियों से सभी रुके हुए प्रोजेक्ट्स के लिए एनओसी जारी करने कहा, ताकि क्षेत्र में विकास की गति बनी रहे।

बैठक में विधायक ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनता ने अपने हितों की रक्षा के लिए उन्हें चुना है। वे जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें और उन्हें बेहतर जीवन देने के लिए काम करें।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम सविता देवांगन अन्य-1 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202505100400298/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका सविता देवांगन अन्य 01 आ./पति धर्मजीत देवांगन निवासी डुमरडीह उतई पाटन जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम सिकोला प.ह.न. 17 तह. व जिला दुर्ग	15/38	0.0139 हें 1500 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम रेखा मेश्राम | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202505100400294/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका रेखा मेश्राम आ./पति श्री विजयकांत मेश्राम निवासी उरला दुर्ग तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग	579/45	0.0093 हें 1000 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम तजिन्दर कौर | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202505100400225/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका तजिन्दर कौर आ./पति मनजीत सिंह सोनी निवासी सांई नगर चिखली तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग	579/46	0.0088 हें 952 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम पदमनी साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202505100400246/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका पदमनी साहू आ./पति दिनेश कुमार साहू निवासी बजरंग चौक रुआबांधा भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 52 तह. व जिला दुर्ग	224/61	0.0140 हें 1500 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम अंजली साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202505100400219/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका अंजली साहू आ./पति विभिना लाल साहू निवासी लक्ष्मीनगर रिसाली तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग	782/12	0.0120 हें 1237 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम विजय कुमार साहू अन्य-1 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202505100400221/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री विजय कुमार साहू अन्य 01 आ. द्वारिका प्रसाद साहू निवासी भण्डारपुर द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम जेवरा प.ह.न. 13 तह. व जिला दुर्ग	176/16	0.0180 हें 2000 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री यशवंत कुमार | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202505100400220/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री यशवंत कुमार आ. जीवनलाल निवासी सिकोसा बालोद तह.व जिला बालोद द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम सिकोला प.ह.न. 08 तह. व जिला दुर्ग	202/131	0.0230 हें 2300 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम यामिनी कुर्रे | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202505100400252/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका यामिनी कुर्रे आ./पति नादूराम कुर्रे निवासी ओखरा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग	939/38	0.0141 हें 1516 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

■ न्यूज गैलरी

श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष बने संतोष साहू

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संध भाटापारा ईकाई की स्थानिय विश्राम गृह में रविवार को बैठक आहुत की गई बैठक में श्रमजीवी पत्रकार संघ का पुर्नगठन करते हुए सर्वसम्मति से संतोष साहू को अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष अजय यादव एवं अमृत साहू, कोषाध्यक्ष सतीश गुप्ता, सचिव नदीम खान, सह सचिव बजरंग ध्रुव, कार्यालय प्रभारी सरिता ध्रुव, प्रचार-प्रसार प्रभारी राज गुप्ता एवं रवि साहू को मनोनित किया गया ।वही संरक्षक मंडल में भुपेश धर दीवान, मुकेश शर्मा,नरसिंह यादव, राजेश यादव एवं संयोजक के रूप में कोमल शर्मा, प्रशांत वर्मा एवं अब्दुल मन्नान बांठिया को नियुक्त किया गया । बैठक में तुलसीराम जायसवाल एवं अन्य लोग भी शामिल रहे। नव नियुक्त अध्यक्ष संतोष साहू एवं अन्य पदाधिकारीयो को नवीन जिम्मेदारी मिलने पर शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामना दी है,उक्त जानकारी संगठन के संयोजक कोमल शर्मा ने दी।

जायसवाल नीको इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया

धरसीवां/नवप्रदेश। जायसवाल नीको इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत संयंत्र के आसपास के गांव मुरेठी में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कंपनी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एस के स्वेन के निर्देशन तथा मानव संसाधन विभाग के प्रमुख आलोक पांडे के मार्गदर्शन मे आयोजित किया गया ,नीको कंपनी आसपास के गांव में लगातार शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हैं !इसी कड़ी में आज निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया .शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाना और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। .

गायत्री देवी का निधन

दुर्ग/नवप्रदेश। गायत्री देवी धर्मपत्नी कृष्णकुमार विनोद (नाहंदा वाले)का आकस्मिक देहावसान हो गया। अंतिम संस्कार रविवार 25 मई को सुभाष नगर दुर्ग श्मशानघाट में किया। इस अवसर शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि कर शोक संतप्त परिवार को इस असीम दुःख सहने औ संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई।

सेना के सम्मान में महिलाओं ने रैली निकाल जताया आभार

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर में सिंदूर ऑपरेशन की सफलता की खुशी में महिलाओं ने लाल साड़ी और माथे में लाल सिंदूर के साथ नगरपालिका से रैली की शक्ल में निकलकर भारत माता चौक पर सेना के जवानों और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया।

इस दौरान महिलाओं ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के द्वारा 6 मई की अर्ध रात्रि को पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के नौ स्थानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई सर्जिकल स्ट्राइक का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम भारतीय महिलाओं का मान बढ़ाया। इसी सिंदूर ऑपरेशन की सफलता पर नगर की बहनों ने लाल साड़ी पहनकर और सिंदूर का लंबा से तिलक लगाकर नगर पालिका प्रांगण में एकत्रित होकर एक रैली निकालकर शहर थाना होते हुए

भारत माता चौक में इस कार्यक्रम का समापन किया गया।

इस अवसर पर सीमा शिवरतन शर्मा, श्रीमती नेहा अश्वनी शर्मा ,नीरा देवी साहू आयशा खान ,सोनी छाबड़िया ,नीलम छाबड़िया, प्रीति शाह ,सूनिता गुरुवाणी, शीतलआर्या ,कचन तलरेजा रचना प्यारपानी ,संगीता सबलानी चंद्रकला साय, मीना सोनी, रेखा ध्रुव अंजलि जायसवाल ,तनुजा धृतलहरे ,मधु सोनी, सुकून ध्रुव, रितु यादव रागिनी डोंडे आदि महिला मोर्चा नेत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए कहां कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस सर्जिकल स्ट्राइक का ऑपरेशन सिंदूर का नाम देकर देश की सनातन संस्कृति का मान बढ़ाया है

वास्तव में सिंदूर हम महिलाओं की सुहाग का प्रतीक होता है और दुष्ट आतंकवादियों ने हमारी 26 बहनों के मांग का सिंदूर उजाडे जाने के 15 वे दिन ही उनके घर में घुसकर बदला लिया है जिससे हर भारतीय आज गर्व महसूस कर रहा है महिला नेत्रियों ने आगे कहां कि पाकिस्तान को मालूम होना चाहिए कि देश में इस समय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली मजबूत सरकार है जो अपने किसी देशवासी पर किए गए हमले पर उसके घर में ही घुसकर मारना जानती है ।

सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप कार्य योजना का आयोजन

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। अंचल के प्रतिष्ठित पीएमश्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ठ विद्यालय गोबरा नवापारा में आज 26 मई को मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप कार्ययोजना का शुभारंभ किया गया। भाषायी समर कैंप के पहले दिवस बुनियादी अभिवादन, अभिव्यक्तियां,अक्षर ज्ञान, संख्या एवम हस्ताक्षर के बारे में शिक्षको द्वारा बताया गया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य अशोक कुमार साहू, एसएन देवांगन, लता साहू, भरत लाल साहू ने बच्चो को भाषा के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर बीएल अवसरिया, विनोद साहनी, अश्वनी साहू, होरीलाल चांदने, सुषमा यादव, महेश कंसारी, सौरभ साहू, किशन सिंह ठाकुर व अन्य शिक्षकगण सहित बच्चे मौजूद थे। अंत में बच्चो को स्वल्पाहार भी कराया गया।

पति की दीर्घायु के लिए नगर भटगांव की महिलाओं ने रखा वट सावित्री व्रत

भटगांव/नवप्रदेश। नगर भटगांव मे सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख शांति के लिए वट सावित्री व्रत रखकर पूजा अर्चना की। जहां वट सावित्री व्रत पर महिलाओं ने दुल्हन की तरह सोलह श्रृंगार कर वट वृक्ष के पास पहुंचकर महिलाओं ने विधि विधान के साथ व्रत को पूरा किया। नगर के कई स्थानो मे वट वृक्ष के नीचे सुबह से ही सुहागिनों की भीड़ लगी रही। पूजा अर्चना के बाद सुहागिनों ने वटवृक्ष की परिक्रमा कर पूजा की। वट सावित्री व्रत मे वट और सावित्री दोनो का खास महत्व माना गया है। पीपल की तरह वट या बरगद का पेड़ का भी विशेष महत्व है। पुराणों की माने तो वट वृक्ष मे ब्रम्हा, विष्णु व महेश तीनों का वास है। वट सावित्री व्रत के दिन बरगद पेड़ के नीचे बैठकर पूजन, व्रत कथा सुनने से मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस व्रत मे महिलाएं सावित्री सत्यवान की कथा सुनाती है।

वट वृक्ष के नीचे बैठकर ही सावित्री ने अपने पति सत्यवान को दोबारा जीवित कर लिया था। विदित हो कि दूसरा कथा के अनुसार मार्कडेय ऋषि को भगवान शिव के वरदान से वट वृक्ष के पत्ते मे पैर का अंगूठा चूसते हुए बाल मुकुंद के दर्शन हुए थे, तभी से वट वृक्ष की पूजा की जाती है। वट वृक्ष की पूजा से घर मे सुख शांति, धनलक्ष्मी का भी वास होता है। वही छत्तीसगढ़ मे प्रमुख रूप से सुहाग पर्व के रूप मे मनाए जाने वाले वट सावित्री को लेकर नगर नव विवाहितों मे खास उत्साह देखा गया। सोलह श्रृंगार के साथ नई साड़ी, गहनों से सजी संवरी सुहागिने पूरे विधि विधान से वट वृक्ष की पूजा की। कच्चे सूत को लेकर परिक्रमा कर सुहागिनों महिलाओं ने चना, पकवान, मौसमी फल सहित सुहाग की सामग्री भी चढ़ायी। वही नव ब्याहताओं ने बताया कि उसके पहले व्रत को लेकर ससुराल मे काफी उत्साह था। हमेशा उसने अपनी मां, चाची, मामी को यह व्रत करते देखी थी। और आज उसने यह व्रत रखा है, पति की लंबी उम्र और दीर्घायु के लिए वट सावित्री की पूजा अर्चना कर वरदान मांगी है। बरगद वृक्ष के नीचे सुहागिनों ने शिव पार्वती की पूजा की।

वट सावित्री व्रत पर की गई पूजा अर्चना

सिमगा : सिमगा नगर की महिलाओं द्वारा नगर में स्थित सरोपी तालाब के किनारे पूर्ण विधि विधान से वट सावित्री के दिन वट वृक्ष की पूजा की गई,आज के दिन महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी उम्र एवं परिवार की सुख-समृद्धि हेतु उपवास रखा गया जिसमें प्रमुख रूप से राखी भोंसले पूजा ताम्रकार ममता ताम्रकार मंजू शुक्ला प्रमिला गुप्ता निवेदिता साहू संगीता पाण्डेय मंजू सेन आदि मौजूद रहे।

वट सावित्री व्रत पर सुहागिनों ने की पति के दीर्घायु की कामना

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। आज ज्येष्ठ अमावस्या तिथि के अवसर पर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में वट सावित्री व्रत श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने व्रत रखते हुए वट (बरगद) वृक्ष की विधिवत पूजा की और अपने पति की लंबी उम्र व अखंड सौभाग्य की कामना की।सुबह से ही महिलाएं पारंपरिक परिधान में सज-धजकर वट वृक्ष के समीप पहुंचीं।

पूजा की थाली में पूजन सामग्री, फल, मिठाई, सिंदूर, चूड़ी, धागा और सुहाग की वस्तुएं सजाकर महिलाओं ने व्रक्ष की परिक्रमा की और धागा लपेटा। सावित्री-सत्यवान की कथा का श्रवण कर उन्होंने व्रत की महत्ता को स्मरण किया।इस अवसर पर कई महिलाओं ने व्रत के बाद सुहाग सामग्री का दान भी किया और प्रसाद वितरित किया। मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर भी व्रक्ष पूजन के आयोजन देखने को मिले।वट सावित्री व्रत के पौराणिक संदर्भ में यह मान्यता है कि सावित्री ने इसी दिन अपने मृत पति सत्यवान को यमराज से पुनः प्राप्त किया था। उसी की स्मृति में यह व्रत आज भी बड़ी श्रद्धा से मनाया जाता है।

धमधा तहसील बना कमीशनखोरी का अड्डा, हितग्राही परेशान

हर राजस्व संबंधी कार्य का तय है रेट, पैसा दो तो काम नहीं दो तो बेकाम

धमधा/नवप्रदेश। तहसील में इन दिनों अव्यवस्था का अलम अपने चरम पर है जहां आम नागरिक अपनी जीवन शैली रोजी रोजगार खेती किसानी करके यापन कर रहा है वही तहसील में इन आम नागरिको के लिए उनके राजस्व संबंधी मामलों में अवध उगाही जारी है। आम आदमी की करम टूट जा रही है अगर वो बिना पैसे के तहसील की देहरी पर अपना कार्य के लिए गया हो । बिना पैसों के या तो प्रार्थी को रोजाना पेशी दर पेशी दी जाती है या कार्य के समय अवधि तक घुमा कर अंत में निरस्त कर दिया जाता है । रोजाना तकरीबन सैकड़ों लोग धमधा नगर सहित पूरे ग्रामीण इलाकों से अपने अपने कार्य के लिए तहसीलदार के चौखट पर माथा रगड़ने आते है इनमें से तो कुछ लोग ऐसे है जिनका रोजाना परेड जैसे पेशी दी जाती है छोटे छोटे कार्य जैसे फर्ज बटवारा,त्रुटि सुधार, नामांतरण, बटवारा, सीमांकन सहित सभी राजस्व प्रकरणों का रेट आला अधिकारियों ने सेट करके रखा है यह तक बच्चो को भी उनके प्रमाण पत्रों के लिए भी राजस्व दान देना पड़ रहा है।

ऐसे किया जाता है किसानों को टारगेट

इन दिनों तहसील में किसान सहित अन्य प्रार्थियों को उनके राजस्व प्रकरणों के निपटारा के लिए कमीशन एजेंट सक्रिय है जो कि अपनी सेटिंग तहसीलदार से बताकर लोगों को पैसे की मांग करते है । हर कार्य का अलग अलग रेट तय किया जाता है । वही वर्तमान स्थिति को देख जाए तो जो व्यक्ति पैसा देकर अपना कार्य करवाता है उसका जल्द ही कार्य करके निपटारा कर दिया जाता है बाकी जो पैसा नहीं देता उसे नियमों का हवाला देकर रोक दिया जाता है। धमधा नगर सहित छेत्र के कई प्रमाणीकरण के कई ऐसे प्रकरण है जिसमें तहसीलदार द्वारा ही प्रमाणीकरण करने योग्य नहीं है लिख कर देने के बावजूद कुछ दिनों बाद प्रमाणीकरण कर दिया जाता है जो कि संदेह के घेरे में आ रहा है।

तहसीलदार की उदारता के चक्कर में सरकारी दस्तावेज जा रहे है निजी हाथों में : धमधा तहसील के सभी दस्तावेज भगवान भरोसे हो गए है तहसील परिसर में ही अपने आप को अधिकारी का खास बताने वाले अज्ञात लोगों के द्वारा शासकीय दस्तावेज का अवलोकन,कॉपी करना, फोटो खींचना जैसे कार्य करते है ताकि प्रार्थी को उसके कार्य करवाने के लिए रेकी की जा सके।

एक तरफ छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने तहसील कार्यालय में 5 रुपया तक घुस नहीं देने की बात समाधान शिविर में कहा वही इसके बिलकुल विपरीत धमधा तहसील में तहसीलदार तार सिंह खरे के नाक के नीचे कमीशन खोरी का खेल चल रहा है आम लोग परेशान है इस कमीशनखोरी रवैये से और अधिकारी अपना जेब भर रहे है लाखों की गाड़ी लाखों का मोबाइल रख कर अपना छबि चमका रहे है तो आखिर इनपर कार्यवाही कब तक यह देखना है।

पशुओं में मानसून पूर्व टीकाकरण अभियान की शुरुआत

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय पशु चिकित्सालय मोपका व पशु औषधालय खैरा , लच्छनपुर के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों में गलघोटू व एकटांगिया रोग का टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है,वही ग्रामों में शिविर के माध्यम से औषधि वितरण किया जा रहा है । मोपका संस्था प्रभारी डॉक्टर प्रमोद कुमार सिंह पैंकरा ने सभी पशुपालकों से अपने पशुओं को बांधकर गलघोटू बीमारी का टीकाकरण कराने की अपील करते हुए कहा कि यह रोग पशुओं में जीवाणुओं के माध्यम से होता है इस बीमारी से बचाव के लिए पशुओं को स्वच्छ स्थान पर रखें ।डा. पैंकरा ने सभी पशुपालकों को अनिवार्य रूप से सभी पशुओं का टीकाकरण करने के लिए प्रेरित किया व पशुओं में किसी भी प्रकार की बीमारी दिखने पर निकटतम केंद्र में जाकर दवाई लेने को कहा है और पशु पालन विभाग व शासन द्वारा मोबाईल वेटनरी यूनिट 1962 डायल कर पशु चिकित्सा का लाभ ले सकते हैं । इस टीकाकरण कार्य में सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी डीसी पैंकरा,पट्टी बंधक सोनचंद यादव, ऋतुराज साहू ,दीपक मिरी इत्यादि लगे हुए है।

अजय चंद्राकर ने किया आंगनबाड़ी का शुभारंभ शहीद भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण

कुरुद/नवप्रदेश। कुरुद विधायक अजय चन्द्राकर अपने निर्वाचन क्षेत्र के दौरे में एक दिन में कई कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। रविवार को उन्होंने चरमुड़िया में भवन उद्घाटन और मंदरौद में खिलाड़ियों द्वारा आयोजित - प्रोग्राम में शिरकत की। रविवार को ग्राम पंचायत चरमुड़िया में आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण करते हुए विधायक अजय चंद्राकर ने विकास कार्यों की निरंतरता का भरोसा दिलाते हुए कहा कि रेल्वे स्टेशन तक अवागमन के लिए ब्रिज का निर्माण जल्द कराया जाएगा। इस अवसर पर सरपंच नीतू तेजेंद्र तोडेकर, हरिशंकर सोनवानी, कृष्णकांत साहू, सुरेन्द्र जोशी, - गुरुदेव महिपाल, सतीश निर्मलकर, लक्ष्मी कंदरा, चूकेश्वरी साहू, सरस्वती पटेल, यशोदा ध्रुव, ईश्वर पटेल, मोतिम साहू, कविता तोडेकर आदि मौजूद थे।

इसी तरह अपने खेल एवं रचनात्मक कार्यों से एक विशिष्ट पहचान बना चुके ग्राम मंदरौद में विधायक श्री चंद्राकर ने शहीद ए आजम भगत सिंह की आदमकद प्रतिमा का अनावरण और प्रैक्टिस हेतु तैयार 3 नेट्स युक्त टर्फ विकेट का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने स्वयं के संसाधन पर राज्यस्तरीय खेल मैदान तैयार कर देखभाल हेतु क्लब का गठन करने वाले युवा टीम की पीठ थपथपाते हुए इसे क्षेत्र में एक नई मिसाल बताया। विधायक ने युवाओं में जोश भरते हुए शहीदे आजम भगत सिंह के विचारों को आत्मशात करने की सलाह दी। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, मंडल अध्यक्ष कृष्णकान्त साहू, सरपंच भीखम लहरे, वरिष्ठ खिलाड़ी पुष्कर गोस्वामी, कंचन नारद साहू, मोती, देवाराम, थानुराम साहू आदि मौजूद थे।

प्रथम पेज का शेष

देश के सबसे उन्नत...

निर्माण इकाई होगी, जो भविष्य में ऊर्जा क्षेत्र की ज़रूरतों को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगी।

विकसित भारत के निर्माण में मजबूत स्तंभ बने

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने निवेश प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा, हमारा लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़, विकसित भारत 2047 के निर्माण में एक मजबूत स्तंभ बने। यह निवेश सिर्फ एक औद्योगिक इकाई नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की तकनीकी क्षमता और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम है। राज्य सरकार इस परियोजना को हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। यह परियोजना राज्य में बिजली क्षेत्र के आधुनिकीकरण, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार, और उद्योग आधारित विकास को गति देगी। विशेष रूप से यह पहल मेक इन छत्तीसगढ़ के नारे को मजबूती देती है, जहां अब अत्याधुनिक तकनीक से बने ट्रांसफॉर्मर पूरे देश को रोशन करने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के इनवेस्टमेंट कमिश्नर ऋतु सेन भी उपस्थित थी ।

रायपुर में जल्द स्थापित होगा...

ईएसडीएस की यह पहल छत्तीसगढ़ को एक टेक्नोलॉजी हब बनाने के साथ-साथ युवाओं के लिए उच्च स्तरीय रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगी। यह सेंटर राज्य के आईटी इकोसिस्टम को मजबूती देगा और डिजिटल आत्मनिर्भरता की ओर एक बड़ा कदम होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के इनवेस्टमेंट कमिश्नर ऋतु सेन भी उपस्थित थी ।

चैन की जिंदगी जियो...

मोदी ने 53,400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। बिजली क्षेत्र की परियोजनाओं में खावड़ा अक्षय ऊर्जा पार्क में उत्पादित अक्षय ऊर्जा की निकासी के लिए ट्रांसमिशन परियोजनाएं, ट्रांसमिशन नेटवर्क विस्तार और तापी में एक अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट इकाई शामिल हैं। इनमें कांडला बंदरगाह और गुजरात सरकार की कई सड़क, जल और सौर परियोजनाएं भी शामिल हैं।

मुंबई में बारिश...

चरणबद्ध तरीके से निर्माण कार्य चल रहा है।

75 साल में सबसे जल्दी आया मानसून

मानसून ने 75 साल में सबसे जल्दी मुंबई में दस्तक दे दी है। मई महीने में हुई बारिश ने शहर का 107 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सोमवार की सुबह शहर में भारी बारिश हुई, जिससे यातायात, जलभराव और लोकल ट्रेनों के निलंबन सहित दैनिक जीवन में अच्छी खासी परेशानी देखी गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (द्बरू) ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून मुंबई में पिछले 75 वर्षों में सबसे पहले पहुंचा है। मानसून अपनी सामान्य तिथि 11 जून से 16 दिन पहले आ गया है। दिन में पुणे में भी मानसून पहुंचा।

पाक में आतंकवाद खुला...

उन्होंने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच कोई भी हालिया झड़प कभी भी परमाणु स्तर तक नहीं पहुंची। उन्होंने कहा, हमारे क्षेत्र में जो भी होता है, उसे तुरंत परमाणु खतरे से जोड़ना एक गलत सोच है। इससे आतंकवाद जैसी गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है ।

पाकिस्तान को हमने स्पष्ट संदेश दिया

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया और 7 मई को पाकिस्तान में मौजूद नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए। इसके बाद 8, 9 और 10 मई को पाकिस्तान ने भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की, लेकिन भारत ने सख्त जवाब दिया। इसे लेकर जयशंकर ने कहा, हमने आतंकवादियों को साफ संदेश दिया कि ऐसे हमलों की कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने यह भी बताया कि पाकिस्तान की ओर से फायरिंग शुरू हुई थी, जिसके जवाब में भारत ने आत्मरक्षा में कार्रवाई की। इसके बाद जब पाकिस्तान को लगा कि उनका नुकसान हो रहा है, तो फायरिंग रुक गई।

एनआईए ने जवान को ...

कि वह पाकिस्तान को खुफिया जानकारी मुहैया कराता था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पटियाला हाउस कोर्ट ने उसे 6 जून तक हिरासत में भेज दिया है। ऐसे आरोप हैं कि मोतीराम जाट दो तीन वर्षों से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी से जुड़े लोगों के संपर्क में था। आरोप है कि उसने कई तरह की संवेदनशील जानकारी, पाकिस्तानी अधिकारियों तक पहुंचाई है।

एनआईए द्वारा अब पता लगाया जा रहा है कि आरोपी एएसआई, पाकिस्तान में किन लोगों के संपर्क में था। उसने किस तरह की जानकारी वहां तक पहुंचाई है। इसके बदले में उसे क्या मिला है। साथ ही देश में और ऐसे कितने लोग हैं, जिनके साथ मिलकर सीआरपीएफ का एएसआई, पाकिस्तान को सूचना पहुंचा रहा था।

नशा मुक्ति और सायबर अपराध के प्रति जागरूकता लाने पहली बार बास्केटबॉल -व्हालीबॉल मैच क़ा आयोजन

राजस्व मंत्री ने आयोजन क़ो सराहा, खिलाड़ियों क़ो वितरित किया पुरस्कार

भाटापारा/नवप्रदेश। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा नशा मुक्ति, सायबर अपराध एवं यातायात जागरूकता अभियान के तहत 24 और 25 मई को दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता बलौदाबाजार बास्केटबाल-व्हालीबाल लीग का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। जिला पुलिस बल द्वारा इस तरह के खेल प्रतियोगिता का यह पहला कार्यक्रम है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा रविवार क़ो कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों क़ो बधाई देते हुए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विजेता और उप विजेता प्रतिभागियों क़ो पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं क़ो सन्देश दिया गया है कि खेल के माध्यम से एक अच्छे नागरिक कैसे बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी खेल भावना से ही खेलें।खेल में हार जीत तो होती है लेकिन यह अपनी सोच पर भी निर्भर करती हैं। सकारात्मक सोच एवं बड़ा लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार- भाटापारा जिले क़ो खेल के क्षेत्र में अग्रणी जिला बनाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। यहां एथलेटिक्स ट्रैक एवं मल्टी परपज हॉल का निर्माण होगा।

कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि जिले में स्पोर्ट्स का बेहतर माहौल के लिए प्रयास किया जा रहा है।पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा कि नशा मुक्ति, सायबर अपराध एवं यातायात जागरूकता के ललिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी खिलाडियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

ये रहे विजेता और उप विजेता : बास्केट बाल महिला वर्ग विजेता रायपुर, उप विजेता बालोदाबाजार,पुरुष वर्ग विजेता भाटापारा, उप विजेता बालाजी बास्केट बाल एकेडेमी रायपुर। व्हालीबॉल महिला वर्ग विजेता नावापारा,उप विजेता कसडोल,पुरुष वर्ग विजेता रायपुर साईं, उप विजेता खम्हरिया। इस बास्केट बॉल - व्हालीबॉल लीग में 17 टीम के करीब 150 खिलाडीयो ने भाग लिए। इसके साथ ही कोच, रेफरी एवं पीटीआई भी शामिल थे।इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी प्रीति बंछोर , सुनीता वर्मा,रवि वर्मा, सरिता मार्को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ,शरद पंसारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी, खिलाडी एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

NMMSE टॉपर आयुष पटेल को बधाई देने पहुंची अध्यापिका

गंडई-पंडरिया/नवप्रदेश। माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृति परीक्षा हस्स्स्थ 2024-25 के जिला स्तर के चयन सूची में शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला लिमो के प्रतिभावन छात्र आयुष कुमार पटेल कक्षा 8वीं ने 126 अंक के साथ अविभाजित जिला राजनांदगांव (के.सी.जी.) में अपना प्रथम स्थान प्राप्त किया है।आयुष पटेल को बधाई देने माध्यमिक शाला के स्टॉफ उनके निवास ग्राम नादिया पहुंचे । उनके परिवार से मुलाकात कर आयुष को सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर प्रभारी प्रधान अध्यापिका इंदिरा सोनी, मुकेश कुमार कश्यप (संकुल समन्वयक लिमो), शिक्षक श्रवण कुमार देवांगन व पारखदास पाटिला ने उपस्थित होकर बधाई व उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

राजन महाराज का खरसिया आगमन कल

खरसिया/नवप्रदेश। धर्म कि नगरी खरसिया की धन्य धरा पर हम सभी के प्रेरणास्त्रोत सरस रामकथा वाचक

परम् श्रद्धेय श्री राजन जी महाराज का आगमन कल दिनाँक 28/05/2025, दिन बुधवार को, खरसिया नगर कि पोस्ट ऑफिस रोड स्थित राम जानकी मंदिर में सुबह 9.30 बजे हो रहा है। आयोजको में से एक दीपक अग्रवाल (बुधराम) ने बताया कि महाराज जी का सानिध्य हं सभी कों 'भगवत् चर्चा' के रूप में प्राप्त हो रहा हैं एवँ महाराज जी अपनी मधुर वाणी से भगवत् प्राप्ति हेतु ज्ञान गंगा का प्रवाह करते हुए हमारा मार्ग प्रशस्त करेंगे। आयोजक समिति ने समस्त खरसियावासियों से करबद्ध निवेदन किया हैं कि वें सब सपरिवार उपस्थित होकर इस ज्ञान की गंगा में डुबकी लगाकर आशीर्वाद प्राप्त करें।

संगीत विवि कुलपति शर्मा ने उप्र के मुख्यमंत्री योगी से की भेंट

खैरागढ़/नवप्रदेश। इंदिराकला संगीत विवि की कुलपति डा लवली शर्मा ने उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर संगीत विवि की गतिविधियों से अवगत कराया । योगी आदित्यनाथ ने शिक्षा मे नवाचार, नवोन्वेषण एवं शोधात्मक गतिविधियो के विस्तार पर विशेष रूचि पर विवि , संस्कृति विकास के क्षेत्र मे सहयोग का आश्वासन दिया ।

कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने स्ट्रांग रूम परिसर का निरीक्षण किया

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ संजय कन्नौजे ने जिला निर्वाचन कार्यालय (सामान्य निर्वाचन एवं स्थानीय निर्वाचन), स्ट्रांग रूम की बाहर सुरक्षा, मंडी कार्यालय आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षाकर्मियों की पाली ड्यूटी, सीसीटीवी कैमरा की निगरानी के बारे में जानकारी ली। मंडी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने जिले के मंडी निरीक्षकों से उनकी वर्तमान ड्यूटी और स्थान के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर जिले के निर्वाचन अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि यह निरीक्षण निर्वाचन शेड्यूल में शामिल है।

विसंगति पूर्ण युक्तियुक्तकरण के विरोध में जिले के शिक्षक मंत्रालय घेराव में होंगे शामिल

खैरागढ़/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार के विसंगति पूर्ण युक्तियुक्त करण कार्यवाही के विरोध मे राज्य के 23 शिक्षक संगठनों के द्वारा बनाए गए साझा मंच के बैनर तले जिले के शिक्षक भी में28 मई को रायपुर मंत्रालय घेराव में शामिल होंगें । आंदोलन युक्तियुक्तकरण के विसंगति पूर्ण सेटअप के विरोध में होगा ।

सहायक शिक्षक फेडरेशन ने 28 मई को अवकाश मे रहकर हड़ताल मे शामिल होने की जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी को सौंप दी है । 2008 के युक्तिकरण सेटअप के अनुसार मांग को लेकर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिले से साझा मंच के जिला संचालक रामलाल साहू की अगुआई में शिक्षक रायपुर कूच करेंगे इस आंदोलन में सभी शिक्षकों, शिक्षित बेरोजगारों और प्रभावित पालको से आंदोलन में शामिल होने की अपील की गई है । साहू ने बताया कि सरकार प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों के करीब 43849 पद खत्म करने की तैयारी में है शिक्षा का निजीकरण का प्रयास हो रहा है सरकार अपने घोषणा पत्र में करीब 50000 शिक्षकों की भर्ती का वादा करती है ।

संगठन कभी भी एकल शिक्षकीय एवं शिक्षक विहीन स्कूलों में नियुक्ति का विरोध नहीं कर रही है बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक का होने पर जोर दे रही है आपत्ती इस बात पर है कि 2008 के सेटअप की तुलना में हर

प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक स्कूल में एक-एक शिक्षक कम किया जा रहा है सरकार ने 2023 में विषयवार शिक्षक की व्यवस्था खत्म कर दी जबकि आरटीई एक्ट में विषयवार शिक्षक का प्रावधान है । इससे साफहै कि सरकार शिक्षा में शिक्षक विरोधी नीति लागू कर रही है युक्तियुक्तकरण के मामले में 2008 के सेटअप को दरकिनार कर केवल और केवल शिक्षा के अधिकार कानून की आड़ में प्रदेश भर के प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला में शिक्षकों के एक-एक पद कम करने की पूरी तैयारी है । छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बनाए गए सेटअप का पालन क्यों नहीं किया जा रहा है संघ जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में लगभग 53000 पद रिक्त है ऐसे पदों की पूर्ति वर्तमान में करना ना पड़े प्रशिक्षित डीएड,बीएड, बेरोजगारों को रोजगार से वंचित करने शासकीय शालाओं में शिक्षकों की तैनाती कम करके शासकीय शाला को कमजोर करते हुए निजी शालाओं को लाभ देने का प्रयास है ।

प्रदेश के 23 शिक्षक संगठन 28 मई को मंत्रालय का घेराव करेंगे जिसमें खैरागढ़ जिला से हजारों की संख्या में शिक्षक रायपुर में शामिल होंगे ।

पालिका की आय में होगी 15 फीसदी की बढ़ोत्तरी, छूटे, पक्के, दो और तीन मंजिला मकान आएंगे दायरे में

सात साल बाद शहर में पालिका कराएगी संपत्तिकर के लिए मकानों,दुकानों का सर्वे

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर मे सात साल बाद पालिका संपत्तिकर का पुर्ननिर्धारण करने फिर से मकानो का सर्वेक्षण कराएगी । इसका प्रस्ताव पालिका की सामान्य सभा मे भी पारित कर दिया गया । सात साल बाद होने वाले संपत्तिकरण सर्वेक्षण से पालिका की राजस्व मे बढ़ोत्तरी होगी । वही कच्चे से पक्का, दो मंजिला तीन मंजिला मकान बनाने के बाद भी पूराने सर्वे के हिसाब से संपत्तिकर देने वाले नागरिकों को अब वाजिब संपत्तिकर देना होगा । संपत्तिकर के नए सर्वे से पालिका के राजस्व मे लगभग 15 फीसदी बढोत्तरी का अनुमान है जिससे पालिका की माली हालत मे सुधार आएगा और पालिका का खजाना भी बढ़ सकेगा । इसके लिए तैयारी भी लगभग पूरी हो गई है ।

करो मे बढ़ोत्तरी नही, नए सर्वे मे छूटे, बने और बढ़े मकान आएगें

पालिका संपत्तिकर के दरो मे बढ़ोत्तरी नही करेगी । बल्कि सात साल पहले हूए सर्वे के आधार पर तय की गई संपत्तिकर का निर्धारण नए सर्वे के

आधार पर करेगी । इससे सात साल मे कच्चे से पक्का मकान बनाने , एक मंजिल से दो मंजिला और तीन मंजिला, सात साल पहले सर्वे के बाद बनाए गए मकानो के संपत्तिकरो का निर्धारण नए सिरे से नियमों कें मुताबिक होगा । इसके चलते पालिका को आय के नए स्त्रोत मिल सकेंगे और संपत्तिकर की डिमांड मे बढ़ोत्तरी होगी।

शहर मे साढ़े सात हजार मकान साढे चार हजार देते है संपत्तिकर

नगरपालिका खैरागढ़ क्षेत्र मे पालिका मे दर्ज जानकारी अनुसार लगभग साढ़े सात हजार मकान है । इसमे से लगभग साढ़े चार हजार मकान और दुकान मालिक पालिका को संपत्तिकर का भुगतान करते है । पिछले सात साल मे कई ऐसे मकान भी है जो संपत्तिकर के दायरे मे नही आते थे ।

18 साल मे तीसरी बार होगा सर्वे

संपत्तिकर निर्धारण के तहत पिछले 18 साल मे नगर मे तीसरी बार संपत्तिकर निर्धारण के लिए नए सिरे से सर्वे होगा । सबसे पहले पालिका बनने के बाद 2011-12 मे पहली बार संपत्तिकर निर्धारण करने सर्वे किया गया था । जिसे 2012 मे लागू किया गया था । इसके बाद पालिका का राजस्व बढ़ाने 2016 मे दूसरा सर्वे कराया गया । इसमे संपत्तिकर मे 50 फीसदी की बढ़ोत्तरी की गई थी । जो दर वर्तमान मे भी प्रचलित है । शासन स्तर पर संपत्तिकर का वाजिब निर्धारण करने 14 मे हूआ था पालिका मे 2019 मे भी सर्वेक्षण किया जा चुका है । लेकिन इसे लागू नही किया जा सका । अब पिछले साल शासन स्तर पर किए गए सर्वे को सामने रखकर उसी सर्वे का पालिका कर्मी घर घर जाकर सत्यापन करेगें ।

पति के लंबी आयु के लिए रखा महिलाओं ने वट सावित्री व्रत

खरोरा/नवप्रदेश। पुराने समय से चले आ रहे वट सावित्री की पूजा सुहागिनों के द्वारा अपने पति के अच्छे स्वस्थ और लंबे आयु के लिए रखी जाती है , इस दिन बहुतों सुहागिनों के द्वारा निर्जला उपवास भी रखा जाता है बहुत से लोग सामान्य रूप से फलाहार इत्यादि ग्रहण करके भी उपवास रखते है , सुबह से ही तैयारियों में लगाना पड़ता है , जिसमे बहुत से पूजा सामग्री को भी जुटाना पीड़ता है , आज के दिन मुख्यरूप से भीगे हुय देशी चने देसी लाल सकरकंद और कच्चे आम का भोग अन्य मिटाइयो के साथ लगाया जाता है इस उपवास में पीले जनेव पीले आम पाइल बेसन के साथ हल्दी के साथ पीले धागा का विशेष महत्व बताया गया है , जिसे लेकर महिलाएँ बरगद के पेड़ में पूजा अर्चना के साथ 108 बार चक्कर लगा कर धागा को बरगद के वृक्ष में बांधती है , के पश्चात शिव पार्वती जी का

पूजा भोग प्रसाद के साथ किया जाता है , पूजा के बात पत्नी अपने पति का पूजा करती है जिसमे पति के चरणों को धो कर चरणामृत स्वरूप ग्रहण करती है तिलक लगाकर जनेव पहनाकर कर्रा के द्वारा निर्मित पंखे से हवा धूक कर और श्री फल भेट कर आशीर्वाद और उपहार लेती है , जिसके पश्चात स्वयं आम के मीठे पने और पूड़ी के साथ अन्य मिठाइयों के साथ फलाहार कर अपना उपवास तोड़ती है ! ऐसा पुराने समय से मान्यता है कि आज के दिन पानी जरूर बरसता है इस किए इस त्योहार को बहुत से जगहों में बरसाईत त्योहार के नाम से भी जाना जाता है !

झीरम शहीद योगेंद्र शर्मा को दी श्रद्धांजलि, नेता प्रतिपक्ष ने कहा-यह बलिदान इतिहास में अमर रहेगा

■ **झीरम घाटी हमले में शहीद योगेंद्र शर्मा को क्षेत्र वासियों ने किया पुष्पांजलि अर्पित**

धरसीवां/नवप्रदेश। 25 मई 2025 झीरम घाटी नक्सली हमले में वीरगति को प्राप्त के धरसीवां की शान शहीद योगेन्द्र शर्मा जी की 12वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आज दिनभर श्रद्धा, सम्मान और समाजिक एकजुटता के साथ आज शहीद उद्यान में माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, युवाओं और बुजुर्गों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर शहीद के प्रति पुष्पांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात शहीद योगेंद्र शर्मा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरसीवां में फल वितरण कर जरूरतमंदों को सहयोग प्रदान किया गया।

तत्पश्चात साकरा कार्यालय श्रद्धांजलि सभा में गूंजा 'शहीद अमर रहें' उद्घोष इस आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने शहीद योगेन्द्र शर्मा जी के अद्भुत साहस, समर्पण और देशप्रेम को भावभीनी शब्दों में याद किया। सभा में 'झीरम शहीद अमर रहें' के नारों से वातावरण गूंज उठा।

झीरम घाटी नक्सली हमले में शहीद हुए श्री योगेंद्र शर्मा की पुष्पांजलि सभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि झीरम हमला छत्तीसगढ़ के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला अध्याय था। यह केवल एक हमला नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आवाज को कुचलने की कोशिश थी। शहीदों की यह शहादत इतिहास के पन्नों में अमर रहेगी और आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी।

सहकार भारती द्वारा शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन

खैरागढ़ /नवप्रदेश। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर आम जनमानस में जन जागरूकता अभियान के लिए सहकार भारती की जिला शाखा द्वारा शहर मे तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया । आपरेशन सिंदुर से पूरा देश गौरान्वित हुआ है । इसकी सफलता और पाक को मुंह तोड़ जवाब के लिए भारतीय सेनाओ के सम्मान मे सहकार भारती द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा संगीत विवि परिसर से प्रारंभ होकर दंतेश्वरीमंदिर चौक, मस्जिद चौक, गोलबाजार, बख्शीमार्ग, ईतवारीबाजार, शीतलामंदिर, तुरकारीपारा, जयस्तंभचौक नयाबसस्टैण्ड , अंबेडकर चौक, होते वापस संगीत विवि परिसर पहुँची । जहाँ यात्रा का विधिवत समापन किया गया । तिरंगा यात्रा मे सहकार भारती के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या मे महिलाएं कार्यकर्ता शामिल हूए ।

स्काउटिंग के वार्षिक कार्यक्रमों का अनुमोदन

■ **स्काउट्स गाइड्स जिला परिषद व कार्यकारिणी की हुई बैठक**

महासमुंद/नवप्रदेश। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ, जिला परिषद एवं कार्यकारिणी की बैठक नवकिरण अकादमी के सभागार में जिला मुख्य आयुक्त बीज निगम अध्यक्ष चन्द्रहास चंद्राकर के आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष येतराम साहू की अध्यक्षता व समस्त जिला पदाधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुई।

बैठक स्काउट प्रार्थना से प्रारंभ हुई। अथितियों का स्वागत स्काउट परंपरा अनुसार स्कार्फ लगाकर किया गया। स्वागत भाषण में जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट विजय कुमार लहरे ने कहा कि हमारा लक्ष्य बच्चों को राष्ट्रपति पुरस्कार दिलाना होना चाहिए। इसके बाद बैठक की एजेंडा सत्र 2025-26 के लिए वार्षिक कैलेण्डर पर चर्चा, सत्र 2024-25 की आय व्यय पर चर्चा, सत्र 2025-26 के लिए

अनुमानित बजट पर चर्चा, जिले में स्काउटर गाइडर प्रशिक्षण पर चर्चा, जिला में स्काउटिंग गतिविधि को प्रत्येक विद्यालय स्तर पर पंजीयन करना व वायओएमएस पोर्टल पर यूआईडी नबंर जनरेट करना आदि विषयों पर बिंदुवार चर्चा की गई। सर्वप्रथम वार्षिक कलेण्डर 2025-26 जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे ने प्रस्तुत किया। जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि महासमुंद जिला स्काउटिंग के क्षेत्र में अग्रणी है। इसे और आगे बढ़ाने के लिए हम संसाधन की कमी नहीं होने देंगे। स्काउट गाइड के ट्रेनिंग सेंटर को व्यवस्थित किया जाएगा।

बैठक में राज्य मुख्यालय आयुक्त राहुल चंद्राकर, जिला उपाध्यक्षगण एस चन्द्रसेन, जय पवार, धर्मशीला दास, सुधा साहू, अशोक अग्रवाल, आनन्द साहू, देवीचंद राठी नपा उपाध्यक्ष, डॉ वाणी तिवारी, अमी रुफस जिला आयुक्त गाइड, नंदकिशोर सिन्हा मुख्यालय आयुक्त, पंकज हरपाल ब्लाक अध्यक्ष, ओमप्रकाश चौधरी, संतोष साहू डीटीसी स्का, प्रमोद कन्नौजे जिला सचिव, डीओसी स्काउट अवधेश विश्वकर्मा, डीओसी गाइड लीनू चंद्राकर, राजीव तिवारी जिला सहसचिव, डी बसंत साव जिला कोऑर्डिनेटर नवकिरण अकादमी, अर्चना तिवारी जिला संयुक्त सचिव, तामेश्वरी साहू जिला गाइडर प्रतिनिधि, सुशील शर्मा मौजूद रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधायक ओंकार साहू व अन्य दिल्ली रवाना

धमतरी/नवप्रदेश। आज धमतरी विधायक ओंकार साहू कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी व अन्य विधायको के साथ दिल्ली रवाना हुए हैं और कमलादेवी कॉम्प्लेक्स, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (आईआईसी), नई दिल्ली में आयोजित ओबीसी घोषणापत्र से जुड़े मुद्दों पर परामर्श बैठक में शामिल होने जा रहे हैं। यह बैठक ओबीसी समाज के अधिकारों और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

है। इस बैठक में वे ओबीसी समुदाय के लिए आरक्षण, शिक्षा और रोजगार के अवसरों में वृद्धि, और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत करेंगे साथ में ओबीसी समुदाय के मुद्दों और उनके समाधान पर चर्चा होगी 7 इस बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल , ताम्रध्वज साहू पूर्व केबिनेट मंत्री छ.ग शासन, धमतरी विधायक ओंकार साहू , गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद , कसडोल विधायक संदीप साहू , जैजेपुर विधायक बालेश्वर साहू साथ में अन्य लोग एक साथ दिल्ली के लिए रवाना हुए।

अहिल्या बाई होलकर जयंती पर कार्यशाला मन की बात कार्यक्रम का आयोजन

बाजार अतरिया/नवप्रदेश। बाजार अतरिया भाजपा मंडल द्वारा राजमाता अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जयंती पर समरसता भवन में विशेष कार्यशाला एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शशांक ताम्रकार, जिला भाजपा मंत्री ने अहिल्या बाई होलकर के जीवन, उनके आदर्श शासन, समाजसेवा और महिला सशक्तिकरण में उनके ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डालते कहा कि राजमाता का जीवन आज भी भारत के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है। आयोजन में विशेष रूप से जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलिमा गोस्वामी जिपं सदस्य जमुना नरेश कुरे पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष हरप्रसाद वर्मा ,केशव चंदेल उपस्थित रहे। अतिथियों ने राजमाता अहिल्या बाई होलकर के व्यक्तित्व और कृतित्व की सराहना करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना गया, जिसमें राष्ट्र निर्माण, समाजसेवा और सांस्कृतिक चेतना को लेकर दिए गए संदेशों पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं समाजसेवियों की उपस्थिति रही। जिसमें गणेश वर्मा ,जितेंद्र वर्मा, मुकेश वर्मा ,हेमंत देशमुख, जयप्रकाश साहू, राजेन्द्र वर्मा, पमेंद्र वर्मा, केवल दास, विष्णु साहू, अनुपलाल वर्मा, दीना वर्मा, गजेश वर्मा, लाला वर्मा, गजेन्द्र वर्मा, नितेश उपाध्याय, धुर्वा वर्मा, पोलेश्वरी नरेश कुर्रे, जीवन साहू, उत्तम कुमार वर्मा, लालू यादव एवं जागेंद मानिकपुरी मौजूद रहे ।

भागवत कथा | व्यास महराज ने गौ सेवा कार्य करने किया आग्रह

सुदामा चरित्र की कथा सुन भाव विभोर हो गए श्रोता

महासमुंद/नवप्रदेश। तुमगांव राम मंदिर के पास निर्मलकर परिवार के संयोजन में चल रही भागवत कथा का प्रसंग सुदामा चरित्र के वर्णन के साथ हुआ। कथाव्यास पंडित विकास मिश्रा ने जगन्नाथ मंदिर द्वारा सुदामा चरित्र का वर्णन किए जाने पर पंडाल में उपस्थित श्रोता भाव-विभोर हो गए। पंडित शरद मिश्रा महाराज ने भजन सुनाए। कथाव्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे। परंतु आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है।

उन्होंने कहा कि एक सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं। जब वह महल के गेट पर पहुंच जाते हैं, तब प्रहरियों से कृष्ण को अपना मित्र बताते है और अंदर जाने की बात कहते हैं। सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी उपहास उड़ाते है और कहते है कि भगवान श्रीकृष्ण का मित्र एक दरिद्र व्यक्ति कैसे हो सकता है। प्रहरियों की बात सुनकर सुदामा अपने मित्र से बिना मिले ही लौटने लगते हैं। तभी एक प्रहरी महल के अंदर जाकर भगवान श्रीकृष्ण को बताता है कि महल के द्वार पर एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है और अपने आप को आपका मित्र बता रहा है। द्वारपाल की बात सुनकर भगवान कृष्ण नंगे पांव ही दौड़े चले आते हैं और अपने मित्र सुदामा को रोककर गले लगा लिया।

कथा के दौरान आचार्य मिश्रा ने श्रोताओं को भागवत को अपने जीवन में उतारने की अपील की। साथ ही सुदामा चरित्र के माध्यम से श्रोताओं को श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता की मिसाल पेश की। समाज को समानता का संदेश दिया। इस कड़ी में महाराज ने बताया श्रीमद् भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है, वहीं इस कथा को कराने वाले भी पुण्य के भागी होते हैं। अंतिम दिन सुखदेव द्वारा राजा परीक्षित को सुनाई गई श्रीमद् भागवत कथा का पूर्णता प्रदान करते हुए विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया। उन्होंने सात दिन की कथा का सारांश बताते हुए कहा कि जीवन कई योनियों के बाद मिलता है और इसे कैसे जीना चाहिए के

बारे में भी उपस्थित भक्तों को समझाया। सुदामा चरित्र को विस्तार से सुनाते हुए श्रीकृष्ण सुदामा की निश्छल मित्रता का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे बिना याचना के कृष्ण ने गरीब सुदामा की स्थिति को सुधारा। इस मौके पर आचार्य ने गौ सेवा कार्य करने पर जोर दिया। सुदामा की मनमोहक झांकियो का चित्रण किया गया जिसे देखकर हर कोई भाव विभोर हो उठा। अंत में कृष्ण के दिव्य लोक पहुंचने का वर्णन किया। महाआरती के बाद भोग वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि 19 मई से 26 मई तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन निर्मलकर परिवार की ओर से किया गया।

हिंसा से विचार नहीं मरता, इससे व्यवस्था को तर्क मिलता है : रघु ठाकुर

नगरी/नवप्रदेश। नगरी सिहावा अंचल अहिंसक आन्दोलन का तीर्थ, अब आदिवासियों के मुद्दों की लड़ाई दिल्ली में होगी। राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा आदिवासियों की समस्याओं को संसद में निरंतर उठायेंगे सुप्रसिद्ध सोशलिस्ट चिंतक व जननेता रघु ठाकुर ने कहा है कि देश के आदिवासियों को यदि आजीविका के लिए जमीन के पट्टे दे दिए जायें तो जंगल भी सुरक्षित होंगे और वन्यजीवों की रक्षा भी हो जायेगी। देश में इक्कीस लाख व मध्यप्रदेश में दो लाख भूमिहीन आदिवासी हैं। इनकी समस्याओं को लेकर जल्दी ही दिल्ली में अभियान शुरू किया जाएगा। रघु ठाकुर ने आज उमरादेहान में डा. राममनोहर लोहिया की प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर यह बात कही। नगरी सिहावा अंचल के आदिवासियों ने एक- एक किलो

धान इकट्ठा कर यह प्रतिमा तैयार कराई है।

डॉ लोहिया की आवक्ष प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर संसद- सदस्य संजय सिंह समारोह के मुख्य अतिथि थे। पूर्व मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा के बेटे व पूर्व विधायक अरुण वोरा , पत्रकार गोविंद लालावोरा के बेटे अमृत संदेश के प्रधान संपादक राजीव वोरा भी इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित हुए। रघु ठाकुर ने कहा कि उमरादेहान अहिंसा का तीर्थ है। सत्तर साल पहले डॉ लोहिया ने यहीं से आदिवासियों को भूमि के अधिकार का आन्दोलन शुरू किया। वनग्रामों को राजस्व ग्राम जैसी सुविधाएं देने की मांग यहीं से उठी। इस अंचल की चार पीढ़ियों ने अपने अधिकारों के लिए जेल की यात्रा करके यह बता दिया कि दुनिया को बदलने का सबसे बड़ा माध्यम जेल है, बंदूक या हिंसा नहीं। नगरी सिहावा अंचल हिंसाग्रस्त वनांचल में अहिंसा के टापू की तरह है। नक्सली हिंसा में दोनों तरफ से आदिवासी ही मर रहे हैं। सरकार को भी समझना होगा कि बंदूक की गोली से हिंसा तो मर सकती है , पर विचार नहीं। नगरी सिहावा अंचल के उमरादेहान जैसे गांवों से देश में यह संदेश जाना चाहिए।

राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि समाजवादी आन्दोलन और समाजवाद दोनों ही जंगलों में जीवित हैं। आदिवासियों की आवाज को वे निरंतर संसद में उठाते रहेंगे। जब तक गैर-बराबरी है तब तक समाजवाद रहेगा। रघु ठाकुर जी जैसे सोशलिस्ट नायक ने समाजवाद को जमीन पर उतारने के लिए लगातार आंदोलन किए और जेल - लाठी - डंडा- मुकदमा की परवाह नहीं की। मुझ जैसे अनेक लोगों को राजनीति और समाजवाद का ककहरा रघु जी ने ही सिखाया।

धन्यवाद ज्ञापन राजनांदगांव से आये कवि रामकुमार तिवारी ने किया।सभा मेंअरुण राणा अकलतरा अशोक (बिलासपुर) , फेकनसिंह साहू सरपंच कुरदा चांपा डॉ सोमनाथ साहू रामसिंह क्षत्री श्याम मनोहर सिंह, अरविंद कुमार सिंह ,अशोक पंडा, अशोक योग गुरु, बबीता , भिलाई के समाजवादी साथी आप के अध्यक्ष गोपाल साहू, सूरज उपाध्याय, जनता दल यू व भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

समारोह में हर राजनीतिक विचारधारा से जुड़े लोग दूर दूर से आये थे। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर यादव (भिंड) , महामंत्री अरुण प्रताप सिंह (दिल्ली) , लोसपा छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष अशोक पंडा, महासचिव श्याम मनोहर सिंह(भिलाई) डॉ शिवा श्रीवास्तव (भोपाल) , वंशी श्रीमाली , कांग्रेस नेता रामकुमार पचौरी (सागर) जयंत सिंह तोमर ने सभा को सम्बोधित किया। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शिव नेताम, कौआ बहरा की सरपंच राधिका नेताम व स्थानीय आदिवासियों के प्रयास से हुए आज के समारोह में भारी संख्या में महिलाएं भारी बारिश में अविचल भाव से रघुजी व अन्य वक्ताओं को सुनने के लिए विशाल जन समुदाय बैठा रहा।

न्यूज गैलरी

9 व 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व आश्वासन PMSMA दिवस

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड में गाइडलाइंस के आधार पर प्रत्येक माह के 09 और 24 तारीख को "प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व आश्वासन PMSMA दिवस" साथ वही कहते है कि स्त्री के जीवन मे मातृ सुख उसके जीवन की सबसे बड़ी खुशी है द्य किन्तु एक कहावत ये भी है कि स्त्री का प्रसव होना उसका दूसरा जन्म भी होता है द्य इसी को ध्यान में रखते हुए हमारे देश के प्रधानमंत्री के विजन के अनुसार ही , देश मे मातृ मृत्यु दर को कम करने के दृष्टिकोण से प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार और भारत सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस के आधार पर प्रत्येक माह के 09 और 24 तारीख को "प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व आश्वासन PMSMA दिवस" के रूप में मनाया जा रहा है द्य इस दिन सभी शासकीय अस्पतालो में पदस्थ प्रशिक्षित चिकित्सा अधिकारी और स्त्रीरोग विशेषज्ञ की उपस्थिति में सभी उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं का निशुल्क जांच , उपचार , रेफरल और सलाह प्रदान किया जाता है। इसी कड़ी में दिनाक 24/05/2025 को विकासखंड नगरी के सभी 07 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों 02 सिविल अस्पताल में PMSMA दिवस मनाया गया इस पूरे दिन गर्भवती माताओ की विशेषज्ञ और प्रशिक्षित चिकित्सको के द्वारा 272 गर्भवती माताओ 72 उच्च जोखिम गर्भवती माताओ की सपूर्ण जांच उपचार किया गया द्य राज्य , जिला , विकासखंड के सभी सक्षम अधिकारियों ने इस पूरे दिन सभी स्वास्थ्य केंद्रों का विजिट कर व्यवस्थाओं का आंकलन किया , सिविल अस्पताल नगरी में राज्य कार्यालय से आये निरीक्षणकर्ताओं डॉ तनुप्रिया सिंग PO WJCF और डॉ स्निग्धा पटनायक स्टेट कंसल्टेंट ने विजिट कर व्यवस्थाओं को जाना और सन्तोषव्यक्त किया और सलाह दी कि यदि बजट उपलब्ध हो तो हितग्राहियों के रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था किया जाए और उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं के पहचान के लिए स्टाफका समय समय पर उन्मुखीकरण किया जाए द्य जिस पर डॉ अरुण कुमार नेताम BMO नगरी सिविल अस्पताल नगरी ने कहा है कि रिफ्रेशमेंट हेतु उच्च कार्यालय से चर्चा के अनुसार व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जाएगा और सिविल अस्पताल नगरी के स्टाफका उन्मुखीकरण भी शीघ्र किया जाएगा।

मिशन जलरक्षा के तहत जल संरक्षण के लिए ग्रामीण कर रहे श्रमदान

राजनांदगांव/नव प्रदेश। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत छुरिया के ग्राम पंचायत भंडारपुर में ग्रामीणों द्वारा जल संरक्षण के लिए श्रमदान करके बरसाती नालों में बोरी बंधान कार्य किया गया। जल संकट के दृष्टिगत पानी की एक एक बूंद को सहेजने ग्रामीणों द्वारा मिशन जल रक्षा के क्षेत्र के तहत कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित जल संगोष्ठी में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविंद्र वैष्णव ने प्राकृतिक जल स्त्रोतों की सुरक्षा करने, घरों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने, सोख्ता गढ्ढा बनाने के लिए ग्रामवासियों से अपील की। इस अवसर पर सभी को जल शपथ भी दिलाया गया। कार्यक्रम में रविंद्र वैष्णव, श्रीमती उतरा निषाद, सदस्य जनपद पंचायत छुरिया, सरपंच, उपसरपंच, ग्राम पटेल एवं पंचगण जनपद पंचायत छुरिया से अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए.एस. कंवर, एडीईओ हुमेश भंडारी, तकनीकी सहायक हेमलता बगमरिया, स्वच्छता दीदी, बिहान के कैडर्स, महिला समूह के सदस्य तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

मजबूर ग्रामवासियों को अब उपलब्ध होगा स्वच्छ पीने का पानी

विधायक भावना बोहरा की पहल से वनांचल क्षेत्रों में पहुंचेगा शुध्द पेयजल

■ मजगांव और बिरहुलडीह में 42 लाख के विकास कार्यों का भी किया लोकार्पण और भूमिपूजन

कवर्धा/नवप्रदेश। जनता की सुविधा, सुरक्षा, सशक्तिकरण सुनिश्चित करने एवं पंडरिया विधानसभा में विकास कार्यों को गति देने के साथ ही आज पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने विधानसभा के अंतर्गत आने वाले वनांचल व दूरस्थ क्षेत्रों में होने वाले जल संकट की समस्या एके निवारण के लिए आज 10 पानी टैंकरों का शुभारम्भ कर जनता की सेवा में समर्पित किया। उनके इस सराहनीय प्रयास से विधानसभा क्षेत्र के वनांचल व दूरस्थ क्षेत्रों में झिरिया का पानी पीने को मजबूर ग्रामवासियों को अब स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। विधायक निधि से लगभग 25 लाख रुपए की लागत से इन सभी पानी टैंकरों के माध्यम से अब उन सुदूर और वनांचल ग्रामों में निवासरत परिवारों तक स्वच्छ पेयजल की सुचारू रूप से आपूर्ति होगी जहाँ गर्मी के मौसम में जल संकट की स्थिति रहती है। भावना बोहरा के इस सराहनीय प्रयास से उन सभी 11 पंचायतों में निवासरत सैकड़ों परिवारों को राहत मिलेगी और उन्हें स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

जल हमारे दैनिक जीवन का अत्यंत ही उपयोगी हिस्सा

विधायक भावना बोहरा ने सभी ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि जल हमारे दैनिक जीवन का एक अत्यंत ही उपयोगी हिस्सा है जिसके बिना हम जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। हमारे पंडरिया विधानसभा के वनांचल व दूरस्थ क्षेत्रों में जहाँ वर्ष भर एवं गर्मी के समय जल संकट रहता है यह देखकर मुझे हमेशा ही पीड़ा होती थी कि वे किस तरह पानी के लिए दूर-दराज व दुर्गम क्षेत्रों से अपनी जान जोखिम में डालकर पानी लाने के लिए मजबूर थे यहां तक कि जल स्तर नीचे जाने की वजह से जल स्त्रोत सूखने से उन्हें झिरिया का पानी पीना पड़ता था। आज मुझे यह अवसर मिला की मैं उनकी इस पीड़ा को कम कर सकूँ और उनके रोजमर्रा की उस तकलीफको कम कर सकूँ। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय में भी हमने हमारे किसानों और दूरस्थ एवं सूखाग्रस्त इलाकों में निवासरत परिवारों के लिए सिंचाई एवं पेयजल की आपूर्ति के लिए कई प्रयास और प्रदर्शन किये परन्तु पूर्व की कांग्रेस सरकार ने इसका कोई समाधान नहीं किया।

इस अवसर पर भावना बोहरा ने ग्राम पंचायत बिरहुलडीह एवं ग्राम पंचायत कांदावानी, ग्राम पंचायत सेन्दुरखार, ग्राम पंचायत अमनिया, ग्राम पंचायत तेलियापानी लेदरा, ग्राम पंचायत बदना, ग्राम पंचायत आगरपानी, ग्राम पंचायत छिंदीडीह, ग्राम पंचायत कुई, ग्राम पंचायत दमगढ़ और ग्राम पंचायत भेलकी में 3500 लीटर क्षमता वाले कुल 10 पानी टैंकर विधायक निधि से ग्राम पंचायतों को आवंटित की गई उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जिसका संचालन स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा पेयजल आपूर्ति हेतु की जाएगी। इससे ग्रामवासियों में भी खुशी की लहर है और उन्होंने पंडरिया विधायक का आभार भी व्यक्त किया है क्योंकि कि अब उन्हें दूर-दराज व अन्य क्षेत्रों में पानी लाने की असुविधा से छुटकारा मिलेगा वहीं उनके परिश्रम व समय की बचत भी होगी जिससे वे अपने दैनिक कार्यों एवं खेती-किसानी के कार्यों को भी निश्चिंत होकर कर सकेंगे।

भोरमदेव कॉरिडोर से पर्यटन विकास को मिलेगी नई पहचान : नीलू शर्मा

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा है कि कबीरधाम जिले में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं हैं, और भोरमदेव कॉरिडोर का निर्माण इस दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। कवर्धा प्रवास के दौरान शर्मा ने भोरमदेव मंदिर पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना की और बाबा भोरमदेव से प्रदेशवासियों की समृद्धि की कामना की। शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन व विशेष प्रयासों से भारत सरकार के केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत कबीरधाम जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों के समग्र विकास के लिए 146 करोड़ रूपए की स्वीकृति मिली है। इस राशि से भोरमदेव मंदिर, मड़वा महल, छेरकी महल, रामचुवा मंदिर और सरोदा बांध जैसे स्थलों का समग्र विकास किया जाएगा। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा भोरमदेव कॉरिडोर निर्माण की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। शर्मा ने बताया कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, पर्यटन मंडल के अधिकारियों, जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में इस परियोजना को अंतिम रूप दिया गया है।

बैठक के दौरान जानकारी दी गई कि भोरमदेव मंदिर के इतिहास में पहली बार जल शुद्धिकरण की ऐतिहासिक पहल की जा रही है। मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण कर उसे भव्य और सुविधायुक्त स्वरूप में विकसित किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत छह भव्य प्रवेश द्वार, नागद्वार, पार्क, संग्रहालय, परिधि दीवारों का संवर्धन, नई सीढ़ियों का निर्माण, पिलर हॉल, चिल्ड्रन पार्क, प्रसाद मंडप, अनुष्ठान भवन, यज्ञ स्थल, शौचालय, मेला ग्राउंड की ओर से पार्किंग सहित प्रवेश द्वार जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा फिट इंडिया संडे साइकिलिंग रैली का आयोजन

■ उत्साह एवं ऊर्जा के साथ मीडिया प्रतिनिधि, बच्चे एवं युवा बड़ी संख्या में हुए शामिल

राजनांदगांव/नव प्रदेश। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा खेलो इंडिया फिट इंडिया अंतर्गत स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता लाने के लिए आज अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम गौरव पथ राजनांदगांव में सुबह मीडिया प्रतिनिधियों के लिए फिट इंडिया संडे साइकिलिंग रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मीडिया प्रतिनिधि एवं साई हॉस्टल के बच्चे उपस्थित रहे। इस अवसर पर संयुक्त संचालक जनसंपर्क डॉ. उषा किरण बड़ाईक ने साइकल रैली को झण्डी दिखाकर रवाना किया। उत्साह एवं ऊर्जा के साथ मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बच्चों एवं युवाओं ने भी सायकल रैली में भाग लिया। खुशी जाहिर करते हुए सभी ने सेल्फी जोन में सेल्फी ली। संयुक्त संचालक जनसंपर्क डॉ. उषा किरण बड़ाईक ने कहा कि मीडिया प्रतिनिधि कठिन परिश्रम करते है और उनकी दिनचर्या थोड़ी अव्यवस्थित होती है। ऐसे में स्वास्थ्य का ध्यान रखना उनके लिए चुनौतीपूर्ण होता है। इसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य के प्रति ध्यान देना बहुत जरूरी है। इस सायकल रैली के माध्यम से मीडिया के प्रतिनिधियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया गया है, ताकि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए फिजिकल एक्टीविटी को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। साई हॉस्टल के प्रभारी एवं बास्केटबाल कोच श्री पंकज पाण्डेय ने कहा कि मीडिया प्रतिनिधियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रयास किया गया, ताकि जो समय नहीं निकाल पा रहे है, वे रविवार को समय निकालकर फिटनेस के लिए कार्य करें। उन्होंने बताया कि हर रविवार को डॉक्टर, नर्स, पुलिस, बार काउंसलिंग के साथ सायकल रैली का आयोजन किया गया है। कार्य के बावजूद अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए समय निकालकर प्रतिदिन सायकल चलाने एवं अन्य गतिविधियों को अपनाना चाहिए।

वरिष्ठ पत्रकार संदीप साहू ने कहा कि सायकल रैली के माध्यम से पत्रकर साथियों को इस आयोजन से जोड़ा गया है। सुबह उठ कर सायकल या कोई भी एक फिजिकल एक्टिविटी जरूर अपनाएं, जिससे आप स्वस्थ महसूस करेंगे। उन्होंने इस योजना के लिए साई तथा जनसंपर्क विभाग को बधाई दी।

अमेरिका की एमीलि चार्ल्स समाज सेवक संघ की अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष बनीं

राजनांदगांव/नवप्रदेश। समाज सेवी एवं समाज सेवक संघ के संस्थापक एवं अन्तर्राष्ट्रीय संयोजक संजीव सिंघल ने हुस्टन टैक्सास की एमीलि चार्ल्स को समाज सेवक संघ (सोशल सर्विस फोरम) का यू.एस.ए. (अमेरिका) का अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। एमीलि चार्ल्स बाद में मेमफीस टेन्नेसी में आ गई थीं।

परमार्थ सेवा समिति ने की बांधा तालाब घाट एवं हनुमान मंदिर प्रांगण की साफ सफाई

नगरी/नवप्रदेश। परमार्थ सेवा समिति नगरी द्वारा बांधा तालाब एवं हनुमान मंदिर परिसर में साफ सफाई अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता अभियान में संगठन के कई सक्रिय सदस्य शामिल हुए और समाजसेवा की मिसाल पेश की।इस अभियान में जसपाल खनूजा, देवकांत गजपाल, पप्पू साव, एन एस एस से जुड़े लकेश्वर यादव,चमन साहू, दयाशंकर साहू भोज राज साहू ,संजय निर्मलकर, आकाश पंजाबी,केशव पटेल ,पूर्वसहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी ने श्रमदान करते हुए बांधा तालाब एवं मंदिर परिसर की साफ-सफाई की और साफ-सुथरे वातावरण के लिए समाज को प्रेरित किया। संगठन का उद्देश्य न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करना है, बल्कि सामाजिक कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना भी है। परमार्थ सेवा समिति के संयोजक ने, नगरी नगर के धर्म प्रेमी एवं समाज सेवी बंधुओ से निवेदन किया है कि, अपना मूल्य समय प्रदान कर परमार्थ कार्य में सहयोग प्रदान करने की कृपा करे ,यह पहल समाज में श्रम की गरिमा और सेवा भाव को दर्शाती है।

उमरगांव के दिव्यांग कलाकार को मिला वाद्ययंत्र और बैशाखी सम्मान

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिला के नगरी ब्लाक में आने वाले ग्राम उमरगाव निवासी चन्द्रभान कुलदीप उम्र - 42 वर्ष जो जन्म से उनकी दोनों आखों में कमजोरी है जिसे देख नही पाता,और भीषम गंधर्व उम्र 40 वर्ष जो सड़क दुर्घटना से पैर टूट गया जिसे उनका एक पैर को इलाज के दौरान कटना पड़ा जो आज एक पैर से चलता फिरता है है। इन दोनों दिव्यांगो में कला दिखाने की जूनून है जो आर्थिक तंगी और शारीरिक रूप सक्षम नहीं होने कारण अपनी कला और कोई वाद्ययंत्र नही ले पा रहे थे। इनको सामग्री की आवश्यकता थी वाघयंत्र हारमोनियम और बैशाखी की जरूरत था जो भीख मांगकर और अपनी कला दिखाकर सामग्री के लिए पैसा इकट्ठा कर रहे थें।आपको बता दे ये दोनो दिब्यांग एक पंडवानी कलाकार भी है, अपनी कला दिखाकर अपनी जीवन गाड़ी चला रहे हैं। दोनों दिब्यांगो की जीवन में हो रही परेशानियों को देखते हुए सहायता के लिए नगरी के एक समाज सेवी द्वारा समाज कल्याण विभाग धमतरी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया जिसे विभाग द्वारा तुरंत निराकरण करते हुए दोनो दिव्यागों को हारमोनियम और बैशाखी में प्रदान किया गया और उनको दिव्यांग जन पेशन की सुविधा भी प्रदाय किया गया। इन सहायता के लिए दोनों दिव्यांगों ने समाज कल्याण विभाग और समाज सेवी की प्रति आभार प्रकट किए।

शहीदों को नमन... झीरम घाटी के शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा

झीरम घाटी के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए कांग्रेस भवन में कार्यक्रम आयोजित

कवर्धा/नवप्रदेश। झीरम घाटी में 25 मई 2013 को अपने प्राणों की आहुति देने वाले कांग्रेस नेताओं को श्रद्धांजलि देने के लिए आज कांग्रेस भवन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक ठाकुर, कवर्धा ग्रामीण अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी, गोपाल चंद्रवंशी संगठन महामंत्री, अगम दास आनंद, संतोष यादव उर्फ भक्कू , बिन्नू तिवारी पार्षद, ईश्वर वैष्णव, जुगेश चंद्रवंशी,अजहर खान, धनेश पाली, जलेश्वर यादव, जयंत

जायसवाल, नरेंद्र धुर्वे, राहुल सिंहा , राजू धुर्वे , रमेश साहू और सुरेश वर्मा मीडिया प्रभारी सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान, उपस्थित लोगों ने झीरम घाटी के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को याद किया। अशोक ठाकुर ने कहा कि झीरम घाटी के शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और कांग्रेस पार्टी उनकी याद में हमेशा एकजुट रहेगी। मणिकांत त्रिपाठी ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनकी शहादत ने कांग्रेस पार्टी को और मजबूत बनाया है।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शहीदों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और उनके साथ एकजुटता व्यक्त की। कार्यक्रम का समापन शहीदों के सम्मान में राष्ट्रगीत के साथ हुआ।

गौरतलब है कि झीरम घाटी में हुए हमले में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता शहीद हो गए थे, जिनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ला और छत्तीसगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष नंदकुमार पटेल शामिल थे। इस हमले ने पूरे देश को हिला कर रख दिया था।

आज के कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों ने शहीदों की याद में मौन रखा और उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर, कांग्रेस पदाधिकारियों ने शहीदों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और उनके साथ एकजुटता व्यक्त की।

29 मई से 12 जून तक कबीरधाम में चलेगा विकसित कृषि संकल्प अभियान

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले में किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने के उद्देश्य से 29 मई से 12 जून तक 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। यह अभियान कृषि एवं समवर्गी विभाग के तत्वावधान में जिले के गांव-गांव तक पहुंचेगा, जहां वैज्ञानिकों की टीम किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, आधुनिक उपकरणों और शासन की योजनाओं की जानकारी देगी। अभियान के दौरान खरीफ सीजन की प्रमुख फसलों के लिए उन्नत खेती के तौर-तरीकों, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार फसल चयन और संतुलित खादों के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही किसानों के अनुभव, नवाचारों और फीडबैक के आधार पर कृषि अनुसंधान की दिशा तय की जाएगी। जिले के सभी ग्राम पंचायतों में अभियान का प्रचार-प्रसार किया जाएगा और मुनादी के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को शिविरों में आमंत्रित किया जाएगा। कबीरधाम जिले में इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए तीन विशेष टीमें बनाई गई हैं।

गरियाबंद जिले में पशु चिकित्सा महाविद्यालय की मांग—ग्रामीण विकास की पुकार

जीवन एस साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले का प्राकृतिक सौंदर्य, वन संपदा और पशुधन की दृष्टि से विशेष महत्व है। यह जिला मुख्यतः कृषि और पशुपालन पर आधारित है। यहाँ के आदिवासी और ग्रामीण परिवारों की आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत पशुधन है – जिसमें गाय, भैंस, बकरी, मुर्गी, सुअर आदि शामिल हैं।

इन पशुओं की देखभाल, रोगों से सुरक्षा और उनकी उत्पादकता में वृद्धि के लिए वैज्ञानिक तकनीकों की आवश्यकता है, लेकिन दुर्भाग्यवश गरियाबंद जिले में न तो पर्याप्त पशु चिकित्सक उपलब्ध हैं और न ही विशेषज्ञ प्रशिक्षण केंद्र। ऐसे में गरियाबंद जिले में एक पशु चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना नितांत आवश्यक हो जाती है।

अनुसंधान और पशु स्वास्थ्य सेवाओं में प्रगति

पशु चिकित्सा महाविद्यालय केवल पढ़ाई का केंद्र ही नहीं होता, बल्कि यह एक शोध एवं सेवा केंद्र भी होता है। गरियाबंद जिले में स्थापित यह महाविद्यालय पशु रोगों पर अध्ययन, नई वैक्सीनों का विकास और डेयरी उद्योग में वैज्ञानिक तकनीकों का प्रशिक्षण देगा। इससे किसानों और पशुपालकों को आधुनिक तकनीक का लाभ मिलेगा और उत्पादन में वृद्धि होगी।

सरकार से अपेक्षा

राज्य सरकार ने प्रदेश में कृषि, डेयरी और मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएँ चलाई हैं। अब समय आ गया है कि गरियाबंद जिले जैसे पिछड़े क्षेत्र को भी पशु चिकित्सा महाविद्यालय की सौगात दी जाए। यह न केवल पशुपालकों के लिए बल्कि जिले के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए भी एक मील का पत्थर साबित होगा।

स्थानीय युवाओं को मिलेगा शिक्षा और रोजगार

गरियाबंद और आस-पास के जिलों के विद्यार्थियों को पशु चिकित्सा की पढ़ाई के लिए रायपुर, बिलासपुर या दुर्ग जाना पड़ता है। इससे आर्थिक बोझ के साथ-साथ पढ़ाई में भी कठिनाइयाँ आती हैं। यदि गरियाबंद जिले में ही महाविद्यालय स्थापित हो जाए, तो ग्रामीण और आदिवासी वर्ग के छात्र-छात्राओं को घर के पास ही उच्च शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही क्षेत्र में पशु चिकित्सकों की संख्या भी बढ़ेगी।

पशुपालन : गरियाबंद जिले की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़

गरियाबंद जिले में भी हजारों ग्रामीण परिवार पशुपालन से जुड़े हुए हैं। दुग्ध उत्पादन, अंडा व्यवसाय और मांस व्यापार यहाँ की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन पशुओं में समय-समय पर फैलने वाली बीमारियाँ जैसे लंपी स्किन डिजीज, मुंह-खुर रोग, ब्रूसेलोसिस आदि के कारण ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। यदि गरियाबंद जिले में पशु चिकित्सा महाविद्यालय होता, तो ऐसे रोगों की रोकथाम, टीकाकरण, और समय पर उपचार संभव होता।

निष्कर्ष

गरियाबंद जिले में पशु चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना की माँग जनहित में है। इससे शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था – चारों मोर्चों पर जिले को मजबूती मिलेगी। यह माँग अब आंदोलन का रूप ले सकती है।

फास्ट फूड नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए 31 तक करा सकते हैं पंजीयन

महासमुंद/नवप्रदेश। बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, महासमुन्द द्वारा फॉस्ट फूड स्टॉल उद्यमी के लिए 12 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिसमें फास्ट फुड के साथ केक व आइसक्रीम भी बनाना सिखाया जाएगा। 12 दिवसीय प्रशिक्षण का प्रारंभ 05 जून से किया जाएगा। प्रवेश के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मई 2025 है।

बड़ौदा आरसेटी के निदेशक ने बताया कि जिले के 18 से 45 वर्ष के इच्छुक प्रतिभागी निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान पहुँच कर या कमलेश पटेल के मोबाईल नम्बर 79997-00673 व प्रतीक साहेब गुप्ता के मोबाईल नम्बर 93402-81974 पर सम्पर्क कर पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए आवश्यक दस्तावेज में बी.पी.एल.राशन कार्ड की दो फोटो कॉपी, आधार कार्ड की दो फोटो कॉपी, पासपोर्ट साइज की 5 फोटो एवं शैक्षणिक योग्यता हेतु अंकसूची की फोटो कॉपी शामिल है। प्रशिक्षण से संबंधित अधिक जानकारी के लिए दिए गए मोबाइल नंबर पर सुबह 10 बजे से 6 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

वट सावित्री व्रत आस्था और परंपरा का संगम

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आस्था और परंपरा का संगम लिए वट सावित्री व्रत 26 मई को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या को मनाया जाने वाला यह पर्व विवाहित महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दिन व्रती महिलाएं पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य के लिए बरगद की पूजा करती हैं। वट सावित्री का पर्व सुहागिनों के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दिन सती सावित्री की तरह पति की लंबी उम्र की कामना के लिए महिलाएं व्रत रखती हैं और वटवृक्ष की पूजा महादेव मानकर करती हैं। मान्यता है कि इस दिन सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस लिए थे। ज्येष्ठ माह के अमावस्या तिथि को यह पर्व हर वर्ष सुहागिनों द्वारा मनाया जाता है। इसलिए सुहागिनों द्वारा सोमवार को ही व्रत किया जाएगा।

व्यापक पौधरोपण महाअभियान होगी शुरू: देवीचंद

महासमुंद/नवप्रदेश। एक पेड़ मां के नाम से प्रेरित होकर भारत सरकार के दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत आवास एवं शहरी मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा अमृत मित्र 2.0 योजना में व्यापक पौधरोपण अभियान की शुरूआत होने वाली है।नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी ने बताया कि पौधरोपण का नाम होगा 'महिला के लिए वृक्ष', पौधरोपण के इस वृहद आयोजन को छग में एनयूएलएम सेंटरों के माध्यम से नगरीय निकायों द्वारा संपादित कराया जाना है।

ढाई साल बाद उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में बाघ : जंगल में पोखरों से लौटती उम्मीद

■ **विलुप्तप्राय वन्यप्राणियों का उन्मुक्त विचरण यहां दिखता है**

गरियाबंद/नवप्रदेश। पर्यावरण संरक्षकों, प्राकृति व वन्यजीव प्रेमियों के लिये इन दिनों उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व से मिल रही सूचनायें और ट्रैप कैमरे में नजर आ रही दुर्लभ वन्यप्राणियों की तस्वीरें उत्साह वर्धक और राहत भरी है।

आपको बता दें कि उदंती सीता नदी अभ्यारण क्षेत्र में, वन्यजीवों के अध्ययन और निगरानी के लिये सौ से अधिक ट्रैप कैमरे लगाये गये है। इन स्वचलित कैमरों में वन्यजीवों की गतिविधियों को रिकार्ड किया जा रहा है, जिससे उनके व्यवहार, आवास और संरक्षण के प्रयासों के लिये महत्वपूर्ण डेटा प्राप्त होता है।

ट्रैप कैमरे से वन्यजीवों की उपस्थिति, प्रजातियों के बीच अंतर संबंधों, और मानव गतिविधियों के प्रभाव को समझने में मदद मिल रही हैं, जिससे उनके संरक्षण के प्रयासों को प्रभावी बनाया जा सकता है।

उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व विभिन्न स्थानों में लगे ट्रैप कैमरे में हाथी, तेंदुआ,भालू, नील गाय, हिरन, कबर बिज्जू ,जंगली सुकर और अन्य दुर्लभ वन्यप्राणियों की तस्वीरें नजर आ रही है।

यूरेशियन ओटर की रिकॉर्डिंग उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में : कुछ दिनों पूर्व ही छत्तीसगढ़ के उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में यूरेशियन ओटर (ऊदबिलाव) की पहली रिकार्डिंग कैमरा ट्रेप के माध्यम किये जाने में सफलता प्राप्त हुई है।

इसके अतिरिक्त 24 और 25 मई शनिवार – रविवार को अभ्यारण में नीलगाय और गौर के झुंड का स्वच्छंद विचरण देखा गया है।

डीएफओ वरुण जैन ने बताया कि वन्य प्राणियों के लिये यह अभ्यारण मध्य भारत का सबसे अच्छा रहवास क्षेत्र है।

अभ्यारण क्षेत्र में एंटी पोचिंग यूनिट एवं फील्ड स्टाफ द्वारा बाघ विचरण क्षेत्रों में लगातार गश्ती एवं सुरक्षा कार्य किया जा रहा है , इसके अलावा सोलर पंप के माध्यम से तालाबों पोखरों में पानी की व्यवस्था की गई है, जिससे वन्यजीवों को पानी के लिये मानव बस्तियों की ओर जाने की जरूरत ना पड़े। पिछले करीब दो वर्षों में अभ्यारण क्षेत्र में हाथियों से एक भी जनहानि नही हुई है। पिछले दो वर्षों में अवैध शिकार और अवैध कटाई रोकने 40 से ज्यादा एंटी पोचिंग ऑपरेशन किये गये है। डीएफओ वरुण जैन के अनुसार उजड़े वनों को सुधारने की दृष्टि से 700 हेक्टेयर वन क्षेत्र से अवैध अतिक्रमण हटाया गया है। इन प्रयासों के परिणाम स्वरूप अब धीरे धीरे जंगल की रौनक लौट रही है।

ढाई साल बाद दिखा बाघ

करीब ढाई साल के लंबे इंतजार के बाद उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व एक बार फिर टाइगर की मौजूदगी दर्ज हुई है। इस बार बाघ की पहली स्पष्ट तस्वीर रिजर्व के ट्रैप कैमरे में कैद हुई है, जिसकी आधिकारिक पुष्टि डीएफओ वरुण जैन ने की है। इससे पहले 13 दिसम्बर 2022 को आखरी बार इस अभ्यारण में बाघ नजर आया था।

बेमेतरा आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवाही

■ **7 पेटी बलौदाबाजार जिले के शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ़्तार**

बेमेतरा/नवप्रदेश। नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम ग्रस्त के दौरान मुखबीर द्वारा मिली सूचना मिली कि बालोद बाजार जिले से बेमेतरा जिले में अवैध मदिरा का धारण कर परिवहन किए जाने वाला है सूचना के आधार पर ग्राम मल्दा से खम्हरिया रोड जाने वाली मार्ग पर अस्थाई नाका लगाकर जांच चेकिंग करने के दौरान एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार को संदिग्धावस्था होने से रोका गया ।

संदिग्ध वाहनष्ट.त्न.22 क्क 0185 की विधिवत तलाशी लेने पर आरोपी दीपू हलधर, राजू हलधर एवं राहुल हलधर साकिन रोहरा जिला बलौदा बाजार के कब्जे आधीन 07नग पुट्ठे के कार्टून पेटी में भरी कुल 336नग पाव देसी मदिरा मसाला कुल मात्रा– 60.48ब.ली. बरामद कर जप्त किया गया। आरोपियों को अवैध रूप से मदिरा का धारण कर परिवहन करते सबुत पाए जाने पर आरोपियों को आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क),34(2) एवं 59(क) के तहत गैर जमानती अपराध होने पर गिरफ्तार कर प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों का न्यायिक रिमांड लेकर जेल दाखिल किया

उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक सहदेव मरकाम प्रभारी वृत्त नवाँगढ , आबकारी उप निरीक्षक निवेदिता मिश्रा प्रभारी वृत्त बेरला, आबकारी आरक्षक महेंद्र, नाग व वाहन चालक पूर्णानंद सोम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कलेक्टर ने खाद-बीज की उपलब्धता के संबंध में अधिकारियों की ली संयुक्त बैठक

■ **चौपाल लगाकर उर्वरक के संबंध में किसानों को दी जा रही जानकारी**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने खाद-बीज की उपलब्धता के संबंध में कृषि विभाग, डीएमओ एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि खेती-किसानी को ध्यान में रखते हुए किसानों के लिए खाद एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता होनी चाहिए। डीएपी की कमी को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर अन्य उर्वरकों का उपयोग करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के माध्यम से चौपाल लगाकर उर्वरक के संबंध में किसानों को जानकारी प्रदान करें।

उन्होंने ऐसे स्थानों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए जहां खाद एवं बीज का भण्डारण नहीं हो पाया है। कलेक्टर ने भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग तथा

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की सहभागिता से 29 मई से 12 जून 2025 तक खरीफ पूर्व राष्ट्रव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों को इस अभियान के तहत अधिक से अधिक लाभान्वित करना है। इस अभियान के अंतर्गत खरीफ फसलों की नवीनतम तकनीकों के संबंध में कृषकों को जागरूक करना, विभिन्न कृषकोन्मुखी शासकीय योजनाओं एवं नीतियों के संबंध में प्रचार-प्रसार करना, मृदा स्वास्थ्य पत्रक की अनुशंसा के आधार पर उर्वरक तथा सूक्ष्म तत्वों की आवश्यक मात्रा के निर्धारण के लिए कृषकों को जागरूक करते हुए संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देना है। उन्होंने कृषि विभाग को इसके लिए व्यापक तौर पर तैयारी करने के निर्देश दिए।

आठवीं में कुमारी घटा साहू का सुयश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आई जी एन आई टी इ एमएस स्टेट स्कूल में आठवीं कक्षा की छात्रा कुमारी घटा साहू 82.50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्कृष्टता हासिल की है। कुमारी घटा साहू शुरू से मेघावी रही है वह नगर के प्रतिष्ठित पत्रकार लखोली निवासी दीपक साहू व दक्ष गृहणी सोम बाई साहू की पुत्री है।

कुमारी घटा साहू ने कहा कि सरकार बेटी पढ़ाओ बेटी बढ़ाओ के नारे को बुलंद कर रही है। माता-पिता भी बेटियों पर ज्यादा भरोसा कर रहे हैं तो उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतारने का प्रयास हमें करते रहना है। कुमारी घटा साहू की सफलता पर परिजनों, गुरुजनों सहित समस्त शुभ चिंतको ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

गांव में इतना भव्य आयोजन हर किसी के वश की बात नहीं : अरुण साव

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। तुलसी सेवा समिति के तत्वावधान में लगातार 7वें वर्ष तुलसी साहित्य महोत्सव–अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम खपरीडीह में किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के यशस्वी उपमुख्यमंत्री अरुण साव की उपस्थिति रही। देशभर के श्रेष्ठतम कवियों से सजी टीम ने अकलतरा (छत्तीसगढ़) के हास्य कवि बंशीधर मिश्रा के संचालन में कटनी (मध्यप्रदेश) से हास्य कवि मनोहर मनोज, रीवा (मध्यप्रदेश) से हास्य कवि अमित शुक्ला, कोटा (राजस्थान) से डॉ. आदित्य जैन, दिल्ली से चेतन चर्चित और नागपुर (महाराष्ट्र) से श्रद्धा शौर्य ने अपने जानदार काव्यपाठ से सबका दिल जीत लिया।

भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड बालको–वेदांता ग्रुप में पदस्थ समिति के सचिव व प्रसिद्ध हास्य कवि हीरामणी वैष्णव ने बताया कि ग्राम पंचायत खपरीडीह के सरपंच पुनीता सुदर्शन ध्रुव, उपसरपंच प्रेमलता अमर केंवट और जनपद पंचायत सदस्य सम्मेलाल पटेल के संरक्षण में कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण उपमुख्यमंत्री अरुण साव की उपस्थिति रही जहाँ तुलसी सेवा समिति ने उनके आगमन पर जोरों-शोरों की आतिशबाजी के साथ स्वागत-सत्कार किया और मंच पर लगाए गए एलईडी में उनके जीवन परिचय से लोगों को रूबरू कराकर अनोखे अंदाज़ में स्वागत किया ।

बिलाईगढ़ विकासखंड में खनिज विभाग की कार्यवाही

बिलाईगढ़/नवप्रदेश।– बिलाईगढ़ अनुविभाग क्षेत्र में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के रोकथाम हेतु राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देश के परिपालन में खनिज अमला एवं राजस्व अमला द्वारा अनुविभाग बिलाईगढ़ अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रो का आकस्मिक, संयुक्त निरीक्षण कर अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के रोकथाम हेतु नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अनुभाग अन्तर्गत अवैध उत्खनन में कार्यवाही कर 02 प्रकरण दर्ज कर राशि एक लाख छियासठ हजार दो सौ रूपये खनिज मद में जमा कराया गया। अवैध परिवहन में कार्यवाही करते हुए कुल 65 प्रकरण दर्ज कर राशि छः लाख सात सौ पच्चीस रूपये खनिज मद में जमा कराया गया। इस प्रकार कुल 67 प्रकरणों में कार्यवाही कर सात लाख 66 हजार 925 रूपये वसूल कर प्रकरण का प्रशमन किया गया। यह कार्यवाही छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 तथा खान एवं खनिज विकास अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत की गई। सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के खनिज अमला द्वारा अनुविभाग बिलाईगढ़ अन्तर्गत गौण खनिज चूनापत्थर के स्वीकृत अस्थाई भण्डारण अनुज्ञापत्र के संचालन संबंधी नियमों, शर्तों के उल्लंघन पर 06 क्रशर पर छत्तीसगढ़ खनिज (खनन, परिवहन एवं भण्डारण) नियम 2009 के तहत् कार्यवाही कर अर्थदण्ड, समझौता शुल्क की राशि कुल 3 लाख रूपये एवं इसी प्रकार स्वीकृत उत्खनिप ?ट्टा में छ0ग0 गौण खनिज नियम 2015 तथा अनुबंध विलेख में विनिर्दिष्ट शर्तों का उल्लंघन के तहत् कुल 08 पट्टेदारों पर कार्यवाही करते हुए अर्थदण्ड, समझौता शुल्क की राशि कुल 3 लाख 90 हजार रूपये अधिरोपित किया गया है।

क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लाक निर्माण कार्य में आई तेजी, मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल जैसी होगी सुविधाएं

■ **सड़क हादसे में होने वाले मौत के आंकड़ों भी होंगे कम**

महासमुंद/नवप्रदेश। खरोरा स्थित मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल परिसर में पिछले 5-6 महीनों से क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लाक (सीसीएचबी) का निर्माण हो रहा है। करीब

23.75 करोड़ की लागत से क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लाक में विशेष कर सड़क हादसे के अलावा गंभीर मरीजों को मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल जैसी इलाज की सुविधाएं मिलेगी। सारे इक्विपमेंट से लैस होगा। इससे गंभीर हालत के पेशेंट को रेफर करने की बजाए सारे इलाज यहीं किया जाएगा। वहीं, सड़क हादसों में घायलों के इलाज में देरी से मौत के आंकड़ों में भी कमी आएगी।

मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में बन रहे क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लाक का निर्माण सीजी एमएससी द्वारा किया जा रहा है। क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक के ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग की सुविधा होगी ताकि अनावश्यक वाहनों का दबाव सीसीएचबी, मेकाहाम पर न पड़े। वहीं, प्रथम तल तथा द्वितीय तल पर सभी प्रकार की आपातकालीन

सेवाएं उपलब्ध होंगी। अस्पताल में कुल 50 बेड रहेंगे। इनमें से अधिकांश बेड आपातकाल के लिये आरक्षित होंगे। इसके अलावा आपातकाल वार्ड, आईसीयू वार्ड, लेबर रूम, केजुअल्टी, ट्रामा सेंटर, ऑपरेशन थियेटर का निर्माण कराया जाएगा। सीसीएचबी के निर्माण के बाद मेकाहाम के आपातकालीन कक्ष को अन्य वार्ड के लिये उपयोग किया जाएगा। बता दें कि मेकाहाम में फिलहाल 400 बेड हैं। सीसीएचबी के निर्माण के बाद यहां कुल 450 बेड हो जाएंगे।

जिला अस्पताल का भवन पूर्व सेटअप के अनुसार बना हुआ है। लेकिन, मेडिकल कॉलेज बनने के बाद से यहां सुविधाओं में इजाफा हुआ। उन सुविधाओं को मरीजों को उपलब्ध करने के लिए अस्पताल प्रबंधन के पास पर्याप्त जगह नहीं है। जहां वर्तमान भवन खड़ा हुआ है, उसके बाएं ओर कोविड काल के समय ही नर्सिंग प्रशिक्षण तथा मेडिकल कॉलेज की क्लास लगती है। वहीं, इसके पीछे टीबी और नशा मुक्ति विभाग संचालित हो रहा है।

हादसों में उपचार में देरी से मौत के आंकड़ों में भी कमी आएगी

50 बेड के इस क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लाक में अति गंभीर मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों की तर्ज पर सेवाएं मिलेंगी। जिले में सड़क हादसों में बुरी तरह से घायल गंभीर मरीजों को अक्सर मेकाहारा रिफर करना पड़ जाता है। लेकिन, यहां जब सीसीएचबी बन जाएगा तो राजधानी रिफर किये जाने से मुक्ति मिलेगी। वहीं, हादसों में उपचार में देरी से मौत के आंकड़ों में भी कमी आएगी। इसके अलावा यहां लीवर, किडनी, हार्ट से संबंधित गंभीर मरीजों का उपचार होगा। चूंकि अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग होगी तथा इसके ऊपर 2 मंजिला अस्पताल बनेगा।

वट सावित्री व्रत करने से सुहागिन महिलाओं को सौभाग्यवती का आशीर्वाद प्राप्त होता है : विजय

बेमेतरा/नवप्रदेश। वट सावित्री व्रत महिलाएं अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए करती हैं. वट सावित्री व्रत हर वर्ष ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है. इस वर्ष, यानी 2025 में,यह व्रत आज 26 मई, सोमवार को आयोजित किया गया. इस दिन सुहागिन महिलाएं वट वृक्ष (बरगद का पेड़) की पूजा करती हैं. कहा जाता है कि वट वृक्ष के नीचे सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से पुनः प्राप्त किए थे.इस व्रत के प्रभाव से पति की दीर्घायु के साथ-साथ वैवाहिक जीवन में सुख और समृद्धि आती है. हालांकि, इस दिन पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना करना अत्यंत आवश्यक है।

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
स्वर्णिम भविष्य की राह
शासकीय विभागों के
9000
से अधिक पदों पर भर्ती जारी
शासकीय भर्तियों में आयु सीमा में
5 वर्ष की छूट
नया रायपुर में
आईटी हब की स्थापना
से रोजगार के नए अवसर
संवाद -43863/1
सुशासन से समृद्धि की ओर
ChhattisgarhCMO
DPRChhattisgarh
www.dprcg.gov.in
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

संक्षिप्त खबरें

रेजांगला रज़ कलश यात्रा का नगरागमन

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रेजांगला पवित्र माटी कलश यात्रा के राष्ट्रीय संयोजक श्री दिनेश यादव जी के मार्गदर्शन में 13 अप्रैल 2025 को बिहार के छपरा से प्रारम्भ हुई कलश यात्रा भारतवर्ष के बंगाल, बिहार और झारखंड के विभिन्न कस्बों, गांवों और शहरों की यात्रा पूरी करते हुए सरायपाली मार्ग से कल 27मई 2025 को दोपहर 03बजे रायपुर शहर में प्रवेश करेगी ।।रायपुर के बंजारी धाम में यात्रा के संयोजक श्री संजय यादव की अगुवाई में कलश रथ के सारथियों एवं कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले यादव बंधुओं के भव्य स्वागत पश्चात जन जागरण निमित्त मोटर साइकिल सवार नौजवानों की टीम द्वारा नगर भ्रमण किया जाएगा। ज्ञात हो कि शहीद 114 वीर अहीरों की स्मृति में प्रतिवर्ष 18नवंबर को रेजांगला दिवस मनाया जाता है ।कलश यात्रा के प्रदेश प्रभारी और महासभा के प्रांत उपाध्यक्ष कमल सिंह यादव ने बताया कि शोभा यात्रा भनपुरी, खमतराई, फाफाडीह चौक, जेल रोड, घड़ी चौक होते हुए काली मंदिर आकाशवाणी स्थित शहीद कौशल यादव में उनकी मूर्ति को नमन करने पश्चात आमसभा में तब्दील हो जाएगी। रजबंधा मैदान स्थित मायाराम सुरजन सभागार में आयोजित सम्मेलन को समाज के प्रमुख पदाधिकारी गण संबोधित करेंगे।

तटबंध निर्माण कार्य के लिए 77.35 लाख रूपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा बालोद जिले के विकासखण्ड-डौण्डीलोहारा के अंतर्गत ग्राम बड़ाजुंगेरा में स्थित स्थानीय नाले पर तटबंध निर्माण कार्य के लिए 77 लाख 35 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग रायपुर को तटबंध निर्माण कार्य कराने प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

कॉल मी सर्विस पर गिरेगी गाज

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल अस्पताल (मेकाहारा) में रविवार देर रात बाउंसरों द्वारा पत्रकारों के साथ की गई बदसलूकी और मारपीट के मामले में अब प्रशासनिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने रायपुर मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. विवेक चौधरी को पत्र लिखकर विवादित सुरक्षा एजेंसी कॉल मी सर्विस÷ के ठेके को तत्काल निरस्त करने की सिफारिश की है। डॉ. सोनकर ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि प्राइवेट ठेका कंपनी द्वारा तैनात सुरक्षा कर्मियों की वजह से हुई घटना से अस्पताल की छवि को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के साथ हुई घटना बेहद दुर्भाग्यजनक है और इससे अस्पताल प्रशासन की भी किरकिरी हुई है। डॉ. सोनकर ने बताया कि रविवार देर रात पत्रकारों के प्रदर्शन के दौरान उन्होंने खुद मौके पर पहुंचकर संवाददाताओं से बातचीत की थी और कार्रवाई का आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा, ÷मैंने आज सुबह कार्यालय खुलते ही डीन को पत्र भेजकर ठेका निरस्त करने की सिफारिश की है। इससे पहले पत्रकारों से मारपीट के इस मामले में पुलिस ने तीन बाउंसरों को गिरफ्तार कर विधानसभा थाना में रखा था। इन बाउंसरों के आधे सिर मुंडवाकर जुलूस भी निकाला गया, जिससे यह मामला और गरमा गया।

रायपुर में हो रही गरज चमक, बादल छाए

रायपुर/नवप्रदेश।छत्तीसगढ़ में प्री मानसून की एंट्री से मौसम बदला हुआ है। भिलाई में सुबह से पानी बरस रहा है। प्रदेश के सभी जिलों में आज भी यलो अलर्ट जारी है। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर और सरगुजा संभाग के जिलों में बादल छाए रहने के साथ गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। बिजली गिर सकती है। रविवार को भी दिनभर बादल छाए रहे, सुबह बौछारें पड़ी जिससे दिन का तापमान कम रहा। प्री मानसून एक्टिविटी के कारण पिछले कुछ दिन से बारिश हो रही है, जिसके कारण कई जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से 7 डिग्री तक लुढ़का है। मैनपाट में मौसम खुशनुमा हो गया है। सुबह से बादल छाए हैं, ठंडी हवाएं चल रही हैं। बता दें कि देश में शनिवार को मानसून ने दस्तक दे दी है। छत्तीसगढ़ में मानसून के 5 जून से पहले पहुंचने की संभावना है। रविवार को मानसून कर्नाटक के कुछ और हिस्सों में सक्रिय हो गया है। दूसरी तरफ, दक्षिण छत्तीसगढ़ में मौजूद एक टर्फ और साइक्लोन सर्कुलेशन के कारण प्रदेशभर में बारिश हो रही है। अगले 3-4 दिनों तक प्रदेश में ऐसी ही स्थिति रहेगी।

फर्जी फोटो डालकर वसूली

रायपुर/नवप्रदेश। आईपीएस शलभ कुमार सिन्हा के नाम और फोटो का दुरूपयोग कर फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाया गया है, उन्होंने खुद अपने आधिकारिक अकाउंट से इस बात की जानकारी दी है. इन फर्जी खतों में प्रोफाइल फोटो एक ही तरह की लगाई गई है लेकिन कवर फोटो दोनों खातों में अलग है आईपीएस शलभ ने लोगों को अकाउंट की रिपोर्ट करने के लिए अपील की है । आईपीएस शलभ सिन्हा ने अपने आधिकारिक फेसबुक अकाउंट पर लिखा कि मेरे दो फर्जी प्रोफाइल बनाए गए हैं और इनसे फ्रेंड रिक्वेस्ट की जा रही है. कृपया प्रोफाइल की रिपोर्ट करें और रिक्वेस्ट को स्वीकार न करें. हमारी ओर से उचित कार्रवाई की जा रही है.

पुलिसकर्मी की बहू की लाश मिली, बेटा फरार

रायपुर/नवप्रदेश। नवविवाहिता की लाश राजधानी के लिली चौक स्थित एक घर में संदिग्ध अवस्था में फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली है। आपको यह जानकर हैरानी होगी की मृतका मंदिर हसौद थाना इलाके में रक्षाबंधन के दिन हुए गैंगरेप के आरोपी कृष्णा साहू की पत्नी है। मृतका आरती हनोतवाल 23 साल की शादी तीन महीने पहले ही कृष्णा साहू से हुई थी। आपको बता दें कि, कृष्णा साहू पुलिसकर्मी का पुत्र है और रक्षाबंधन के दिन रायपुर के मंदिर हसौद इलाके में हुए सामूहिक दुष्कर्म कांड का आरोपी भी है। कृष्णा साहू कुछ महीने पहले ही जेल से छूटा था और 3 महीने पहले ही उसकी शादी आरती हनोतवाल से हुई थी। वहीं आज आरती का शव घर पर लटका हुआ मिला है।

मेकाहारा में बाउंसरों की गुंडागर्दी, पत्रकारों के साथ की मारपीट

■ पुलिस ने निकाला आरोपियों का जुलूस

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के मेकाहारा अस्पताल में पत्रकारों के साथ मारपीट मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आज जयस्तंभ चौक से सभी आरोपी बाउंसरों का शहर में जुलूस निकाला गया। इस दौरान पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

जानिए पूरा मामला

मेकाहारा में पत्रकारों को चाकूबाजी से पीड़ित वर्ग की रिपोर्टिंग करने से रोका गया। अस्पताल में जब बाउंसर सप्लाई करने वाली एजेंसी का संचालक वसीम पिस्तौल लेकर अस्पताल पहुंचा तो विवाद बढ़ा. वसीम अपने 3 बाउंसर के साथ मिलकर पत्रकारों को धमकाने लगा. पुलिस की मौजूदगी में उसने महिला सुरक्षाकर्मियों को अस्पताल के गेट से बाहर निकालकर पत्रकारों की ओर धकेलना शुरू किया. अस्पताल के गेट पर ही पुलिस ने रिपोर्टरों को रोका. सभी पत्रकार बाउंसर के खिलाफ कार्रवाई की मांग लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। लगभग 3 घंटे बीद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई तो सभी पत्रकारों ने मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर दिया।

मेकाहारा के अधीक्षक ने मांगी माफी, मंत्री ने दिया कार्रवाई का आश्वासन-पत्रकार धरने पर बैठे तो मौके पर रायपुर के एसएसपीडॉक्टर लाल उम्मेद सिंह भी पहुंचे। पत्रकारों ने कहा कि अंबेडकर अस्पताल के अधीक्षक स्वयं यहां आए और घटना को लेकर कार्रवाई की जानकारी दें. इसके बाद अम्बेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर सीएम हाउस गेट के पास पहुंचे। उन्होंने दुर्व्यवहार को लेकर माफी मांगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल की सुरक्षा में लगी कॉल मी सर्विस के टेंडर को निरस्त करने की अनुशंसा को लेकर सरकार को पत्र लिखेंगे. धरने में बैठे रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर से स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने फोन पर बातचीत की. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पत्रकारों को इस तरह से धमकाने वाले लोगों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा, इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री से कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद देर रात पत्रकारों ने धरना प्रदर्शन को स्थगित किया।

मेकाहारा में पत्रकारों से मारपीट कांग्रेस ने जारी किया पोस्टर

राजधानी रायपुर के सरकारी अस्पताल मेकाहारा में पत्रकारों के साथ मारपीट मामले में कांग्रेस ने सोशल मीडिया में पोस्टर जारी कर सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने कहा, अस्पताल की पोल खुलने से बचाने गुंडों को तैनात किया गया है। एक्स पर कांग्रेस ने लिखा, प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल मेकाहारा हॉस्पिटल में बाउंसरों का कहर है. खस्ता हाल व्यवस्थाओं और लापरवाही को ठीक करने की बजाए भारी भुजाओं वाले गुंडे पाल लिए गए हैं, जो मीडिया कर्मियों के साथ मारपीट, बदतमीजी कर भीतर की पोल खुलने से बचाते हैं। प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने एक्स पर पोस्ट कर इस घटना की निंदा की है. उन्होंने कहा, प्रदेश के सबसे बड़े और प्रख्यात सरकारी अस्पताल मेकाहारा में हुई अप्रिय और हिंसक घटना बहुत चौंकाने वाली और अत्यंत निन्दनीय है। सरकारी अस्पताल में बाउंसर के रूप में हिंसक और असामाजिक तत्वों का मौजूद होना और पत्रकारों के विरुद्ध प्रशासन की मौजूदगी में हिंसा और बदतमीजी करना प्रदेश की कानून व्यवस्था और पत्रकारिता की स्वतंत्रता का हाल साफ दिखाता है।

पर्यावरण को सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी : राज्यपाल

■ भारत स्काउट्स गाइड्स के अलंकरण समारोह में शामिल हुए राज्यपाल

रायपुर/नवप्रदेश । राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में आज राजभवन में स्काउट्स और गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में राज्यपाल डेका ने राज्य के सर्वश्रेष्ठ स्काउटर, गाइडर, रोवर, रेंजर, एवं स्काउट-गाइड को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की समस्या को देखते हुए प्रकृति और पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सबकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। स्काउट्स एवं गाइड्स को इसमें अपना सक्रिय योगदान देना होगा। उन्होंने सभी से एक पेड़ मां के नाम पर लगाने और दोस्तों एवं परिजनों को भी इसके लिए प्रेरित करने की बात कही। डेका ने सम्मान प्राप्त होने पर स्काउट्स एवं गाइड्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स अपने आदर्श वाक्य ''तैयार हो'' के अनुरूप हमेशा अपने कर्तव्य और जिम्मेदारी के साथ देश और समाज की मदद हेतु तत्पर रहते हैं। देश के युवाओं को अच्छे नागरिक बनने, आत्मनिर्माण करने और सेवा कार्य हेतु सदा तैयार रहने की प्रेरणा देते हैं।

दिनदहाड़े कलेक्ट्रेट परिसर में लाखों की उठाईगिरी का खुलासा

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के अति-संवेदनशील कलेक्ट्रेट परिसर में हुई दिनदहाड़े चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने डिक्की से 1 लाख रुपये नगद चुराने वाले आरोपी संजय साहू को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने चोरी की रकम से साइकिल सहित अन्य सामान की खरीदारी की थी। घटना 19 मई की दोपहर करीब 2.45 से 3.15 के बीच की है, जब छत्तीसगढ़ वेयरहाउस कार्पोरेशन में कार्यरत विनय कुमार रामटेके ट्रेजरी कार्यालय गए थे। उन्होंने अपनी स्कूटी (क्रमांक ष्टत्र 04 ढ्ढ 1587) की डिक्की में ?1 लाख रुपये रखकर पोस्ट ऑफिस के सामने परिसर में वाहन पार्क किया था।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर कालोनी रायपुर में निर्मित एच.डी.डी. II भवन योजना के अंतर्गत भवनों में से भवन क्रमांक एच.डी.डी.-II 83 फेस-III श्री (1) रामपाल शर्मा (2)विदामी देवी शर्मा पिता/पति श्री (1) स्व. नाथूराम शर्मा (2) रामपाल शर्मा को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 14-05-2015 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 21-05-2025 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती माधवी तिवारी पति श्री अतुल कुमार तिवारी के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा टाटीबंध कालोनी रायपुर में निर्मित एल.आई.जी. योजना में से भवन क्र. एल.आई.जी.-83 श्री तुकाराम पिता श्री अर्जुन सिंह को आबंटित/नामांतरित किया गया है। मूल आबंटी/नामांतरी द्वारा दिनांक 22-03-13 विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है।

मूल आबंटी/नामांतरी की मृत्यु दिनांक 19-12-24 को हो जाने के कारण श्रीमती किरण प्रकाश पति श्री स्व. तुका राम द्वारा उक्त भवन/ भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र वारिसों (1) दीक्षा देवांगन (2) ऋत्विक देवांगन दोनों के पिता स्व. तुकाराम) की सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन श्रीमती किरण प्रकाश पति श्री स्व. तुकाराम के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 21087 दिनांक 26.05.2025
वार्ड का नाम-19- डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 19 स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR803B0249A जो कि निगम अभिलेख में श्री/ श्रीमती Narendra Kumar Singh पिता/पति श्री/श्रीमती B.P. Singh के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती Sukant Khandual पिता/पति श्री/श्रीमती Bhagban khandual ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मलमा बिक्रीनामा एवं शपथ पत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे.

श्री जसदेव सिंह बाबरा
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 21054 दिनांक 26.05.2025
वार्ड का नाम-19- डा. ए.पी.जे.अब्दुल कलाम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 19 स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR802N00280 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती Shravan Lal Sahu पिता/पति श्री/श्रीमती Natthu Lal Sahu के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती Pawan Kumar Sahu पिता/पति श्री/श्रीमती LT. Nathu Sahu ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे.

श्री जसदेव सिंह बाबरा
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 21088 दिनांक 26.05.2025
वार्ड का नाम-19- डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 19 स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR803B00249 जो कि निगम अभिलेख में श्री/ श्रीमती Jayant Kumar पिता/पति श्री/श्रीमती B.P. Singh के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती Bipin Khandual पिता/पति श्री/श्रीमती Bhagban Khandual ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मलमा बिक्रीनामा एवं शपथ पत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे.

श्री जसदेव सिंह बाबरा
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, मंडल क्रमांक 1, रायपुर (छ.ग.)
दूरभाष : (0771) 2331431 फैक्स : (0771) 4055885 ईमेल : se1.raipur@gov.in

निविदा संशोधन सूचना

ज्ञाप क्र. / 40-115/ सा.25 रायपुर, दिनांक /05/2025

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित एन.आई.टी. क्र. 107 निविदा क्र. 168737 दिनांक 16.05.2025 के निविदा सूचना प्रकाशन में त्रुटिवश एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित उल्लेखित हो गया है, जिसे Only original Furniture Manufacturers or his Authorized Dealer पढ़ा जावें ।
जी.नं. 252600997

हस्ता-
अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,
मंडल क्रमांक 1, रायपुर (छ.ग.)
जी- 252601130/3

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एन.आई.टी.क्र. /सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रु. (लाख में)
109/168215	SPECIAL REPAIR WORK OF B.T. & C.C. VARIOUS ROAD AT KHARORA & STEDIUM SECTION PARSADA, UNDER SUB DIVISION NO.-4 (ARANG), RAIPUR (C.G.) (प्रथम आमंत्रण)	रु. 50.00 लाख
105/168216	W.M.M. & B.T Patch Repair work on Various Roads Under Sub Dn. No. 3 Raipur (प्रथम आमंत्रण)	रु. 50.00 लाख
106/168217	B.T. PATCH REPAIR WORK ON VARIOUS ROADS UNDER ABHANPUR SUB DIVISION FOR THE YEAR 2025-26. (प्रथम आमंत्रण)	रु. 50.00 लाख
108/168219	WMM & B.T. PATCH REPAIR & WMM WORK ON VARIOUS ROAD AT ARANG-2 & KHARORA SECTION, UNDER SUB DIVISION NO.-4 (ARANG), RAIPUR (C.G.) (प्रथम आमंत्रण)	रु. 85.00 लाख
110/168220	S.R/M.O.W & DEPOSIT WORK IN RESIDENTIAL & NON RESIDENTAIL GOVT. BUILDING AT KABIR NAGAR SECTION, RAIPUR (C.G) (प्रथम आमंत्रण)	रु. 25.00 लाख
23/168647	ORDINARY MAINTAINANCE WORK FOR RES. & NON RES.BUILDING, AT MEKAHARA CAMPUS, UNDER P.W.D. CONSTRUCTION SUB. DIVISION-2 RAIPUR (C.G.) (द्वितीय आमंत्रण)	रु. 50.00 लाख
48/168832	0.15 MLD SEWAGE TREATMENT PLANT AT SHAHEED VIR NARAYAN SINGH INTERNATIONAL CRICKET STADIUM NAWA RAIPUR (C.G.) (द्वितीय आमंत्रण)	रु. 120.88 लाख

एन.आई.टी. क्र.109 सिस्टम टेन्डर नं. 168216, एन.आई.टी. क्र. 105 सिस्टम टेन्डर नं. 168216, एन.आई.टी. क्र.106 सिस्टम टेन्डर नं. 168217, एन.आई.टी. क्र. 108 सिस्टम टेन्डर नं. 168219 एवं एन.आई.टी. क्र.110 सिस्टम टेन्डर नं. 168220 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 11.06.2025 समय सायं 5:30 बजे तक एवं एन.आई.टी. क्र. 23 सिस्टम टेन्डर नं. 168647 एवं एन.आई.टी. क्र.48 सिस्टम टेन्डर नं. 1168832 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 06.06.2025 समय सायं 5:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

जी-252601131/3

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,
रायपुर मंडल क्र.-1, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना

दिनांक 23.05.2025

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा 'डी' श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु प्रथम निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 12.06.2025 तक है।

एन.आई.टी क्र. /निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	4
NIT NO. 70 Tender No. 168998	बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों में वाटर प्रुफिंग कार्य।	रू. 13.00 लाख
NIT NO. 71 Tender No. 168999	बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल भवन सेम्हराडीह, विकासखंड बलौदाबाजार भवन का निर्माण कार्य।	रु. 67.47 लाख
NIT NO.72 Tender No. 169000	भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न 08 मार्ग (एस.एच, व्ही.आर., एम.डी. आर.) लंबाई 109.95 कि.मी. में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य।	रू. 79.99 लाख
NIT NO. 73 Tender No. 169001	भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों में वाटर प्रुफिंग कार्य।	रू. 11.00 लाख
NIT NO. 74 Tender No. 169002	लोक निर्माण विभाग धमतरी के संभागीय कार्यालय में प्रथम तल में 02 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य।	रू. 13.09 लाख
NIT NO. 75 Tender No. 169003	धमतरी संभाग के अंतर्गत धमतरी, कुरुद एवं नगरी उपसंभाग के आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत एवं लघुमूल गौण कार्य।	रू. 25.00 लाख
NIT NO. 76 Tender No. 169004	कसडोल अनुविभाग अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत एवं लघुमूल गौण कार्य।	रू. 40.00 लाख
NIT NO. 77 Tender No. 169005	कसडोल अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न मार्ग एवं पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य।	रु. 35.00 लाख
NIT NO. 78 Tender No. 169006	जिला धमतरी के राजनांदगांव गुंडरदेही धमतरी नगरी सिहावा बोराई मार्ग (राज्य मार्ग क्र. 23) के कि.मी. 98/10 डायवर्सन रोड निर्माण कार्य रपटा एवं पुलिया सहित।	रु. 19.83 लाख
NIT NO. 79 Tender No. 169008	जिला जेल गरियाबंद जेल के कम्पाउंड वॉल की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य।	रू. 74.75 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट अन्य https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्युडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिड केपेसीटी उपलब्धता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारो द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का मोबाईल न. एवं इमेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रुप से करें।

जी-252601144/3 Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि रायपुर मण्डल-क्र. 2 (छ.ग.)
आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

कार्यालय जोन क्रमांक-3 नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

:: द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना ::

क्रमांक 06/न.पा.नि./जोन -03/2025-26 रायपुर, दिनांक 26.05.2025

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन तिथि - 05.06.2025 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक
2. निविदा प्राप्त करने की तिथि - 06.06.2025 कार्यालीयन समय 5.00 बजे तक
3. निविदा जमा करने की तिथि - 12.06.2025 कार्यालयीन समय 4.00 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथि - 12.06.2025 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक

कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का नाम	आगणित राशि (लाख में)	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	प्रपत्र एवं एस.ओ.आर. का विवरण	समयावधि	मद
01	जोन क्रमांक-03 अंतर्गत फंसे पावर पम्प निकालने का कार्य।	3.76	4000/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'स' (नान एस.ओ.आर.)	02 माह	संधारण मद

1. निविदा के दस्तावेज रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा।
2. कार्य से संबंधित अन्य जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में जोन क्रमांक-03 नगर पालिक निगम, रायपुर कार्यालय से प्राप्त की जा सकता है।
3. संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की ई-मेल आई.डी. datacenter.uad.cg@nic.in आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
4. उक्त निविदा नगर पालिक निगम, रायपुर के वेबसाईट nagarnigamraipur.nic.in में देखी जा सकती है।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-03
नगर पालिक निगम, रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टे. पा.डि.कं. लि. राजनांदगांव

:: आवश्यक सूचना ::

सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि मानसुन पूर्व विद्युत लाईनों एवं उपकरणों के आवश्यक सुधार कार्य हेतु निम्नलिखित क्षेत्रों में प्रातः 6.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक निम्न तालिका अनुसार दर्शाई गई तिथियों में विद्युत प्रदाय बंद रहेगी :-

क्र.	दिनांक	उपकेन्द्र का नाम/ फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	29.05.2025 (गुरूवार)	11 के.व्ही. हल्दी फीडर 11 के.व्ही. ममता नगर	सिंगदई बस्ती एवं. खार, हल्दी. बस्ती एवं खार. कुरूक्षेत्र, न्यू चन्द्रा कालोनी, मेडिकल कालेज, आशा नगर, जीवन आवास एवं आस-पास के क्षेत्र।
2	30.05.2025 (शुक्रवार)	11 के.व्ही. मोहड़ फीडर 11 के.व्ही. हास्पिटल फीडर	सिंगदई बस्ती एवं खार, मोहड़ बस्ती एवं खार, गाड़ा घाट एवं जंगलेश्वर। अंतर्राष्ट्रीय हाकी स्टेडियम, किल्लापारा, दुर्गा चौक, पटेल मोहल्ला, आडोटोरियम, सर्किट हाउस, राजीव नगर, हीरामोती लाईन, चौखडिया पारा, ओसवाल लाईन, सम्रथ भवन एवं आस-पास के क्षेत्र।
3	31.05.2025 (शनिवार)	11 के.व्ही. सनसिटी-1, सनसिटी-2 फीडर 11 के.व्ही.आरके नगर फीडर	सनसिटी कालोनी जीवन बी कालोनी, मुक्तागिरि, अर्बन रेसीडेंसी, कलेक्ट्रेड बंगला, एस.पी. बंगला, एबीस, जीवन हाईट्स, जज कालोनी, पिंसेस प्राईड एवं आस-पास के क्षेत्र।
4	02.06.2025 (सोमवार)	11 के.व्ही. नया ढाबा फीडर	पुराना ढाबा, नया ढाबा, मोतीपुर, श्याम रेसीडेंसी एवं आस पास के क्षेत्र।
5	03.06.2025 (मंगलवार)	11 के.व्ही. महामाया फीडर	महामाया चौक, चन्द्रा कालोनी, भवानी नगर, जीवन रेखा हास्पिटल, इंद्रपुरी, अनुपम नगर, स्टेडियम रोड, बैद्यनाथ कालोनी, जोगी नगर एवं आस पास के क्षेत्र।

टीप :- आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई/ बढ़ाई जा सकती है।

''असुविधा के लिए खेद है।''

'' स्वहित एवं राष्ट्रहित में विद्युत की बचत कीजिए ''

(आर.के. गोस्वामी)
कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा) संभाग
छ.ग.स्टे. पा. डिस्ट्री.कं. लिमि., राजनांदगांव

कोंडागांव-नारायणपुर राष्ट्रीय राज्यमार्ग 130 के निर्माण में विभागों की साठगांठ से हो रहा जमकर भ्रष्टाचार

■ समस्या का समाधान करें नहीं तो एनएच 130 में किया जाएगा अनोखा प्रदर्शन : नरेंद्र नाग

■ नवप्रदेश समाचार पत्र में कोंडागांव नारायणपुर राष्ट्रीय राज्यमार्ग -130 सड़क निर्माण में लापरवाही एवं अनियमितता की मामला प्रकाशित के बाद विपक्ष आया विभाग को घेरने, आम आदमी पार्टी से कार्यवाही के लिए जनदर्शन में सौंपा ज्ञापन

कोंडागांव/नवप्रदेश। आज आम आदमी पार्टी के बस्तर लोकसभा अध्यक्ष नरेन्द्र नाग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि कोंडागांव से नारायणपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 130 के निर्माण कार्य में ठेकेदार के द्वारा जानबूझकर लापरवाही पूर्वक डायवर्सन कार्य कर पूरी तरह से अपने फायदे को देखते हुए डामरीकृत डायवर्सन ना करवा कर मिट्टी मुरम को डालकर खुद लाभ कमा रहा है व जिम्मेदार इंजिनियर को लाभ पहुंचा रहा है बाकी क्षेत्र की जनता को मुर्ख समझ रखा है बारिश को नजर अंदाज कर करते हुए नियमों को ताक में रखकर पूल पुलियों का निर्माण करवाया रहा है जबकि निर्माण से पहले डामरीकरण डायवर्सन होना चाहिए ताकी यात्रायात सुचारू रूप से हो सके पर यहां तो ठेकेदार की मनमानी का नतीजा जनता व क्षेत्रवासियों को झेलना पड रहा है जिसका नतीजा आए दिन देखने को मिल रहा है ट्रको की लम्बी लाईनें यात्री बसें डायवर्शन में फंस रहे फिसल रहे हैं

या दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं जिसका खामियाजा यात्री बस व माइंस में लगे हजारों ट्रक जाम की स्थिति में फंस रहे हैं ओर समय बर्बाद हो रहा है साथ ही 2 दिन 3 दिन का समय बर्बाद हो रहा है जिसके कारण गाड़ी मालिकों को भी नुकसान हो रहा है वा यात्रा करने वाले जो यात्रियों को भी बड़ी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है

बीजेपी कांग्रेस की सरकारो ने नारायणपुर जिलेवासियों को अच्छी सड़कों के नाम पर खुब सपने दिखाये खुब झूठ बोले अपने अपने घोषणापत्र में वादे किये पर इनके दावे आज भी खोखले साबित हुये झूठ साबित हुये है कोंडागांव से नारायणपुर, नारायणपुर से ओरछा, नारायणपुर से अंतागढ़ की सड़कों के चमड़ी उधेड़ कर माइंस प्रबंधन को फायदा पहुंचाने के सिवाय कुछ नहीं कर पाये बीजेपी हो या कांग्रेस के नेता बस जनता के बीच जाकर डिंगे हांककर खुद ही कमीशन के लालच में नारायणपुर जिले से जोड़ने वाली सड़कों का बदहाल करने में सहभागिता दिखाये है आज इन सड़कों के लिए के झूठे वादों से जीतकर आने वाले जनप्रतिनिधियों का सफर हेलीकॉप्टर से लग्ज़री गाड़ियों से नारायणपुर आते जाते है इन्हें क्षेत्रवासियों की चिंता ही नहीं है

आम आदमी पार्टी के बस्तर लोकसभा अध्यक्ष नरेन्द्र नाग ने आगे कहां की जिला प्रशासन नारायणपुर भी गैरजिम्मेदार नजर आ रही है साथ ही एनएच के जिम्मेदार अधिकारियों के आंखों में पट्टी बंधी हुई है इन्हें भी चिंता नहीं है लगता है जिम्मेदार सभी मिल बैठकर कमीशनखोरी में व्यस्त हैं या हो सकता है नारायणपुर जिलेवासियों को अभी भी अबुझ समझकर जानबूझकर धोखा दिया जा रहा है कलेक्टर महोदया चाहे तो कल के कल ठेकेदार को डामरीकरण डायवर्सन कराकर क्षेत्रवासियों को व ट्रक मालिक यात्री बसों को राहत पहुचा सकती हैं पर कलेक्टर महोदया भी क्षेत्रवासियों की दर्द से अंजान बनी हुई है आम आदमी पार्टी की बातो को समय रहते जिला प्रशासन नारायणपुर व एनएच विभाग के अधिकारी व्यवस्था सुधार नहीं करते हैं तो आम आदमी पार्टी नारायणपुर के कार्यकर्ता हो रहे निर्माण स्थल के डायवर्सन में जाकर अनिश्चितकालीन चक्काजाम करने बाध्य होंगे समय रहते डायवर्सन में डामरीकरण करें व सड़क में यात्रायात सुचारू रूप से संचालित करे।

संक्षिप्त खबरें

नाली निर्माण कार्य का पालिका अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। बरोंडा चौक से कलेक्टर कॉलोनी तक सड़क चौड़ीकरण व पीएचई के सामने से बड़ी नाली निर्माण कार्य का नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने औचक निरीक्षण किया। निर्माण में लगे ठेकेदार को उन्होंने पानी निकासी के लिए ढलान पर विशेष ध्यान देने को कहा है। साथ ही भविष्य में नाली ओवर फ्लो ना हो यह ध्यान रखकर नाली निर्माण करने के सख्त निर्देश दिए। इस दौरान सब इंजीनियरों एवं सुपरवाइजर्स को उन्होंने कड़ी निगरानी के निर्देश देते हुए कहा कि सड़क के जद में आने वाले विद्युत पोलों के शिफ्टिंग कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। नपाध्यक्ष ने कहा कि नगरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग बरोंडा चौक से कलेक्टर कॉलोनी तक सड़क का सौंदर्यीकरण व चौड़ीकरण कार्य हो रहा है। चौड़ीकरण होने से आवागमन में सुगमता होगी तथा दुर्घटनाओं में कमी आएगी। अतः सभी यह ध्यान रखें कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही ना हो तथा गुणवत्तापूर्ण निर्माण हो सके। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य होते तक प्रतिदिन वे स्वयं परिषद के सदस्यों के साथ निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के दौरान सभापति गुलशन साहू, सभापति जय देवांगन, पार्षद नीरज चंद्राकर आदि उपस्थित रहे।

बाइक से गांजा ले जा रहे थे, दो गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। सिंघोड़ा पुलिस ने शनिवार को बाइक सवार दो लोगों को 4 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक एक्ट 20(ख) के तहत कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार सिंघोड़ा पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान शनिवार रात मुखबिर की सूचना पर बाइक क्रमांक सीजी 07 ए डब्लू 7919 की एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल में नाकेबंदी की। बाइक सवारों ने नाम-पता वार्ड 40 केला बाड़ी इरानी डेरा पद्मनामभपुर थाना पद्मनामभपुर जिला दुर्ग निवासी रामजी कोशले (24) व वार्ड नंबर 40 सिविल लाईन सांई मंदिर के पास पद्मनामभपुर थाना पद्मनामभपुर जिला दुर्ग निवासी शेष नारायण यादव (30) बताया। पुलिस ने जब बाइक की तलाशी ली तो बाइक की सीट में 04 किलो गांजा (कीमत 60 हजार रुपए) मिला।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में खेल संघों और संस्थाओं के माध्यम से ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हैंडबॉल, बास्केटबॉल, फुटबॉल, रग्बी, सॉफ्टबॉल, हॉकी, लॉन टेनिस, एथलेटिक्स, तीरंदाजी, ताइक्कांडो, कराते, शतरंज, योगा खेल शामिल होंगे। मिनी स्टेडियम महासमुंद में बॉस्केटबाल, हैंडबॉल, हॉकी, बॉल बैडमिंटन, नेटबॉल, फॉरेस्ट विद्यालय में लॉन टेनिस, बैडमिंटन, कराते क्लॉस, खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर भोरिंग में तीरंदाजी, मुख्यालय में फुटबॉल, ताइक्कांडो, तुमगांव में सॉफ्टबॉल एवं रग्बी, शाउमावि बेमचा में हॉकी एवं बॉल बैडमिंटन, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मचेवा में शतरंज एवं एसबीआई ऑफिस के ऊपर में योगा इत्यादि खेलों का आयोजन किया जा रहा है। खेलों को संचालित करने में सहयोगी एवन कुमार साहू तीरंदाजी प्रशिक्षक खेलो इंडिया सेंटर, सैय्यद इमरान अली, अंकित लूनिया, नीलेश पांडे, शुभम तिवारी, संदीप पटले, सत्यनारायण दुर्गा, घनश्याम सोनी, अंजनी साहू, राजेश दीवान, डॉ सेवन दास मानिकपुरी, भीषम माण्डले, नीलकंठ साहू, गणेश राम कोसरे, अभिषेक अंबिलकर, छन्नू साहू, लालू सोनवानी, आनंद वैष्णव, डॉ. सुनील कुमार भोई इत्यादि व्यायाम शिक्षक, प्रशिक्षक, सचिव, सीनियर खिलाड़ी द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

पेंशनरों की समस्याओं और मांगों को लेकर बैठक

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कें पेंशनरों की समस्याओं और मांगों को लेकर पेंशनरों की रविवार को बैठक हुई । छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, पेंशनर्स फोरम (सेवा के साथ भी, सेवा के बाद भी) की प्रथम प्रांतीय बैठक कार्यालय छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ, शंकर नगर, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निवास के सामने आयोजित की गई । पेंशनर्स फोरम के प्रांताध्यक्ष बीपी शर्मा ने बताया कि बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों की विभिन्न समस्याओं एवं उनके निराकरण पर चर्चा की जावेगी। साथ ही पेंशनर्स के कल्याण हेतु योजनाओं पर चर्चा कर निर्णय लिया जावेगा। बैठक में कमल वर्मा, प्रदेश संयोजक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में प्रांतीय पदाधिकारी, संभागीय पदाधिकारी एवं जिला संयोजक उपस्थित थे।

रेल मंडल में विश्व पर्यावरण दिवस अभियान मनाया जा रहा

रायपुर /नवप्रदेश। रायपुर मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस अभियान 2025 (22 मई से 5 जून) के अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर पर्यावरण संरक्षण हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है । इस वर्ष का अभियान केवल एक दिन तक सीमित न होकर एक विस्तारित चरणबद्ध में क्रियान्वित किया जा रहा है, जिसमें चरणबद्ध रूप से जागरूकता, संवाद, और व्यवहार परिवर्तन पर केंद्रित गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 25 मई 2025 को यात्रियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत जागरुकता रैली का आयोजन किया गया।

वन्यजीव के शिकार का प्रयास आरोपियों को भेजा जेल

■ वन विभाग की बड़ी कार्रवाई,

■ शिकारियों से वाहन,बंदूक और सामग्री किया जब्त

कसडोल /नवप्रदेश। जिले के वन विभाग की टीम द्वारा वनमंडलाधिकारी बलौदाबाजार गणवीर धम्मशील के निर्देश पर वन्य प्राणियों की शिकार करने के प्रयास करते दो आरोपियों को गिरफ़्तार कर वन संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई । वन विभाग की टीम द्वारा वन एवं वन्यप्राणियों के सुरक्षा हेतु रात में वन गश्त के दौरान परिक्षेत्र कोठारी बारनवापारा अभ्यारण्य क्षेत्र के कक्ष क्रमांक 223 पूर्व कोठारी एवं परिक्षेत्र सोनाखान के नवागांव के आरक्षित वन क्षेत्र में कक्ष क्रमांक 247 वनोपज जांच नाका नवागांव में रात्रि 10:30 बजे कोठारी क्षेत्र से आ रहे वेगानार वाहन को रोककर जांच किया गया। जिसमें बंटी कुमार मैथ्यूज वल्द आर्थर बेंजामिन ग्राम कटगी तहसील कसडोल जिला बलौदाबाजार,सुरेंद्र फरमान दास वल्द राजेंद्र कुमार दास सुभाष ब्लॉक कोरबा द्वारा अपने वेगानार क्रमांक छ्त्त-12ट - 1332 के अन्दर एयर गन , टॉर्च, 2नग मोबाइल आदि सामग्री बरामद हुई।आरोपियों द्वारा उक्त सामग्री को बारनवापारा अभ्यारण्य क्षेत्र में शिकार करने के उद्देश्य से रखा गया था जिसको वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 एवं आयुध अधिनियम 1959 के तहत कार्यवाही किया गया। उपरोक्त दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रथम श्रेणी बलौदाबाजार के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय बलौदाबाजार के द्वारा दोनों आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल दाखिला किया गया।

वनमंडलाधिकारी के निर्देशन पर लगातार वन और वन्यजीव अपराध पर कड़ी निगरानी एवं लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इस कार्यवाही में परिक्षेत्र अधिकारी कोठारी जीवन लाल साहू महेंद्र लाल यादव, योगेश कुमार साहू, बिमलेश वर्मा, बुद्धेश्वर दिवाकर, खगेश्वर ध्रुव, भूपेन्द्र बंजारे तथा सुरक्षा श्रमिकों एवम् स्थानीय ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा।

सुहागिनों ने पति के दीर्घायु के लिए रखा वट सावित्री व्रत

■ पूजा-अर्चना कर वट वृक्ष पर बांधा रक्षा सूत्र

महासमुंद /नवप्रदेश। सुहागिन महिलाओं ने आज पति की दीर्घायु के लिए वट सावित्री का उपवास रख कर शुभ मुहूर्त में पूजा-अर्चना की और वट वृक्ष पर रक्षा सूत्र बांधा।

बता दें कि सुहागिनों के मुख्य त्यौहार में से एक वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को होता है, जो इस वर्ष आज 26 मई को है। ज्येष्ठ मास में पड़ने वाले व्रतों में वट अमावस्या को बेहद उत्तम व प्रभावी व्रतों में से एक माना गया है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस व्रत में सावित्री माता की पूजा की जाती है, जो यमराज से अपने पति के प्राण वापस ले आई थीं। इस व्रत से महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना करती है। आज सुहागिन महिलाओं ने श्रृंगार कर नये परिधान पहनकर वट वृक्ष की परिक्रमा कर विधिवत पूजा-अर्चना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, ऐसा करने से पति के जीवन में आने वाली हर बाधाएं विपदाएं दूर होती हैं और सुख-समृद्धि के साथ लंबी आयु की प्राप्ति होती है। व्रत को लेकर कुछ दिनों पूर्व से ही शहर में विभिन्न स्थानों पर उससे संबंधित सामग्रियों का बाजार सज गया था एक ओर जहां पूजा सामग्रियों के लिए कई स्थानों पर पसरा लगा हुआ था वहीं, दूसरी ओर फल, श्रृंगार, कपड़े आदि के दुकानों में भी महिलाओं की भीड़ दिखाई दे रही थी।

रायपुर/नवप्रदेश। भावना नगर रायपुर में वट सावित्री की पूजा-अर्चना करती सुहागिन।

पूरा परिवार किराना दुकान की आड़ में कर रहा गांजा तस्करी

पेंड्रा /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पेंड्रा जिले में एक किराना दुकान की आड़ में गांजा बिक्री के गोरख धंधे का पर्दाफाश हुआ है। मुखबिर की सूचना पर कोटमी में एंटी नॉरकोटिक्स टास्क फोर्स और साइबर सेल जीपीएम की संयुक्त टीम ने दबिश देकर आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पेंड्रा के कोटमी चौकी के ग्राम पथर्रा बस स्टैंड पर एक किराना दुकान की आड़ में आरोपी गांजा बिक्री कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और साइबर सेल जीपीएम की संयुक्त टीम ने दबिश देकर 4 आरोपियों सीमा गुप्ता, उसकी बेटी रेणु गुप्ता, बेटा हिमांशु गुप्ता और सहयोगी अथर गिरी उर्फ अजय को गांजा और नकद राशि के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

एयरपोर्ट में पीने के साथ होगा खाने के लिए रेस्टोरेंट भी

रायपुर /नवप्रदेश। रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानपत्तन (एयरपोर्ट) पर यात्रियों और आगंतुकों के लिए पीने-पिलाने के साथ शानदार भोजन की व्यवस्था शुरू हो जाएगी। राज्य सरकार के आबकारी विभाग ने एयरपोर्ट पर यह इंतजाम करने के लिए पायलेट प्रोजेक्ट के तहत हवाई अड्डे में शराब बिक्री के लिए लाइसेंस देने का नियम बनाया है। उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें, तो अगले महीने यानी जून से एयरपोर्ट पर शराब की बिक्री शुरू होगी।

आबकारी प्रशासन के उच्च पदस्थ सूत्रों ने हरिभूमि को बताया कि एयरपोर्ट पर

जून से रेस्टोरेंट बार शुरू करने का लक्ष्य है। खास बात ये है कि सरकार ने पिछले वित्त वर्ष यानी 2024-25 में विमानतल पर रेस्टोरेंट बार का लाइसेंस जारी करने का प्रावधान रखा था। अब वर्ष 2025-26 के लिए एफएल 3 (घ) विमानपत्तन रेस्टोरेंट के लिए अनुज्ञप्ति स्वीकृति के साथ यहां नया कारोबार शुरू होगा।

पीने की व्यवस्था वाला छत्तीसगढ़ का पहला एयरपोर्ट : राज्य गठन के बाद ये पहला अवसर है, जब प्रदेश के किसी एयरपोर्ट पर रेस्टोरेंट में भोजन के साथ पीने-पिलाने की व्यवस्था होने जा रही है। छत्तीसगढ़ के किसी भी एयरपोर्ट पर अब तक ये इंतजाम नहीं हो पाया है। वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि देश के बड़े शहरों में जिस प्रकार विमानतल पर शराब बेची जा जाती है, वैसे ही रायपुर में भी करने की तैयारी है।

इस नियम से होगा बार-रेस्टोरेंट का संचालन : विमानपत्तन रेस्टोरेंट बार अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) एयरपोर्ट के अंदर स्थित रेस्टोरेंट को जिसके पास रेस्टोरेंट एवं बार संचालन के लिए एयरपोर्ट ऑथारिटी का अनापत्ति प्रमाणपत्र हो, को ही दिया जाएगा। यह रेस्टोरेंट ऐसी जगह पर होगा, जहां विमानतल परिसर के भवन के अंदर रेस्टोरेंट में आगंतुकों, ग्राहकों को भोजन या हल्के भोजन के साथ लाइसेंस क्षेत्र में पीने के लिए विदेशी शराब बेची जाएगी।

सीवीआरयू में सेट ऑनलाइन परीक्षा के माध्यम से लिया जाएगा प्रवेश

■ उत्कृष्ट विद्यार्थियों को 75 हजार 50 हजार 25 हजार पुरस्कार

■ होनहार विद्यार्थियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

बिलासपुर/नवप्रदेश । डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में इस सत्र से सीवीआरयू- सेट ऑनलाइन परीक्षा के माध्यम से प्रवेश लिया जाएगा। इसके लिए सीवीआरयू -सेट प्रतियोगी परीक्षा प्रदेश के सभी 10वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए शासकीय और अशासकीय और स्नातक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाएगी । इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शुल्क में 10त्न से लेकर 70त्न तक छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। साथ ही साथ बेहतर प्रदर्शन करके प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 75,000 , द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 50,000 एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को ?25,000 पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा 500 विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ सी सी रमन विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि , विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष टैलेंट सर्च कंपटीशन का आयोजन किया जाता है। पूरे प्रदेश के कक्षा दसवीं और कक्षा 12वीं के विद्यार्थी इसमें हिस्सा लेते हैं, और उन्हें प्रोत्साहन के लिए नगद पुरस्कार भी प्रदान किया जाता है । उसके स्थान पर अब सीवीआरयु- सेट परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की जाएगी, जिसमें पंजीयन अनिवार्य होगा। यह पंजीयन पूर्णता निशुल्क है । इस परीक्षा में प्रदेश के सभी निजी विद्यालय एवं शासकीय विद्यालय के 10वीं 12वीं के प्रतिभागी शामिल हो सकेंगे । साथ ही साथ स्नातक स्तर के विद्यार्थी भी स्नातकोत्तर परीक्षा में प्रवेश लेने के लिए इस परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि सीवीआरयू सेट परीक्षा में विशेष कर इंजीनियरिंग, प्रबंधन, आईटी ,साइंस, सोशल साइंस, संकाय के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। कुल सचिव डॉ अरविंद तिवारी ने बताया, कि इस परीक्षा प्रतियोगी परीक्षा के आयोजन का उद्देश्य यह भी है, कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दिशा निर्देश के अनुसार स्नातक और स्नातकोत्तर परीक्षा में शैक्षणिक चयन प्रक्रिया को पालन किया जाए ,इसी तरह राष्ट्रीय स्तर के पात्रता परीक्षा cuet / gate एवं अन्य परीक्षाओं के साथ विश्वविद्यालय से संबंधित विषय के लिए आयोजित परीक्षा में भाग लेकर यूजीपीजी में इच्छा अनुसार चयन का प्रवेश ले सकते हैं। इस संबंध में जानकारी के लिए हेल्प डेस्क इंक्वारी नंबर भी जारी किए गए हैं। जिसमें रायपुर, जगदलपुर, भिलाई, राजनांदगांव, बिलासपुर, अंबिकापुर, कोरबा और रायगढ़ शामिल है। परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले प्रथम स्थान से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थी को 75,000 पुरस्कार दिया जाएगा । इसके साथ-साथ 500 विद्यार्थियों को शाना पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।

सेक्स रैकेट : फरार होटल संचालक कुणाल बाग और सुमित बावरिया गिरफ्तार

रायपुर /नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के गंज थाना क्षेत्र में अनैतिक देह व्यापार के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। होटल आदित्य गेस्ट हाउस और गगन ग्रैण्ड में चल रहे संगठित देह व्यापार रैकेट का खुलासा होने के बाद फरार चल रहे मुख्य आरोपी होटल संचालक कुणाल बाग और उसके पार्टनर सुमित बावरिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसमें दो महिलाएं भी शामिल थीं। रेड के दौरान छह आरोपी हुए थे गिरफ्तार पुलिस सूत्रों के अनुसार, गंज थाना और एंटी क्राइम एवं साइबर यूनिट की संयुक्त टीम ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर होटल गगन ग्रैण्ड और होटल आदित्य गेस्ट हाउस में एक साथ छापा मारा था। यह कार्रवाई अनैतिक देह व्यापार (सिट एक्ट) 1956 की धाराओं 3, 4, 5, 7 के तहत की गई थी। रेड के दौरान दो महिला सहित कुल छह आरोपी गिरफ्तार किए गए थे, जिनके पास से चार मोबाइल फोन और नगद राशि जब्त की गई थी। मुख्य आरोपी कुणाल और सुमित घटना के बाद से थे फरार प्रथम चरण की कार्रवाई के बाद से ही इस गिरोह के मुख्य सरगना कुणाल बाग उर्फ कुशाध्वज बाग (42 वर्ष) निवासी फाफाडीह, रायपुर और सुमित बावरिया (40 वर्ष) निवासी देवेंद्र नगर, रायपुर फरार थे। पुलिस की टीम लगातार दोनों आरोपियों के ठिकानों पर दबिश देती रही और आखिरकार उन्हें रायपुर शहर में ही छिपा होने की पुख्ता सूचना मिली। सूचना मिलते ही गंज थाना और साइबर यूनिट की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों फरार आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान उन्होंने होटल के जरिए अनैतिक देह व्यापार संचालित करने की बात स्वीकार की। घटना में प्रयुक्त मोबाइल भी बरामद पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से तीन मोबाइल फोन जब्त किए हैं, जिनका उपयोग ग्राहक से संपर्क और दलालों के साथ संवाद के लिए किया जा रहा था। पुलिस को संदेह है कि मोबाइल में मौजूद डेटा से अन्य सहयोगियों और ग्राहकों की जानकारी भी सामने आ सकती है। इस आधार पर पुलिस अब डिजिटल फॉरेंसिक जांच की तैयारी कर रही है। होटल कारोबार की आड़ में चल रहा था रैकेट प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कुणाल बाग और सुमित बावरिया लंबे समय से होटल व्यवसाय की आड़ में यह अनैतिक कारोबार चला रहे थे। दोनों आरोपी न केवल कमरे मुहैया कराते थे, बल्कि ग्राहक और महिलाओं के बीच सौदेबाजी में भी शामिल रहते थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com